3 राजधानी
सामने आए 386 नए केस

6 अभिमत
महात्मा गांधी की राजनीति

10 स्पोर्ट्स
बढ़ती जा रही है चोटिलों की सूची

11 विदेश
क्यूबा आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 68
नई दिल्ली, बुधवार, 13 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई को आगे आए सोनू सूद
विविध-12

www.dailypioneer.com

# कृषि कानूनों के अमल पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

### ● सरकार को झटका शीर्ष अदालत ने कहा- गतिरोध खत्म करने के लिए कृषि विशेषज्ञों की कमेटी अब किसानों से करेगी बातचीत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आंदोलनकारी** किसानों ने मंगलवार को एक बड़ी जीत हासिल की जब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के पुरजोर विरोध के बावजूद अगले आदेश तक कृषि कानूनों के अमल पर रोक लगा दी। अदालत ने किसानों की मांगों को सुनने तथा गतिरोध को खत्म करने की सिफारिश के लिए एक चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

अदालत ने कहा कि सरकार और किसान संगठनों के बीच बातचीत का अभी तक कोई हल नहीं निकला और उसके इस आदेश के बाद किसानों को बातचीत की मेज तक आने का हौसला मिलेगा। बहरहाल किसान संगठनों ने किसी कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी से किसी भी बातचीत को पहले ही खारिज कर दिया है और यहां तक कि अपने वकीलों को भी मंगलवार की सुनवाई में भाग लेने के लिए नहीं भेजा। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एक बेंच ने कहा, 'यह रोक किसानों की आहत भावनाओं पर मरहम का काम कर सकती है तथा उन्हें आत्मविश्वास के साथ बातचीत के लिए आगे आने का हौसला दे सकती है।' पीठ ने इस समिति के लिये भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह मान, शेतकारी संगठन के अध्यक्ष अनिल घनवट, दक्षिण एशिया के अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ प्रमोद जोशी और कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी के नामों की घोषणा की। पीठ ने कहा कि इस बारे में विस्तृत आदेश पारित किया जायेगा। जिन तीन नये कृषि कानूनों को लेकर किसान आन्दोलन कर रहे हैं, वे कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार, कानून, 2020, कृषक उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) कानून, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून हैं। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी ताकत उसे इस तरह की समिति गठित करने से रोक नहीं सकती। साथ ही पीठ ने आन्दोलनरत किसान संगठनों से इस समिति के साथ सहयोग करने का अनुरोध भी किया।

न्यायालय द्वारा नियुक्त की जाने वाली समिति में आन्दोलनरत किसान संगठनों के शामिल नहीं होने संबंधी खबरों के परिप्रेक्ष्य में शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि जो वास्तव में इस समस्या का समाधान चाहते हैं वे समिति के साथ सहयोग करेंगे। पीठ ने कहा कि हम देश के नागरिकों की जान माल की हिफाजत को लेकर चिंतित हैं और इस समस्या को हल करने का प्रयास कर रहे हैं। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान न्यायपालिका और राजनीति में अंतर को भी स्पष्ट किया और किसानों से कहा कि यह राजनीति नहीं है। न्यायालय ने साफ कहा कि किसानों को इस समिति के साथ सहयोग करना चाहिए। पीठ को जब यह (शेष पेज 9)

## कमेटी के चारों सदस्य रहे हैं कृषि कानूनों के समर्थक



भूपिंदर सिंह मान | अशोक गुलाटी | डॉ. प्रमोद जोशी | अनिल घनवट

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**किसान** आंदोलन को लेकर जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंगलवार को गठित समिति के चारों सदस्य कुछ संशोधनों के साथ सरकार के नए कृषि कानूनों के मुखर समर्थक रहे हैं।

इस कमेटी में भारतीय किसान यूनियन के भूपिंदर सिंह मान, शेतकरी संगठन के अनिल घनवट, इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट के दक्षिण एशिया के पूर्व निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार जोशी तथा कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी सदस्य हैं। इनमें भूपिंदर सिंह मान ही केवल ऐसे सदस्य हैं जिन्होंने कुछ संशोधनों के साथ कानूनों के अमल का समर्थन किया है। अशोक गुलाटी कृषि बाजारों के विनियमन के सबसे मुखर समर्थक रहे हैं। गुलाटी कृषि अर्थशास्त्री हैं और 2015 में पद्मश्री से सम्मानित किए जा चुके हैं।

वे इंडिया काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशन (आईसीआईईआर) के कृषि के लिए इंफोसिस चेयर प्रोफेसर हैं। गुलाटी अटल बिहारी वाजपेयी के शासन काल में आर्थिक सलाहकार परिषद में सबसे युवा सदस्य थे। मई 2020 में जब कानूनों पर विचार ही चल रहा था तो उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस में एक लेख में लिखा था 'हमें ऐसे कानून की जरूरत है जो किसानों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए और विकल्प दे।' उन्होंने लिखा 'बदलाव से किसानों को बेहतर रिटर्न (शेष पेज 9)

## अमित शाह से मिले खट्टर और दुष्यंत

**नई दिल्ली।** तीन कृषि कानूनों को लेकर राजधानी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर जारी किसानों के प्रदर्शनों के बीच मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इन नेताओं की मुलाकात ऐसे दिन हुई जब उच्चतम न्यायालय ने तीनों कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और किसानों के बीच जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए एक समिति का भी गठन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि खट्टर और चौटाला ने शाह से मुलाकात की और चर्चा की। ज्ञात हो कि खट्टर को रविवार को हरियाणा के करनाल में किसानों के हिंसक प्रदर्शन के कारण एक जनसभा को स्थगित करना पड़ा था। समझा जाता है कि दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जननायक जनता पार्टी के विधायक प्रदर्शनकारी किसानों के दबाव में हैं।

## किसानों ने कमेटी को किया खारिज सदस्यों को सरकार समर्थक बताया



सिंघू बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते किसान नेता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● समिति के समक्ष नहीं होंगे पेश, जारी रखेंगे अपना आंदोलन
### ● सरकार के साथ 15 जनवरी को होने वाली बैठक में होंगे शामिल

**नए** कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसान संगठनों ने गतिरोध तोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति को मंगलवार को मान्यता नहीं दी और कहा कि वे समिति के समक्ष पेश नहीं होंगे और अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

सिंघू बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने दावा किया कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित समिति के सदस्य 'सरकार समर्थक' हैं। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले अगले आदेश तक विवादास्पद कृषि कानूनों को लागू करने पर रोक लगा दी और केंद्र तथा दिल्ली की सीमाओं पर कानून को लेकर आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए चार (शेष पेज 9)

## कोविड-19 के चार और टीके प्रक्रियाधीन हैं: स्वास्थ्य मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि कोविड -19 के चार और टीके प्रक्रियाधीन हैं तथा उनके विनिर्माता आपात इस्तेमाल की अनुमति के वास्ते दवा नियामक से संपर्क कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने यहां एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जायडस कैडिला, स्पूतनिक वी, बायोलोजिकल ई और जेन्नोवा अन्य प्रक्रियाधीन टीके हैं जो भारत में क्लीनिकल परीक्षणों के अग्रिम चरणों में हैं। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में इनमें से कुछ टीकों के लिए आपात उपयोग अनुमति के वास्ते दवा नियामक से आवदेन किया जा सकता है। बातों को और स्पष्ट करते हुए भूषण ने कहा कि जायडस कैडिला ने अपने कोरोना वायरस टीके के दूसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण को पिछले साल दिसंबर में पूरा कर लिया और उसे अब तीसरे चरण की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा कि इसी तरह रूस के स्पूतनिक-वी कोविड-19 टीके का दूसरे चरण का परीक्षण भी पूरा कर लिया (शेष पेज 9)

# टीके की दो खुराकों के बीच 28 दिन का होगा अंतराल

### ● सरकार ने दी जानकारी, दूसरी डोज के 14 दिन बाद वैक्सीन का होगा असर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोगों** को कोविड-19 के दो टीके लगाए जाएंगे। दूसरा टीका 28 दिनों के बाद लगेगा और दूसरा टीका लगने के 14 दिनों के बाद उसका असर शुरू होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 16 जनवरी से षुरू होने वाले महा टीकाकरण अभियान से पहले मंगलवार को कहा कि लोग कोविड-19 से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करना जारी रखें।

पहले चरण में करीब तीन करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों और कोरोना योद्धाओं को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत ने हाल ही में दो टीकों के आपात उपयोग की अनुमति दी है।



कोरोना टीके की पहली खेप नई दिल्ली के राजीव गांधी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में ले जाते कर्मचारी

एक टीका ऑक्सफोर्ड का कोविशील्ड है, जिसका उत्पादन भारत में पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया में हो रहा है और दूसरा है कोवैक्सीन, जिसका निर्माण हैदराबाद की कंपनी भारत बायोटेक कर रही है। मंत्रालय के अनुसार, दोनों टीकों के सुरक्षित और प्रभावी होने की पुष्टि हुई है। नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वी.के. पॉल ने कहा कि इन दोनों टीकों का हजारों लोगों पर परीक्षण किया गया है और दोनों सुरक्षित हैं और उनसे कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें इस पर कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि जिन दो टीकों को मंजूरी दी गई है, वे सबसे सुरक्षित हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेष भूषण ने पहले कहा था कि कोविड-19 का टीकाकरण चरणबद्ध तरीके से होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी (करीब एक करोड़) सर्वोच्च प्राथमिकता में होंगे। उसके बाद अन्य कोरोना योद्धा (करीब दो करोड़), आयु के (शेष पेज 9)

## भारत ने आतंकवाद को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान को घेरा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद को उचित ठहराने और उसका महिमामंडन करने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। भारत ने पाकिस्तान में छिपे आतंकवादी दाउद इब्राहिम का परोक्ष तौर पर हवाला देते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि 1993 के मुंबई बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार आपराधिक गिरोहों को केवल सरकार का संरक्षण ही नहीं मिल रहा बल्कि वे पांच सितारा आतिथ्य का आनंद उठा रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने डिजिटल तरीके से बैठक को संबोधित करते हुए कहा, सबसे पहले हमें आतंकवाद के खिलाफ मुकाबले के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखानी होगी। इस लड़ाई में किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, आतंकवाद को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता, ना ही इसका गुणगान किया जा सकता है। सभी सदस्य राष्ट्रों को आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं और समझौते का पालन करना चाहिए।

# मप्र के मुरैना में जहरीली शराब से 12 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** मुरैना, भोपाल

**मध्य प्रदेश** में मुरैना जिले के दो गांवों मानपुर और पहावाली में सोमवार रात को कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से 12 लोगों की मौत हो गई और सात लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) राजेश हिंगनकर ने बताया कि संदिग्ध अवैध शराब पीने से 12 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रुप से बीमार हो गए।

उन्होंने कहा कि भादवि की धारा 304 और आबकारी अधिनियम की संबद्ध धाराओं में मामला दर्ज किया गया है तथा जांच और पूछताछ के लिए कुछ व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया गया है। मध्यप्रदेश में बीते तीन माह में इस तरह की यह दूसरी घटना हैष इससे पहले अक्टूबर माह में उज्जैन में जहरीली शराब पीने से 14 लोग मारे गए थे। घटना को गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक ट्वीट में मुरैना के जिला आबकारी अधिकारी को निलंबित करने की घोषणा की। चौहान ने ट्वीट किया, मुरैना की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखदाई है। मामले की जांच जारी है, लेकिन प्रथम दष्टया सुपरविजन में लापरवाही



मुरैना में जहरीली शराब से मरे लोगों के शवों के पास बैठे उनके परिजन

बरतने पर जिला आबाकारी अधिकारी को निलंबित किया गया। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, जो भी दोषी होंगे, वो छोड़े नहीं जाएंगेष हम कठोर कार्वाई करेंगे। इस बीच, अवैध शराब के सेवन से 12 लोगों की मौत होने और सात अन्य के घायल होने पर एक पुलिस अधिकारी को भी निलंबित किया गया है। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि घटना की जांच के लिए एक दल वहां भेजा जा रहा है। मिश्रा ने ट्वीट में कहा, मुरैना में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की घटना बेहद दुखद और पीड़ादायक है। इस मामले में संबंधित थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। जांच के लिए अलग से एक दल भी भेजा जा रहा है।

घटना के लिए जिम्मेदार कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने भी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, शराब माफियाओं का कहर जारी। इससे पहले मंगलवार सुबह को जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने बताया कि यह घटना जिला (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,517 | ↑ 247 |
| निफ्टी | 14,563 | ↑ 78 |
| सोना | 48,946 | ↑ 297 /10g |
| चांदी | 65,380 | ↑ 1404 /kg |

## क्विक न्यूज

### नेपाल के विदेश मंत्री कल से भारत दौरे पर

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली बृहस्पतिवार को अपने तीन दिवसीय दौरे के लिए भारत पहुंचेंगे। इस दौरान वह नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की छठी बैठक मे भाग लेंगे। साथ ही अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ सीमा और कोविड-19 सहयोग समेत अन्य द्वीपक्षीय संबंधो पर चर्चा करेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली द्वारा पिछले साल विवादित नया नक्शा प्रकाशित किए जाने के चलते उभरे सीमा विवाद के बाद इस देश के पहले वरिष्ठ नेता है जो भारत का दौरा करेंगे। इस विवादित नक्शे में भारतीय क्षेत्र लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल का हिस्सा दर्शाया गया था। नेपाल के इस कदम पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी और उसके दावे को खारिज किया था।

# ड्रग्स मामले में पूर्व मंत्री का बेटा आदित्य अल्वा गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में हाई प्रोफाइल ड्रग्स मामले में एक आरोपी आदित्य अल्वा को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जब से राज्य की पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों, आपूर्तिकर्ताओं और रेव पार्टी आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है तब से ही पूर्व मंत्री दिवंगत जीवराज अल्वा का बेटा आदित्य अल्वा पिछले पांच महीनों से फरार चल रहा था।

उसे चेन्नई में सोमवार की रात को एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "कॉटनपेट पुलिस थाने में दर्ज ड्रग मामले में फरार चल रहे आरोपी आदित्य अल्वा को चेन्नई में गिरफ्तार किया गया। कन्नड़ फिल्म अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी, संजना गलरानी, पार्टी आयोजक वीरेन खन्ना, आदित्य अग्रवाल, आरटीओ क्लर्क के रविशंकर, कुछ नाइजीरियाई नागरिकों और कई अन्य लोगों को पहले ही इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि, आदित्य अल्वा फरार चल रहे थे। हेब्बल में उसके विशाल बंगले सहित कई स्थानों पर तलाशी ली गई।

इसके अलावा बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के मुंबई स्थित आवास की भी तलाशी ली गई, जो अल्वा के बहनोई हैं। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा पिछले साल नशीले पदार्थ के साथ बेंगलुरु से तीन लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों, और उपभोक्ताओं पर कार्रवाई शुरू की थी। तीनों ने एनसीबी के अधिकारियों को बताया था कि वे कन्नड़ फिल्म अभिनेताओं और गायकों को नशीले पदार्थों की आपूर्ति कर रहे थे।

# किसी भी स्थिति से निपटने को सेना तैयार: नरवणे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● सेनाध्यक्ष ने कहा, चीन के साथ तनाव दूर करने के लिए बातचीत को प्राथमिकता

**सेना** प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने उम्मीद जताई की बातचीत और परस्पर व समान सुरक्षा के आधार पर लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध सुलझ जाएगा हालांकि उन्होंने कहा कि चीन व पाकिस्तान के बीच संभावित कपटपूर्ण गठजोड़ से भारत को होने वाले खतरे की अनदेखी नहीं की जा सकती।

जनरल नरवणे ने उसके साथ ही इस बात को भी स्पष्ट किया कि भारतीय सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर किसी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और राष्ट्रीय लक्ष्यों व उद्देश्यों को हासिल करने के लिए जब तक जरूरी होगा, डटे रहेंगे। थल सेना प्रमुख 15 जनवरी को सेना दिवस से पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बारे में सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर सैनिकों के पुन:संतुलन की जरूरत महसूस की गई और उसके अनुरूप चीन सीमा पर पर्याप्त ध्यान देने के लिए कदम उठाए गए। सेना प्रमुख ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत और चीन परस्पर और समान सुरक्षा के प्रयासों के आधार पर सैनिकों की वापसी और तनाव कम करने के लिए एक समझौते पर पहुंच पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि बातचीत और चर्चा के जरिए हम परस्पर व समान सुरक्षा पर आधारित समाधान हासिल करेंगे और यह वार्ता से होगा[8230]मैं सकारात्मक स्थिति को लेकर आशान्वित हूं। लेकिन, जैसा मैंने कहा, हम किसी भी



नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे

दुस्साहसिक चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। सेना प्रमुख ने कहा, हम जब तक अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों और उद्देश्यों को नहीं प्राप्त कर लेते तब तक पकड़ बनाकर रखने के लिए तैयार हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सैनिक न सिर्फ लद्दाख के क्षेत्र में बल्कि एलएसी से लगे सभी क्षेत्रों में उच्च स्तर की सतर्कता बरत रहे हैं। जनरल नरवणे ने कहा, हमारी संचालनात्मक तैयारी बेहद उच्च स्तर की है और हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ा हुआ है। पिछले साल जो कुछ भी हुआ उसने हमारे लिए पुनर्गठन और अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की जरूरत पर प्रकाश डाला। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह वैसी ही है जैसी पहले थी और यथास्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। इसी मुद्दे पर एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि जो पहले था अब भी वैसा ही है। भारत और चीन के बीच पिछले साल पांच मई से पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध बना हुआ है।

समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर जनरल नरवणे ने कहा कि चीन और पाकिस्तान दोनों की भारत के प्रति कपटपूर्ण सोच जमीनी स्तर पर नजर आ रही है। सेना प्रमुख ने कहा, पाकिस्तान और चीन मिलकर गंभीर खतरा बने हुए हैं और उनकी कपटपूर्ण सोच से होने वाले खतरे को अनदेखा नहीं किया जा सकता। जब हम अपनी रणनीतिक योजनाएं बनाते हैं तो यह भी हमारी गणना व आकलन का अहम हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि भारत को दो मोर्चों पर खतरे के परिदृश्य से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच सैन्य और असैन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 13 जनवरी 2021



# कृषि बिल की कॉपियां जलाकर मनाएंगे लोहड़ी

## यूपी गेट पर किसान की तबीयत हुई खराब, अस्पताल में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नए कृषि कानूनों के विरोध में 28 नवंबर से किसान यूपी गेट पर धरने पर बैठे हैं। जैसे-जैसे किसान आंदोलन आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे किसानों में आक्रोश भी लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कड़ी में आज लोहड़ी के पर्व पर किसान संगठन कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध प्रकट करेंगे।

वही, मंगलवार सुबह किसान आंदोलन में शामिल एक किसान की हालत बिगड़ने के बाद पुलिस ने उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया की आज किसान अपनी मांगों को लेकर ठंड में सड़क पर बैठा है लेकिन, सरकार किसानों की मांग मानने को तैयार नहीं है। ऐसे में लोहड़ी के त्यौहार पर किसान कृषि कानूनों की प्रतियों को जलाकर अपना विरोध प्रकट करेंगे।


यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर पर धरनारत किसान।

उन्होंने नए कृषि कानूनों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि जब तक सरकार नए कृषि कानूनों को वापस नहीं लेगी तब तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा।

साथ ही उन्होंने बताया की मीडियाकर्मियों के लिए आंदोलन की कवरेज को आंदोलन स्थल पर किसान मंच के नजदीक मीडिया कॉर्नर बनाया गया है। जगतार सिंह बाजवा ने बताया की 18 जनवरी को किसान मंच का संचालन महिला किसानों के द्वारा किया जाएगा। उस दौरान मच पर 24 घंटे के लिए भूख हड़ताल पर बैठेंगी।

साथ ही सभी वक्ता भी महिला किसान के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं मंगलवार सुबह लगभग 11:30 मुजफ्फरनगर के सीकरी गांव के रहने वाले 55 वर्षीय किसान नसीब की अचानक तबियत खराब हो गई। जिन्हें आनन-फानन में गाजियाबाद पुलिस उपचार के लिए वैशाली के मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां फिलहाल उनका उपचार जारी है।

दूसरी ओर, केंद्र के नए कृषि विधेयकों के खिलाफ नोएडा के चिल्ला रेगुलेटर बॉर्डर एवं दलित प्रेरणा स्थल पर किसानों का प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। दलित प्रेरणा स्थल पर धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह ने कहा कि किसान उच्चतम न्यायालय के अलावा सड़क पर भी अपने हक के लिए शांति पूर्वक लड़ाई लड़ रहा है और नए कृषि बिलों के निरस्त होने तक धरना जारी रहेगा।

## लहूलुहान हालत में मिला युवक का शव

**नोएडा।** बोटैनिकल गार्डन के पास एक युवक की कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि सेक्टर 55 में रहने वाले राधे चौहान (27) का लहूलुहान शव मंगलवार सुबह सेक्टर 39 थाना क्षेत्र में बोटैनिकल गार्डन के पास मिला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला है, कि राधे चौहान ने कुछ समय पूर्व दूसरे धर्म की युवती से विवाह किया था। उनकी पत्नी का नाम शहनाज है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक की पत्नी से भी पूछताछ करने का प्रयास किया जा रहा है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर फरवरी में शुरू होगा फास्टेग सिस्टम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● आईडीबीआई बैंक करेगा पैसा खर्च

यमुना एक्सप्रेसवे पर फरवरी में फास्टेग सिस्टम लागू हो जाएगा। इसके लिए आईडीबीआई बैंक पैसा खर्च करेगा और जेपी इंफ्राटेक कंपनी व्यवस्था को संचालित करेगी। इस बारे में कंपनी और बैंक की ओर से सोमवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह को जानकारी दे दी गई है।

देशभर के नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर फास्टेग सिस्टम लागू कर दिया गया है। अभी तक यमुना एक्सप्रेसवे पर यह व्यवस्था नहीं है। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे पर तीन टोल प्लाजा हैं। एक्सप्रेसवे का उपयोग करने वाले यात्री लगातार इसकी शिकायत कर रहे हैं। इस मामले को लेकर एक सप्ताह पहले



यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने बैठक बुलाई थी।

एक्सप्रेसवे का संचालन करने वाली कंपनी जेपी इंफ्राटेक और बोर्ड में शामिल आईडीबीआई बैंक को सिस्टम लागू करने का आदेश दिया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि अगर एक सप्ताह में कार्ययोजना नहीं भेजी गई तो एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

## गौतमबुद्धनगर में दो लोगों ने की खुदकुशी

**नोएडा।** जिले के दो थाना क्षेत्रों में दो लोगों ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि थाना फेस-3 क्षेत्र में मामूरा गांव स्थित एक पीजी में रहने वाले अध्यापक सुमित सिंह का शव सोमवार रात को पीजी में मिला।

उन्होंने बताया कि पुलिस जब मौके पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था, जिसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़कर पीजी में प्रवेश किया। पुलिस को शक है कि मानसिक तनाव के चलते मृतक ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को मौके से शराब की कई बोतलें मिली है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि थाना फेस-दो क्षेत्र के गेझा गांव में रहने वाले शिव कुमार (25 वर्ष) ने सोमवार रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुमार मूल रूप से हरदोई का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**अवैध शराब बनाने का मामला**

# आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज, 3 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मिलावटी शराब बनाने के मामले में आबकारी विभाग ने थाना कासना में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है और पुलिस ने तीन आरोपियों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना कासना क्षेत्र में मिलावटी शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ रविवार रात को हुआ था। इस मामले में आबकारी विभाग की तरफ से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। सिंह ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई



करते हुए पुलिस ने सुरेंद्र शर्मा, नीरज सागर और शशांक त्यागी को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में सिकंदराबाद के जीतगढ़ी गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत के मामले में बुलंदशहर पुलिस को सूचना मिली थी कि जहरीली शराब बनाने की फैक्ट्री ग्रेटर नोएडा की साइट-5 में चलाई जा रही है। सिंह के अनुसार गौतमबुद्धनगर पुलिस व बुलंदशहर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के तहत रविवार देर रात को वहां पर छापा मारा तथा मौके से जहरीली शराब की 35 पेटियां बरामद कीं। पुलिस को कंपनी चलाने वाले संतोष तथा प्रदीप नामक शख्स वहां मृत अवस्था में मिले।

डीसीपी ने बताया कि पहले जहरीली शराब बुलंदशहर में बनाई जा रही थी। दो जनवरी को ही इन लोगों ने ग्रेटर नोएडा में जगह किराए पर ली थी और यहां पर शराब बनाने का काम शुरू नहीं हुआ था। मौके से पुलिस ने शराब बनाने में प्रयोग होने वाले उपकरण तथा शराब की बोतलों के ढक्कन, स्टीकर आदि बरामद किए हैं।

# सड़क हादसों में पांच की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले में विभिन्न सड़क हादसों में सोमवार रात पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि जारचा थाना क्षेत्र के ततारपुर गांव के पास सोमवार रात को ट्रैक्टर पर सवार प्रवेश नामक व्यक्ति वाहन से नीचे गिर गया, जिसके बाद ट्रैक्टर का पिछला पहिया उसके ऊपर चढ़ जाने के कारण उसकी मौत हो गई।

प्रवक्ता ने बताया कि ईकोटेक-तीन थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में मोटरसाइकिल और डंपर की टक्कर हो गई। इस घटना में राजीव (35) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में राजू, रामसागर और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस बीच, फेस-तीन थाना क्षेत्र में हुए एक अन्य सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई और फेस -दो थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में जगदीश नामक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस बीच, गाजियाबाद निवासी कृष्ण अवतार एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार रात को उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आवासीय योजना निकली नहीं, दलाल हुए सक्रिय

## फर्जी फार्मों की बिक्री कर गरीब लोगों को कर रहे गुमराह

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● डूडा ने नोटिस चस्पा कर किया आगाह

महानगर में गरीब लोगों को आशियाना दिलाने के नाम पर एक बड़ा सिंडीकेट सक्रिय हो गया है। इस सिंडीकेटने जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के आवासीय योजनाओं के पहले फर्जी फार्म छपवाए, उसके बाद गरीब और अनपढ़ लोगों को मकान दिलाने का झांसा देकर इस एवज में रुपए ऐंठ लिए।

मजे की बात यह है कि आवासीय योजनाओ के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश उस समय हुआ जब बड़ी संख्या में डूडा की कथित आवासीय योजनाओं में भवन लेने के इच्छुक लोगों ने डूडा के नवयुग मार्किट मुख्यालय पर फार्म जमा करने के लिए लाइन लगा शुरू कर दी। मुख्यालय पर लगी लंबी लाइन को देखकर डूडा का स्टाफ सकते में आ गया और इसके बाद परियोजना अधिकारी पवन शर्मा को इस बारे में पूरी जानकारी दी।

पवन शर्मा ने पड़ताल के बाद बताया कि यह फर्जी फार्म काशी राम आवासीय योजना, आईएचएसडीपी योजना डासना, सुदामापुरी अर्थला एवं आसरा आवासीय योजना नन्दग्राम के छपवाए गए थे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की किसी भी योजना में इस समय हमारे पास कोई भवन ही नहीं है और न ही इन आवासीय योजनाओं के फार्म छपवाए हैं। कुछ असामाजिक तत्व लोगों को गुमराह करने के लिए इस प्रकार की हरकतें कर रहे है।

शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को लेकर हमने अपने सभी सूचना पटों पर नोटिस भी चस्पा किए हैं ताकि गरीब और अनपढ़ लोग ऐसे अवांछनीय लोगों के बहकावे में न आए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग विधिक कार्रवाई भी करने जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार


फर्जी नंबर प्लेट की बाइक के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस ने लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह की एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद करने का दावा किया है। एएसपी साहिबाबाद ने बताया कि थानाध्यक्ष साहिबाबाद विष्णु कौशिक की टीम ने मंगलवार को लोहिया पार्क गेट नंबर 2 मुमटी के पास से एक महिला और दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी तलाशी में एक पिस्टल देसी 32 बोर, पांच कारतूस और चाकू के अलावा एक फर्जी नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई।


जरूरतमंदों को कम्बल देता संस्था का पदाधिकारी।

### चौपाल पाठशाला संस्था ने बांटे कंबल

**गाजियाबाद।** चौपाल पाठशाला संस्था द्वारा बेसहारा और मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों के लिए पिछले 1 माह से सर्दी से बचाने के लिए कंबल और वस्त्र वितरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की जानकारी देते हुए दर्श वत्स ने बताया कि चौपाल पाठशाला की टीम एक धनराशि संग्रह करके उससे कंबल और सर्दी के उपयोगी कपड़े लाकर रात्रि में प्रतिदिन चौपाल पाठशाला की टीम अलग-अलग स्थानों पर निकलती है और फुटपाथ पर मजबूरी में गुजरबसर करने वाले रिक्शा चालकों और असहाय लोगों को कंबल वितरण करके कुछ समय उसके साथ बैठकरचर्चा करते हैं। जिससे उन लोगों को भी एक अपनेपन का भाव आता है। वत्स ने बताया कि चौपाल पाठशाला का एक ही लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति सर्दी में कपड़े की कमी के कारण परेशान न रह पाए।

### नौ बुलेट मोटरसाइकिल को किया जब्त

**हापुड।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघनकर बुलेट मोटरसाईकिल से पटाखा की आवाज निकालने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 9 बुलेट मोटरसाइकिल को सीज किया। बता दें कि एसपी नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में यातायात के नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थानों पर बुलेट मोटरसाइकिल के मोडीफाइड साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकालने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिटी कोतवाली प्रभारी सुबोध सक्सेना ने पेट्रोलिंग के दौरान पटाखे की आवाज निकालने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

## फायरिंग का वीडियो वायरल, 5 गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र के गांव बझैडा कला में सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए हर्ष फायरिंग के वायरल वीडियो का पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गांव में असलहों का खुला प्रदर्शन कर दहशत पैदा करने वाले लोगों को वीडियो फुटेज के आधार पर चिन्हित कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके नाम नदीम, नईम, मौ. आरिफ, अब्दुल हमीद व अबरार हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान उनके हथियारों को भी कब्जे में लिया है। साथ ही उपरोक्त सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है।

# कारोबारी की डॉक्टरों ने बचाई जान

## आयुर्वेदिक गोली अटकने से सांस लेने में हो रही थी परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, वैशाली में विशेषज्ञों द्वारा सही समय पर अपनाई गई उपचार प्रक्रिया ने 42 साल के एक युवक की जान बचा ली। जिसे डायबिटीज की एक आयुर्वेदिक गोली अटक जाने के कारण सांस लेना मुश्किल हो गया था। यह गोली सांस नली में जाकर फंस गई थी और मरीज के फेफड़े पर शामत आ गई थी।

दुबई में कारोबारी यह मरीज गाजियाबाद में अपने दोस्त से मिलने जा रहा था, इसी दौरान उसने करीब


युवक की सांस नली से निकाली गई अटकी हुई गोली।

1.5 सेमी की गोली निगली थी जो सांस नली में अटक गई थी। इससे उसे सांस लेने में बहुत तकलीफ होने लगी। मरीज को आनन-फानन में

● मैक्स वैशाली में हुए इलाज से मिली राहत

मैक्स हॉस्पिटल वैशाली लाया गया। जहां पल्मोनोलॉजी के मुख्य कंसल्टेंट डॉ. शरद जोशी और कंसल्टेंट डॉ. अंकित भाटिया के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने सांस नली का प्रवाह परखने के लिए तुरन्त सीने की हाई-रिजोल्यूशन कंप्यूटेड टोमोग्राफी (एचआरसीटी) शुरू की और इसके बाद 30 मिनट की ब्रोन्कोस्कोपी प्रक्रिया अपनाते हुए सुरक्षित तरीके से गोली बाहर निकाली।

# पुलिस आयुक्त कार्यालय के पास युवक ने खुद को मारी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● कासगंज का रहने वाला था मृतक

गौतमबुद्धनगर आयुक्तालय के निकट मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला, जिसने कथित रूप से स्वयं को गोली मारी थी। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों को सूरजपुर थाना क्षेत्र में आयुक्तालय के पास एक शव मिला।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) हरिश्चंद्र ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान निर्देश के रूप में हुई है। निर्देश मूल रूप से पश्चिम उत्तर प्रदेश में कासगंज जिले के पटियाली गांव का रहने वाला था और वह ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में किराए के मकान में रह रहा था।

उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक ने खुद को देसी तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या की। पुलिस को शव के पास ही देसी तमंचा मिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# चिकन और अंडे की बिक्री में आई काफी गिरावट

## कारोबारियों को प्रतिदिन 20 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान

**बर्ड फ्लू की मार**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

अब बर्ड फ्लू के मामले मिलने के साथ ही चिकन और अंडे के कारोबार से जुड़े लोग सहम गए हैं। पिछले दस दिनों में अंडा और चिकन खाने के शौकीन कम हुए हैं। इसके अलावा बड़े मीट कारोबारी और पोल्ट्री संचालक भी नुकसान उठा रहे हैं।

चिकन और अंडे की मांग में करीब 70 फीसद की गिरावट आई है। कारोबारियों का अनुमान है कि



जिले में लगभग 20 लाख रुपये प्रतिदिन का नुकसान हो रहा है।

गाजियाबाद में पोल्ट्री संचालकों का दावा है कि अंडे और मुर्गे की मांग गिरने से लाखों में नुकसान उठाना पड़ रहा है। सर्दी के मौसम में इनकी मांग अधिक रहती है लेकिन, अब चिकन या अंडा खाना पसंद करने वाले लोग इसके सेवन से बच रहे हैं। जिले में तीन बड़े पोल्ट्री फार्म संचालित हैं। इनमें से दो मुरादनगर और एक मोदीनगर में है, जहां से जिले के बाहर भी कारोबार किया जाता है।

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के बाद अब इन पोल्ट्री फार्म से किसी भी तरह की खरीद-फरोख्त को कम किया गया है। मांस बेच रहे दुकानदारों का कहना है कि बर्ड फ्लू को देखते हुए पिछले कुछ दिनों में बिक्री में बड़ी गिरावट आई है।

## अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान

**हापुड़।** जिलाधिकारी अदिति सिंह द्वारा दिए गए आदेशों तहत जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र नाथ सिंह के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक सीमा कुमारी ने मय स्टाफ व पुलिस टीम के सब इंस्पेक्टर किशनपाल के साथ अठसैनी, बदरखा, नया गांव , अब्दुलापुर रेत वाली मडैया आदि गांवों में विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी।

इस दौरान गांव अठसैनी से विनोद पुत्र कमल सिंह से एक कैन में लगभग 40 लीटर अवैध कच्ची शराब व 55 पव्वा क्रेजी रोमियो ब्रांड बरामद किया।


नेकी की दीवार के कॉन्सेप्ट को नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर को दिखाते हुए अपर नगर आयुक्त आरएन पांडे।

# डंपिंग ग्राउंड बन गया था शहर का पहला कन्या इंटर कालेज

## बीस साल के बाद जागा नगर निगम प्रशासन, समस्या का चंद घंटों में किया समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सरकारी विभागों के अधिकारियो में किसी भी समस्या का समाधान करने की इच्छा शक्ति हो तो उसे अल्प समय में ही पूरा किया जा सकता है। ऐसी ही एक बानगी उस समय देखने को मिली जब शहर के सबसे पुराने कन्या वैदिक इंटर कालेज के समीप पिछले 20 वर्षो से बने कूडा डपिंग ग्राउंड की समस्या का समाधान चंद घंटों में नगर निगम ने कर दिया।

पिछले 20 वर्षो से शहर के सबसे पहले बालिका विद्यालय के पास कूडा डाला जा रहा था। इस समस्या को लेकर समय-समय पर इलाके के लोगों और सामाजिक संगठनों ने न केवल इस डपिंग ग्राउंड को खत्म करने की मांग को लेकर आन्दोलन किया बल्कि पिछले 20 वर्षों में निगम के दर्जनों अधिकारियों को पत्र लिखकर इस


कूड़ा डपिंग ग्राउंड हटाने के बाद विद्यालय का बाहरी साफ-सुथरा दृश्य।

समस्या से अवगत कराया था। लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि एक विद्यालय की सीमा से सटे डपिंग ग्राउंड का बदबूदार कूड़ा छात्राओं के लिए कितनी बड़ी समस्या बना होगा। खुद विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भी कई बार इस समस्या के विरोध में स्कूल तक को बंद करना पड़ा था। इसके बावजूद 20 सालों में नगर निगम प्रशासन ने कोई पुरसा हाल नहीं पूछा। हाल ही में नगर निगम के नगर आयुक्त पद पर आसीन हुए महेन्द्र सिंह तंवर को जब इस समस्या की जानकारी मिली तो वह खुद मेयर आशा शर्मा के साथ मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर नाक पर रूमाल रखकर ही इस इलाके का निरीक्षण करना भी मुश्किल हो रहा था। इसके बाद तुरन्त निगम का स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और यहां 20 वर्षो से पड़ रहे कूड़ा करकट को उठाने का काम शुरू किया। इस समय विद्यालय के आसपास कूडा डपिंग ग्राउंड बिल्कुल खत्म हो गया है।

विद्यालय के आसपास साफ-सफाई के इस वातावरण को देखकर छात्राएं और अध्यापिकाएं गदगद हैं। मेयर आशा शर्मा ने बताया कि इस साफ-सफाई की व्यवस्था को देखना नगर निगम की डयूटी में शामिल है लेकिन अफसोस है कि यह क्षेत्र 20 वर्षो से कूडा डपिंग ग्राउन्ड बना हुआ था।

# नेकी की दीवार से गरीबों की मदद करेगा नगर निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● प्लेटफार्म से जुड़ने को लोगों से की अपील

महानगर में गरीबों के हितार्थ कार्य करने में गाजियाबाद नगर निगम हमेशा आगे रहा है। पुण्य महायज्ञ में मंगलवार को नगर निगम ने विजय नगर के भीमाबाई पार्क के समीप नेकी की दीवार खड़ी करके एक और कड़ी को जोड़ दिया है।

दरअसल, इस दीवार पर नेकी की दीवार का श्लोगन लिखा गया है यहां कोई भी व्यक्ति जो गरीबों की कपड़े देकर मदद करना चाहता है तो वह दीवार पर लगी खूटियों पर लटकाकर रख सकता है ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति अपनी आवश्कतानुसार कपड़ों को ले सकता है। कपड़ों से गरीबों की मदद करने का विचार अपर नगर आयुक्त आरएन पाण्डे के दिमाग की उपज है। उन्होंने ही सामाजिक सरोकार से जुड़े इस प्लेटफॉर्म को तैयार कराकर आम जनता से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

नगर आयुक्त को जब नेकी की दीवार के कॉन्सैप्ट के बारे में पता चला तो वह भी अपने स्टाफ के साथ देखने के लिए गए और अपर नगर आयुक्त के इस सामाजिक सरोकार से जुडे प्लेटफॉर्म की प्रशंसा की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# राजीव गांधी अस्पताल में आईं कोविशील्ड की 2 लाख डोज

## दिल्ली पहुंची कोरोना की वैक्सीन, अस्पताल कर्मियों ने तालियां बजाकर किया स्वागत

● 16 जनवरी से देश भर में शुरू होगा टीकाकरण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी पर भारत का सबसे बड़ा वार शुरू हो गया है। केंद्र सरकार के मेगा एक्शन प्लान के मुताबिक पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट से रवाना हुई कोविशील्ड वैक्सीन की पहली खेप मंगलवार को राजधानी दिल्ली पहुंच गई।

टीके की इस खेप को लेकर सुबह करीब दस बजे स्पाइसजेट का विमान आईजीआई पर उतरा। उसके बाद दिल्ली पुलिस ने दिल्ली सरकार के राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल तक उसे सुरक्षित ढंग से पहुंचाने में सहयोग के लिए ग्रीन कोरिडोर बनाया। यहां अस्पताल कर्मियों ने अस्पताल कर्मियों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। 16 जनवरी से देश भर में कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू होगा।

पुलिस उपायुक्त (इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) राजीव रंजन ने बताया कि भंडार स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस नियंत्रण कक्ष की गाड़ियों अपनी गश्त योजना के तहत उसके आसपास भी चक्कर लगाएंगी। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) अमित शर्मा के अनुसार, उन्होंने राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के भंडारण क्षेत्र में कर्मी तैनात किए हैं। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कोविशील्ड की 2.54 लाख से अधिक खुराक आरजीएसएसएच पहुंचाई जाएंगी। इस टीके को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय एवं ब्रिटिश स्वीडिश कंपनी आस्ट्रेजेनेका ने विकसित किया है और उसका उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया है। आरजीएसएसएच के भंडारण केंद्र में वैक्सिन के 22 बॉक्स पहुंचे हैं। इन बॉक्स में 2 लाख 64 हजार डोज हैं। उसे तापमान नियंत्रित माहौल में रखने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। वहां से ये टीके कड़ी सुरक्षा में विशेष वाहनों से 89 टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचाए जाएंगे। बिल्डिंग के चारों तरफ सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं।


राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कोविशील्ड वैक्सीन को रखते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : रंजन डिमरी

**थ्री लेयर सिक्योरिटी में रखी गई है वैक्सिन :** राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में वैक्सिन की सुरक्षा के लिए थ्री लेयर सिक्योरिटी की गई है। इमारत के चारो तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बैरिकेड तक लगा दिए गए। दिल्ली में सुपर स्पेशलिटी सेंटर ही नोडल सेंटर है। यहीं सारी वैक्सीन रखी जाएगी। दिल्ली में जो वैक्सीन की खेप आई है। उसका एक हिस्सा करनाल भी जाएगा।

### पूर्वी दिल्ली निगम के 32 केंद्रों पर होगा टीकाकरण : महापौर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण से संबंधित सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। निगम के स्वामी दयानंद अस्पताल समेत 32 केंद्रों पर टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध होगी।

कोविड-19 टीकाकरण अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए महापौर निर्मल जैन ने बताया कि ईडीएमसी के अस्पताल प्रशासन विभाग द्वारा टीकाकरण के लिए स्थान, मानव संसाधन (डॉक्टर्स/पैरामेडिकल स्टाफ), डाटा प्रबंधन के लिए इंटरनेट सुविधा और पीने का पानी समेत जरूरी सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। टीकाकरण अभियान के लिए निगम ने 250 कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया है। हाल ही में निगम द्वारा टीकाकरण के लिए पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है।

मेयर ने कहा कि सभी टीकाकरण केंद्रों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। वैक्सिन लगाने के लिए तीन चरणों की प्रक्रिया तय की गई है जिसमें लाभार्थी का पंजीकरण, टीकाकरण और 30 मिनट की निगरानी शामिल हैं। वैध दस्तावेजों के आधार पर टीकारण के लिए पंजीकरण होगा। पहचान सत्यापन के बाद ही व्यक्ति को टीका लगेगा और उसका विवरण भी वेबसाइट पर अपलोड होगा। टीकाकरण के बाद व्यक्ति को केंद्र पर ही 30 मिनट तक इंतजार करना होगा ताकि विशेषज्ञ उसके स्वास्थ्य पर नजर बनाए रखें।

## चौबीस घंटे में 75,913 जांच सामने आए 386 नए केस

### संक्रमण दर घटकर हुई 0.51 प्रतिशत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● दिल्ली में कोरोना से 16 लोगों ने गंवाई जान

राजधानी दिल्ली में पिछले चौबीस घंटे में 75913 जांच की गई। इनमें से 386 नाए मामलों की पुष्टि हुई है। संक्रमण दर एक फीसदी से काफी नीचे बनी है। जनवरी में नौवीं बार है जब रोजाना मामले 500 से कम आए हैं। इसके साथ ही कुल संक्रमण के मामले 6.3 लाख हो गए। बीमारी से 16 और मौतें होने से राष्ट्रीय राजधानी में मरने वालों की संख्या 10,707 हो गई।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 38,706 आरटी-पीसीआर जांच और 37,207 रैपिड एंटीजन जांच सहित पिछले दिन की गईं 75,913 जांचों के बाद 386 नए मामले सामने आए। इसके साथ कोरोना वायरस मामलों की कुल संख्या बढ़कर 6,30,892 हो गई है।

इससे पहले एक जनवरी को दिल्ली में कुल 585 मामले दर्ज किए गए, दो जनवरी को 494, तीन को 424, चार 384, पांच 442, छह 654, सात 486, आठ 444, नौ 519, 10 को 399 मामले सामने आए। 11 जनवरी को शहर में कोविड-19 के 306 नए मामले आए, जो सात महीने से अधिक समय में सबसे कम है। इलाज करा रहे मरीजों की संख्या मंगलवार को घटकर 3,179 रह गई, जो पिछले दिन 3,354 थी। कोविड-19 संक्रमण दर 0.51 प्रतिशत दर्ज की गई है।

# बर्ड फ्लू : मेयर ने नैनी झील का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● जागरूकता अभियान चलाएगाा निगम

दिल्ली में बर्ड फ्लू की दस्तक के साथ ही नगर निगम हरकत में आ गया है। मंगवार को उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश ने इसके मद्देनजर मॉडल टाउन स्थित नैनी झील का निरीक्षण किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू की स्थिती पर नजर रखने के लिए नगर निगम ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है जो पूरी स्थिती पर नजर रखेगी। उन्होंने बताया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत कुल 6795 पार्क है जिसमें 3 बड़े पार्क है जिनमें निगम कर्मचारी पक्षियों पर नजर रखे हुए है और कहीं भी पक्षी मृत पाए जाते है तो उनके सैंपल लिए जाएंगे।



जय प्रकाश ने कहा कि नैनी झील से भी पक्षियों के सैंपल लिए गए है और उनकी रिपोर्ट आने वाली है। यहां अभी सभी बत्तख ठीक है और प्रवासी पक्षी जो आए थे वो जा चुके है।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने सभी मीट शॉप, रेस्टोरेंट्स व होटलों के लिए दिशानिर्देश जारी किए है। राजधानी में बर्ड फ्लू प्रकोप ज्यादा नही फैले उसके लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। निगम आम लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाएगी।


दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के नेतृत्व में हनुमान मंदिर तोड़ने के मामले में उपराज्यपाल से मिलने राजनिवास पहुंचे कांग्रेसी।

### मंदिर निर्माण की मांग को लेकर एलजी से मिले कांग्रेसी

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक में हनुमान मंदिर तोड़ने का मामला राजनिवास पहुंच गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं ने उपराज्यपाल अनिल बैजल से मुलाकात की और तोड़े गए हनुमान मंदिर के पुर्ननिर्माण के लिए हस्तक्षेप करने के संबध में उन्हें ज्ञापन सौंपा।

उपराज्यपाल से मुलाकात के बाद अनिल कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि कांग्रेस मंदिर को उसके वास्तविक स्थान दोबारा बनाने के लिए उपराज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की।

## एनसीआर समाचार


जीडीए द्वारा ढहाई गई अवैध बिल्डिंग।

### जीडीए ने ढहाई पांच मंजिला अवैध इमारत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण के खिलाफ लाइनपार के डूंडाहेडा से लगे सुदामापुरी में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पांच मंजिला इमारत को जमीन में मिला दिया। प्राधिकरण सचिव संतोष कुमार राय का कहना है कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध निर्माण से संबंधित शिकायत मिलती है तो समय रहते एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधीनस्थ अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि अवैध निर्माण से संबंधित शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जीडीए के सहायक अभियंता राजेश वर्मा ने बताया कि शिकायत मिली थी कि कृष्ण वाटिका सुदामा पुरी में मानव मेहता के द्वारा बगैर नक्शा बनावाए अवैध तरीके से बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान थाना विजय नगर पुलिस एवं जीडीए का पुलिस दस्ता शामिल रहा।



राष्ट्रीय युवा दिवस पर नशामुक्ति अभियान चलाते छात्र।

### छात्रों ने चलाया नशामुक्ति अभियान

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद की जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को लाजपत नगर, सेन्ट्रल मार्केट, नेहरू नगर आदि जगहों पर लोगों के बीच नशामुक्ति अभियान चलाया। इस अभियान में दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय युवक भी शामिल रहे। इस मुहिम को ड्रग फ्री इंडिया नाम दिया है। एबीवीपी कालका जी विभाग के सह-संयोजक हर्ष अत्री ने बताया वह इस अभियान के जरिए युवाओं के साथ-साथ आम लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर रहे हैं। युवाओं के बीच नशा करने की प्रवृत्ति फैशन जैसी बनती जा रही है जिसे बढ़ावा नहीं दिया जा सकता है। इस अभियान में लगभग डेढ़ किलोमीटर की पदयात्रा लाजपत नगर तथा नेहरू नगर के बीच निकाली।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई

**हापुड़।** जनपद के आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्या अर्चना गौतम ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द के जीवन-परिचय पर प्रकाश डालकर उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को प्रधानाचार्य ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द ने राष्ट्र के निर्माण में बड़ा योगदान दिया और उनके आदर्श आज भी युवाओं में नई चेतना व जोश भरते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमन (ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित) भी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों के बारे में बताया और मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया।

# भाजपा चलाएगी चलो बनाएं आत्मनिर्भर युवा अभियान

## भारत को सबसे ज्यादा कुशल मानव संसाधन वाला देश बनाना है : अनुराग ठाकुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा दिवस पर प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा ने चलो बनाएं आत्मनिर्भर युवा अभियान शुरू किया।

इस मौके पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा नरेंद्रनाथ दत्त जिन्हें स्वामी विवेकानंद के नाम से जाना जाता है उन्होंने कहा था कि 21वीं सदी में भारत विश्व गुरु बनेगा और आज के नरेंद्र भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रगतिशील हैं। स्वामी विवेकानंद ने बहुत ही कम उम्र में विश्व में भारत का नाम स्थापित किया और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके अनमोल विचार सभी को जीवन जीने का नया मकसद देते हैं। बुद्धिजीवी और आध्यातमिक गुरु स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था और उनके बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली सरकार ने कुछ नहीं किया लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रवासी श्रमिकों और जरूरतमंदों को भोजन-राशन और हरसंभव मदद पहुंचाने का कार्य किया। भाजपा कार्यकर्ताओं को हर वर्ग को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उससे होने वाले फायदों से अवगत कराना है। देश के निर्माण में युवाओं का योगदान सबसे ज्यादा होता है इसलिए हमें अपनी भूमिका को जानने की जरूरत है। हमें स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं का विस्तार सुनिश्चित करना है और भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा स्किल्ड मैनपावर वाला देश बनाना है। सभी को पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने के संकल्प को पूरा करना है।

सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे महापुरुष थे जो सदियों में एक बार जन्म लेते हैं और उन्हें गर्व हैं कि वह एक भारतीय थे।

# एसपीपी की तैनाती आप सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं थी : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली दंगा

पुलिस ने मंगलवार को उच्च न्यायालय को बताया कि उत्तरी-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले के संबंध में सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता समेत कुछ वकीलों को विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) के तौर पर नियुक्त किए जाने की उसकी सिफारिश आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं थी।

दंगा मामले में एसपीपी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली डीपीडब्ल्यूए की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह के समक्ष यह दलील दी। आप सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी वकील गौतम नारायण ने कोर्ट को बताया कि शुरुआत में आप सरकार ने पुलिस द्वारा भेजी गई एसपीपी की सूची खारिज कर दी थी और अपनी सूची भेजी थी।


उत्तर पश्चिमी दिल्ली के श्रम कार्यालय का निरीक्षण करते उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

# श्रम कार्यालय का मैनेजर बर्खास्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● शिकायतें मिलने पर उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने किया औचक निरीक्षण

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के श्रम कार्यालय के मैनेजर को दिल्ली सरकार ने तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। निर्माण श्रमिकों के निबंधन में अनियमितता की शिकायतें मिलने के बाद मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लगभग एक दर्जन मामलों में शिकायतें सही पाए जाने पर उन्होंने यह कदम उठाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रम अधिकारियों को पंजीयन तथा मजदूरों के कल्याण संबंधी सभी काम नियमानुसार और निश्चित समय अवधि के भीतर करने का निर्देश दिया।

मनीष सिसोदिया ने श्रम अधिकारियों को निर्देश दिया कि निबंधन तथा श्रमिक कल्याण योजनाओं को समुचित लाभ देने संबंधी सभी कार्य समय पर किए जाएं। सरकार ने जब निर्माण श्रमिकों के कल्याण की योजनाएं बनाई हैं तो इनका लाभ सभी सुयोग्य लोगों को मिलना चाहिए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गत दिनों उत्तर-पश्चिमी दिल्ली श्रम कार्यालय में निर्माण श्रमिकों के निबंधन में विभिन्न अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं। मंगलवार सुबह उपमुख्यमंत्री ने कार्यालय का औचक निरीक्षण करके शिकायतों की जांच की। इन शिकायतों में कुछ श्रमिकों के निबंधन दस्तावेजों में पुरूष के बजाय महिला की तस्वीरें लगी जैसी लापरवाही शामिल है। कुछ मामलों में श्रमिक के पंजीयन हेतु कार्यालय में उपस्थित होकर लाइव फोटो के बजाय पहले की खींची गई फोटो लगाने जैसी अनियमितता शामिल है।

### कोंकणी अकादमी खोलने के ऐलान से लोग खुश

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सरकार के कोंकणी अकादमी खोलने के ऐलान से खुश गोवा के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और अकादमी की स्थापना को अधिसूचित करने के लिए धन्यवाद दिया।

सीएम ने कहा कि जब से दिल्ली सरकार ने कोंकणी अकादमी की घोषणा की है, तब से हर तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्हें खुशी है कि लोग कोंकणी अकादमी की स्थापना से बेहद खुश हैं। यह अकादमी सिर्फ सरकारी आधार नहीं है, बल्कि यह आपकी अकादमी है।

# सर्द हवाओं के साथ फिर लौटी कड़ाके की ठंड

## राजधानी और आसपास न्यूनतम तापमान गिरकर 4.3 डिग्री पर पहुंचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● आने वाले दिनों में और बढ़ेगी सर्दी, मौसम विभाग ने जताया अनुमान

राजधानी दिल्ली में सर्दी का सितम कम नहीं हो रहा है। रविवार से चल रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मंगलवार को सफदरगंज और पालम इलाके में सुबह साढ़े 5 बजे के आसपास तापमान क्रमशः 5.8 डिग्री और 6.8 डिग्री दर्ज किया गया।

वहीं साढ़े आठ बजे 4.3 डिग्री और 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इसके आने वाले दिनों में और गिरने का पुर्वानुमान जताया है। आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण शहर में लगातार बादल छाए रहे थे और सोमवार तक न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था।

सोमवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस और रविवार को 7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस, शुक्रवार को 9.6 डिग्री सेल्सियस और बृहस्पतिवार को 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो पिछले चार साल में जनवरी का सबसे अधिक तापमान है। बर्फ से ढके पश्चिमी हिमालय से उत्तरी-पश्चिमी सर्द हवाओं के शनिवार से मैदानी इलाकों की ओर आने के साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट आनी शुरू हो गई है। तापमान अभी और गिरेगा। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को घना कोहरा छाने का भी पूर्वानुमान है।

# डीबीटी के जरिए विद्यार्थियों को फंड भेजने की मंजूरी

## बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली कैबिनेट ने शिक्षा से सम्बंधित वित्तीय प्रावधानों सम्बंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताओं को मंजूरी दी है। इसमें सरकारी और वित्तीय सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 11 लाख छात्रों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किताबों और लेखन सामग्री के लिए धनराशि भेजना शामिल है।

साथ ही, दिल्ली ब्यूरो ऑफ टेक्स्ट बुक को प्रकाशन सामग्री, छात्र डायरी, कार्यपुस्तिका, खुशी पाठ्यचर्या से संबंधित सामग्री, मेन्टल मैथ्स आदि के प्रकाशन और वितरण के लिए 30.05 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसके अलावा, कैबिनेट ने सरकारी जमीन पर बने निजी स्कूलों द्वारा वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए फीस वृद्धि संबंधी प्रस्ताव की जांच एवं निस्तारण करने के लिए पीएमयू (परियोजना प्रबंधन इकाई) की स्थापना को भी मंजूरी दी है।

फाइल फोटो


उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि ऐसे कठिन समय में दिल्ली सरकार छात्रों की शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बच्चों को दी गई वित्तीय सहायता से वे पाठ्य सामग्री और किताबें खरीद पाएंगे और अपनी पढ़ाई से अच्छी तरह जुड़े रहेंगे। आर्थिक तंगी के बावजूद अपनी तरफ से वह बच्चों के लिए हर प्रयास करेंगे ताकि उनकी पढ़ाई का नुकसान न हो।

हर साल शिक्षा निदेशालय द्वारा सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को डीबीटी के माध्यम से पाठ्यपुस्तकें और आर्थिक सहायता दी जाती है। कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को पुस्तकों और लेखन सामग्री के लिए धनराशि दी जाती है। इस वर्ष के लिए सरकार ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के छात्रों के लिए 64.37 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी है।

इन वित्तीय प्रावधानों के अलावा कैबिनेट ने सरकारी भूमि पर बने मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के शुल्क वृद्धि प्रस्ताव की जांच करने के लिए एनआईसीएसआई नामांकित चार्टेड एकाउंटेंट्स की दो फर्मों को लेकर पीएमयू स्थापित करने की मंजूरी दी है। इससे सत्र 2018-19 और 2019-20 के लिए स्कूलों द्वारा प्रस्तुत फीस वृद्धि के प्रस्ताव के तेजी से निस्तारित करने में मदद मिलेगी।

### दिल्ली सरकार पर 2.9 करोड़ बकाए का दावा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली की महापौर अनामिका और एसडीएमसी के दो अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को दावा किया कि पिछले वर्ष राधा स्वामी सत्संग कोविड-19 देखभाल केंद्र में साफ-सफाई की सेवा को लेकर नगर निकाय के 2.9 करोड़ रुपए दिल्ली सरकार पर बकाया है।

आम आदमी पार्टी (आप) के एमसीडी के प्रभारी दुर्गेश पाठक ने दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा शासित नगर निकाय अपनी ड्यूटी निभाने में विफल रहा है और केंद्र सरकार की परियोजना के लिए भी साफ-सफाई के कार्यकरने को लेकर अनिच्छा दिखा रहा है।

# परिवार, समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखते थे रामबीर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### पूर्व आबकारी अधिकारी रामबीर सिंह बागोरिया का निधन

### गुरुग्राम के गांव पातली-हाजीपुर के रहने वाले थे रामबीर सिंह बागोरिया

**जिला** के गांव पातली-हाजीपुर निवासी पूर्व आबकारी एवं कराधान अधिकारी (इंस्पेक्टर) रामबीर सिंह बागोरिया (66) का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने अपने निवास पर अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार और समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखने का उन्होंने सदा काम किया।

जिले के गांव पातली निवासी श्री धनराज सिंह नम्बरदार के 7 पुत्र व दो पुत्रियां हैं। जिनमें से रामबीर सिंह सबसे बड़े थे। वे आबकारी एवं कराधान विभाग (एक्साइज एंड टैक्सेशन डिपार्टमेंट) से निरीक्षक (इंस्पेक्टर) के पद से सेवानिवृत्त थे। पुत्र रोहताश एस्कोर्ट कंपनी से सेवानिवृत्त हैं। पुत्र तेजपाल सिंह गुरुग्राम की नामी कंपनी में वरिष्ठ अधिवक्ता, पुत्र चांदकिशोर मीडिया से जुड़े हैं। पुत्र डा. नरेंद्र जिला नागरिक अस्पताल फरीदाबाद में डिप्टी सिविल सर्जन, एक पुत्र हरिकिशन कंपनी में कार्यरत हैं। वहीं सबसे छोटे पुत्र देवेंद्र गुरुग्राम में ही एक कंपनी में एचआर विभाग में कार्यरत हैं। इसके अलावा पौते, पौतियों से भरा-पूरा परिवार है। बड़े पुत्र रामबीर बागोरिया पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। सोमवार दोपहर बाद उन्होंने अंतिम सांस ली।


रामबीर सिंह बागोरिया।

### पिता से विरासत में मिली थी समाजसेवा की भावना

**सेवानिवृत्त** के बाद रामबीर सिंह बागोरिया पूरी तरह से समाज को समर्पित थे। यह सब उन्हें अपने पिता से विरासत में मिला था। क्योंकि उनके पिता धनराज सिंह नम्बरदार आज भी समाज और परिवारों को एकजुट होकर रहने के पक्षधर हैं और यही प्रयास भी करते हैं। रामबीर सिंह बागोरिया प्रजापति वैवाहिक पत्रिका में सचिव और अखिल भारतीय प्रजापति समाज के मुख्य सचिव भी रहे। रामबीर सिंह बागोरिया ने ना केवल प्रजापति समाज, बल्कि सर्व समाज को जोड़कर रखने का सदा प्रयास किया। इसके लिए वे निरंतर कार्य करते रहते थे। बेटे-बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उन्हें कामयाब इंसान बनाने को वे हर किसी की काउंसलिंग करते थे, सलाह देते थे। आज के दौर में जहां घर-घर में किसी न किसी बात पर कलह देखी जा सकती है, वहीं रामबीर सिंह बागोरिया ने अपने माता-पिता की मौजूदगी में पूरे परिवार में एकता बनाए रखी। चाहे परिवार का कोई सदस्य कहीं पर रहे, लेकिन परिवार में किसी तरह की बिखराव कभी नहीं आने दिया। श्री धनराज सिंह नम्बरदार की चार पीढ़ियों में 100 से भी अधिक सदस्य हैं। इलाके में सफलता और एकजुटता का यह परिवार जीता-जागता उदाहरण है।

## बैटरी आप्रेटिड स्प्रे पंप के लिए दस्तावेज जमा कराएं किसान

**गुरुग्राम।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरुग्राम ने अनुसूचित जाति से संबंधित जिन किसानों ने बैटरी आप्रेटिड स्प्रे पंप के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, अब वे 15 जनवरी तक अपने दस्तावेज जमा कराएं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि वर्ष 2020-21 में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए गुरुग्राम जिला में 8 बैटरी ऑप्रेटिड स्प्रे पंप का लक्ष्य रखा गया था। जिन किसानों ने बैटरी ऑप्रेटिड स्प्रे पंप के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर 10 जुलाई 2020 से 31 जुलाई 2020 में ऑनलाईन आवेदन किया था।

# फर्रूखनगर को उपमंडल बनाने की करूंगा पैरवी : सत्यप्रकाश जरावता

### फर्रूखनगर गोशाला में आयोजित 113वें सम्मान समारोह में पहुंचे विधायक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में गोशाला के सम्मान समारोह का शुभारंभ करते पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**फर्रूखनगर** क्षेत्र के लोगों की मांग पर अपनी बात रखते हुए पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि फर्रूखनगर को उपमंडल बनाने का वह वायदा तो नहीं करते, लेकिन इस इलाके का हक बनता है। इसलिए सरकार से फर्रूखनगर को उपमंडल बनाने में पूरी पैरवी करेंगे, ताकि इलाके को उसका सम्मान मिल सके। उन्होंने खुद के लिए कहा कि, जरावता कभी वायदा नहीं करता, बल्कि कार्य करने में विश्वास रखता है। मानेसर नगर निगम उसी कार्यशैली का परिणाम है।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता दक्षिण हरियाणा की सबसे बड़ी गौशाला फर्रूखनगर के प्रांगण में चार दिवसीय 113वां सम्मान समारोह का शुभारम्भ करने पहुंचे थे। इस मौके पर लोगों ने उसने फर्रूखनगर को उपमंडल बनाने की मांग भी रखी। इस मौके पर उन्होंने गौवंश की सेवार्थ अपने निजी कोष से एक लाख रुपए की राशि दान स्वरूप भेंट करके गौमाता का आशीर्वाद लिया। गोशाला प्रबंधन कमेटी ने विधायक का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का स्थान दिया गया है। मां शब्द में पूरी कायनात समाई हुई है। गाय की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि गाय माता की सेवा में किसी प्रकार कमी नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि फर्रूखनगर, मानेसर, रामपुरा, कासन सहित पांच गोशालाओं में सरकार की नई नीतियों के अनुरुप गौहितार्थ कार्य हो, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ग्राट देने के लिए फाइल लगाई हुई है। फर्रूखनगर गौशाला में गायों के लिए शेड बनाने के लिए गौशाला प्रबंधन कमेटी अनुमानित बजट तैयार करके दे, ताकि सीएम से उसको स्वीकृत कराया जा सके। नंदी शाला बनाने के लिए भी उन्होंने मुख्यमंत्री को फाइल दी हुई है।

इस मौके पर गौ भक्तों के मनोरंजन के रागनी कम्पीटिशन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में श्री गौशाला प्रबंधन कमेटी के प्रधान विक्रम सिंह, प्रबंधक महीपाल चौहान, गौशाला आयोग के सदस्य कूकू धनखड़, श्री महंत बाबा निर्माणपुरी, पूर्व चेयरमैन श्रीपाल चौहान जाटौली, चौधरी बलबीर सिंह सहरावत, मुबारिकपुर, डा. रामकंवार मुंडाखेड़ा, बिजेंद्र सिंह गुलिया पेलपा, नम्बरदार जगदीश लगरपुर, पूर्व प्रधान भरत सिंह, मलखान सिंह, छत्तर सिंह पोसवाल, राजकुमार शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा खैंटावास, पूर्व सरपंच तोताराम शर्मा, श्रीपाल कारौला, पूर्व सरपंच राज सिंह डूमा, राम कंवार यादव, डा. कर्ण सिंह, ओमपाल चौहान जाटौली, सुभाष चंद, बिश्म्बर दयाल थानेदार आदि मौजूद थे।

## मानव तस्करी है जघन्य अपराध : प्रदीप चौधरी


गुरुग्राम जिला अदालत में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से मानव तस्करी रोकने को लेकर सेमिनार में बोलते सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चौधरी।

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा आज मानव तस्करी को लेकर सेमीनार आयोजित किया गया। इस सेमीनार में शक्ति वाहिनी स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों सहित पुलिस के अधिकारियों, पैरालीगल वालंटियर्स सहित कई हितधारकों ने भाग लिया।

यह सेमिनार चार सत्रों में आयोजित किया गया था। प्रत्येक सत्र मानव अधिकारों के उपर केंद्रित था। प्रत्येक सत्र के विषय अलग-अलग रखे गए थे, जिनमें मानव तस्करी संबंधी कानूनों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सेमिनार में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी प्रदीप चौधरी ने प्राधिकरण द्वारा मानव तस्करी के पीड़ितों को दी जाने वाली सुविधाओं व विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है। प्राधिकरण द्वारा लोगों को मानव तस्करी को लेकर बनाए गए कानूनों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से पैरालीगल वॉलेंटियरों द्वारा जागरुकता अभियान भी चलाए जाते हैं। इस मौके पर शक्ति वाहिनी एनजीओ के अध्यक्ष रविकांत ने मानव तस्करी को लेकर विभिन्न पहलुओं के बारे में आवश्यक जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कब्जाधारियों को रास नहीं आ रहा स्कूल का दूसरा द्वार

**फर्रूखनगर।** खंड के गांव डाबोदा के मिडिल स्कूल के दूसरे मुख्य द्वार बनाये जाने का मामला गर्माने लगा है। गांव में पंचायतों का दौर शुरु हो गया है। सरपंच नीता यादव का कहना है कि स्कूल में दूसरे मुख्य द्वार बनाने का कार्य शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार ही किया गया है। सरपंच नीता यादव का कहना है कि जो लोग इस का विरोध कर रहे हैं वह स्वयं पंचायती भूमि पर कब्जा जमाये हुए हैं। उन कब्जों के मामले को लेकर चक्रव्यूह की रचना की जा रही है। जल्द ही पंचायत द्वारा गांव की सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सरपंच नीता यादव के मुताबिक गांव के स्कूल में शिक्षा विभाग के नियम अनुसार दूसरा नया मुख्य द्वारा बनाया है। जिसके निर्माण के लिए करीब एक लाख रुपए की विकास राशि जिला परिषद कोटे से स्वीकृत हुई है। मुख्य द्वारा के निर्माण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय परिसर में दमकल विभाग, एम्बुलेंस, निर्माण सामग्री आदि के वाहन सीधे प्रवेश कर सकेंगे। यह द्वार कब्जाधारियों को रास नहीं आ रहा। जबकि सब कुछ नियम अनुसार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के अनुरुप ही गांव के विकास को गति दी जा रही है। कुछ असमाजिक तत्व गांव की पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे जमाये हुए हैं। पंचायत द्वारा उन अतिक्रमणकारियों को अवैध कब्जा हटाने के लिए दो बार नोटिस दिए हैं। जबकि अवैध कब्जेधारी तीन न्यायालयों से मुकदमा भी हार चुके हैं।

### जमीन के विवाद में चली लाठी-डंडे

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव कादपुर में एक ही परिवार के सदस्यों में जमीन को लेकर हुए विवाद में दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। भोंडसी पुलिस ने एक पक्ष द्वारा दी गई शिकायत में दूसरे पक्ष के करीब 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गांव कादपुर निवासी राहुल पुत्र राजबीर ने भोंडसी थाना में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसके पिता 8 भाई हैं। सबसे बड़ा भाई रामे गांव में ही रहते हैं। सात भाई ढाणी में अपना-अपना मकान बनाकर रह रहे हैं। उसके पिता का ताऊ महेन्द्र के साथ जमीन विवाद चल रहा है। रविवार शाम करीब 5-6 बजे के बीच बिजेन्द्र अपनी ड्यूटी से घर वापस आ रहा था। महेन्द्र, जयपाल और भीम सिंह ने मिलीभगत करके पीपल का पेड़ काटकर रास्ते के बीच में गिराते हुए रास्ता बंद कर दिया। जब बिजेन्द्र ने महेन्द्र व जयपाल ने शिकायत करने पर झगड़ा करते हुए डंडा उठाकर सिर में मार दिया। जिससे बिजेन्द्र बेहोश रास्ते में ही गिर गया। शोर होने पर बिजेन्द्र और अन्य परिवारों से परिजन बाहर निकल आए। जिन्होंने में लाठी, डंडे और कुल्हाड़ियां चलीं। महिलाओं व बच्चों ने ईंट-पत्थर बरसाए। महेन्द्र ने बिजेन्द्र के बेटे के माथे पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। झगड़े में दोनों पक्ष से महिलाएं व पुरुष करीब एक दर्जन के लगभग घायल हो गए। सभी घायलों को गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल व निजी अस्पतालों में दाखिल कराया गया। भोंडसी पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### अनुसूचित आयोग के आदेश पर महिला समेत छह पर केस दर्ज

**सोहना।** अनुसूचित आयोग भारत सरकार के आदेश पर भोंडसी थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर महिला समेत छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामला करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। राजस्थान का जिला झूंझनू के गांव बेरला निवासी युवती ने आयोग को दी शिकायत में बताया कि वह पति से तलाक लेने के बाद भोंडसी थाना क्षेत्र में परमिट लाइन मार्ग पर मुकेश चौधरी महिला के साथ रहती है। जो उसे अपनी बेटी समान मानती है। वह पढ़ाई कर रही है। इस दौरान मुकेश चौधरी के साथ रहकर उसके काम में मदद करती हू। पीड़िता ने बताया कि उनके पड़ोस में देवेन्द्र पुत्र सरदार सिंह का परिवार रहता है। जो उससे अक्टूबर 2019 से परेशान करता आ रहा है। देवेन्द्र बदमाश किश्म का है जो उसे हमेश अपहरण करके मार देने की धमकियां देता रहता है। उसके साथ उसकी सास इंद्रवती निवासी मिंडकौला जिला पलवल, रोहतक पुत्र रज्जी निवासी जखोपुर सोहना, हयात पुत्र अकबरा निवासी खेड़ी कंकड़ निवासी राजस्थान, निशांत व महेश भी शामिल है। जिनकी हरकतों के कारण वह घर में कैद होकर रह रही है। क्योंकि उसके घर से बाहर निकलने पर देवेन्द्र के कहने पर महेश उसकी वीडियो बनाता है तथा सोशल मीडिया पर डाल देता है। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### छात्र के हत्यारोपी छात्र की अंतरिम जमानत पर हुई बहस पूरी

**गुरुग्राम।** यहां एक निजी स्कूल में प्रिंस हत्याकांड के आरोपी भोलू की अंतरिम जमानत याचिका पर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में मंगलवार को सुनवाई हुई। बताया जाता है कि पीड़ित के अधिवक्ता ने जमानत प्राप्त करने के लिए बोर्ड के सामने कई तर्क भी रखे। बोर्ड ने दोनों पक्षों के तर्क-वितर्क सुन लिये हैं और अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रखते हुए 19 जनवरी निश्चित की है, इस तारीख पर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड अपना फैसला सुनाएगा। गौरतलब है कि आरोपी भोलू के परिजनों द्वारा ओपन स्कूल से 12वीं की परीक्षा देने के लिए एक माह की अंतरिम जमानत की याचिका बोर्ड के समक्ष दायर की हुई है, ताकि आरोपी भोलू जमानत हासिल कर अपनी परीक्षा दे सके। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आरोपी भोलू करनाल जिला जेल में परीक्षा देगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी आारोपी की जमानत को लेकर परिजन जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय तक भी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन भोलू को कहीं से भी राहत नहीं मिली है।

### श्रमिकों ने प्रबंधन पर लगाए हठधर्मिता के आरोप

**गुरुग्राम।** एमके ऑटो श्रमिक यूनियन की बैठक का आयोजन यूनियन प्रधान सतीश गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने कहा कि कंपनी प्रबंधन अपनी तानाशाही से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने प्रबंधन पर पुलिस प्रशासन से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि गत दिवस धरने पर बैठे श्रमिकों पर हमला किया गया था। इस मामले में आज तक भी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है, जिससे श्रमिकों में जबरदस्त रोष व्याप्त होता जा रहा है।

## नूंह में कर्मचारियों ने विरोध जताकर सौंपा ज्ञापन


प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**नूंह।** शहर के गांधी पार्क में मंगलवार को सर्व कर्मचारी व ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। उन्होंने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्र के नाम नूंह के नायब तहसीलदार अख्तर हुसैन के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

सीटू व सफाई कर्मचारियों के प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा लंबे समय से विभिन्न विभागों में तैनात कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं कराया जा रहा है। जिसके चलते कर्मचारियों को भारी आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षों से कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा है। न्यूनतम वेतन को नहीं बढ़ाया जा रहा है। हर विभागों में ठेके पर लगे कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल में किसानों के लिए लाए गए कृषि कानून का भी वह पूरा विरोध करते हैं ऐसे में सरकार को उनकी इन समस्याओं पर तुरंत प्रभाव से ध्यान देना चाहिए।

इस मौके पर उनके साथ सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान मास्टर तैय्यब हुसैन, सफाई कर्मचारी संघ के प्रधान महेश कुमार के अलावा आशा वर्कर युनियन की उप प्रधान लैला प्रवीन, प्रधान रजनी व सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पिछले दस साल से जर्जर, कई गांवों को जोड़ने वाली सड़क

### जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं

### ग्रामीण परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिले** के गांव बलई, बनारसी और बदरपुर को जोडने वाली सड़क पिछले करीब दस साल से जर्जर अवस्था में है। जिसमें जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें गांव के नजदीक गंदा पानी भर जाता है। जिससे निकलने पर लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी इस मामले को लेकर कतई गंभीर नहीं हैं, जबकि कई बार विभागीय अधिकारियों को इस बारे में अवगत भी कराया जा चुका है।

मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष जुनेद बलई ने बताया कि उनके गांव बलई से बनारसी और बदरपुर को जोडने वाली सड़क काफी सालों से जर्जर अवस्था में है। जिससे लोगों को परेशानी होती या फिर लोगों को दूसरे रास्ते से आना जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस सड़क का अस्टीमेट 19 जुलाई 2019 से पास हुआ पडा है, लेकिन विभागीय अनदेखी के चलते इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।


जर्जर सड़क।

उनका आरोप है कि इस मामले को लेकर सीएम विंडो सहित कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। वहीं इस बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन समशेर सिंह का कहना है कि इस सड़क का अस्टीमेट प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत मंजूरी के लिए हेड ऑफिस भेजा हुआ है। मंजूरी मिलते ही सड़क पर काम शुरु करा दिया जाएगा। उम्मीद है कि एक महीने के अंदर सड़क पर कार्य शुरु हो जाएगा।

## रिश्वत लेने का आरोपी दरोगा 3 दिन के रिमांड पर

**गुरुग्राम।** रिश्वत के मामले में कॉल सेंटर संचालक की पर आत्मसमर्पण करने वाले खेड़कीदौला पुलिस थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी को राज्य सतर्कता ब्यूरो फरीदाबाद गुरुग्राम की अदालत से 3 दिन के रिमांड पर पूछताछ के लिए ले गई है। बताया जाता है कि सतर्कता ब्यूरो ने आरोपी पुलिस निरीक्षक विशाल से अपने स्तर पर पूछताछ भी शुरु कर दी है, लेकिन आरोपी सभी आरोपों को नकार रहा है।

पुलिस इस मामले में खेड़कीदौला थाना में कार्यरत तत्कालीन हेडकांस्टेबल अमित को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। ब्यूरो द्वारा हेड कांस्टेबल के परिचित कृष्ण यादव को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि उत्तम नगर दिल्ली के नवीन भुटानी ने राज्य सतर्कता ब्यूरो को शिकायत दी थी कि वह कॉल सेंटर चलाते हैं। उनका अपने साझेदार से रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद में साझेदार ने उन्हें गुरुग्राम स्थित सेक्टर 29 बुलवाया था। भुटानी को खेड़कीदौला पुलिस थाना ले जाया गया था।

# सख्त प्रोटोकॉल के बीच फिर खुला भारत का नंबर 1 बॉयज बोर्डिंग स्कूल - सिंधिया स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ग्वालियर** के सिंधिया स्कूल को 9 महीने बाद दोबारा खोलने के लिए राज्य सरकार से हरी झंडी मिल गई है। स्कूल अपने कैंपस में छात्रों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 11 और 12 जनवरी को कक्षा 12 वीं के छात्रों के साथ स्कूल एक शानदार तरीके से खुलेगा। इसके बाद जल्द ही दसवीं कक्षा के छात्र भी स्कूल आना शुरू कर देंगे। 123 साल पुराने इस बोर्डिंग स्कूल ने एक बार फिर 2020-21 के लिए एनुअल एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग (ईडब्लूआईएसआर) में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ईडब्लूआईएसआर रैंकिंग दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी रैंकिंग है।

छात्रों का स्वागत करते हुए द सिंधिया स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. माधव देव सारस्वत ने कहा, हम अपने बच्चों का वापस कैंपस में स्वागत करते हुए खुश हैं। यह हम सभी के लिए एक नया अनुभव होने वाला है, क्योंकि हम कोविड दुनिया में एक नए युग के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नए युग का नेतृत्व कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि हम हमारे सभी छात्रों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करेंगे और उन्हें संपूर्ण उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित करेंगे। हमने अपने कैंपस को कोविड मुक्त रखने के लिए सभी संभव कदम उठाए हैं।



स्कूल ने छात्रों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया है। स्कूल में आने वाले सभी छात्रों के लिए कोविड नेगेटिव सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा और इसका टेस्ट 72 घंटे से पहले का नहीं होना चाहिए। आगमन पर थर्मल स्कैनिंग और ऑक्सीजन लेवल रीडिंग ली जाएगी। परिसर में प्रवेश करने वाले सभी सामानों को एक इनोवेटिव स्कैनर में अच्छी तरह से सैनिटाइज किया जाएगा, जिसे स्कूल ने खुद बनाया है। छात्रों को तब एक डिसइंफेक्टेड और सैनिटाइज फैसिलिटी के लिए ले जाया जाएगा, जहाँ एक योग्य मेडिकल टीम काम करती है। छात्रों और छात्रों के संपर्क में आने वाले कर्मचारियों का कुछ दिनों के आइसोलेशन के बाद कोविड-19 टेस्ट किया जाएगा। एक समग्र चिकित्सा जांच भी की जाएगी। दूसरे कोविड-19 का रिजल्ट नेगेटिव आने पर ही छात्रों को उनके हाउस में जाने की अनुमति दी जाएगी।

मानक दैनिक प्रोटोकॉल में मेस, वॉशरूम आदि का सैनिटाइजेशन शामिल है। इसके अलावा व्यक्तिगत स्वच्छता की निगरानी, स्वस्थ आहार का सेवन सुनिश्चित करना और सभी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता की निगरानी की जाएगी।

## बर्ड फ्लू को लेकर गुरुग्राम जिला प्रशासन सतर्क

### मुर्गी पालने वाले तथा मुर्गी व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की

**गुरुग्राम।** जिला में बर्ड फ्लू को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। हालांकि अभी तक जिला में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। बीमार अथवा मरे हुए पक्षी की सूचना तत्काल पशुपालन विभाग को दें। अच्छे से पकाए गए चिकन या अंडे खाने में कोई खतरा नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार 70 डिग्री तापमान पर यह वायरस खत्म हो जाता है।

जिला प्रशासन के प्रवक्ता के मुताबिक मुर्गी पालने वाले तथा मुर्गी व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति मुर्गियों के सीधे संपर्क में ना आए और दस्ताने या किसी भी अन्य सुरक्षा साधन का इस्तेमाल करें। पक्षियों के पंख, म्यूकस और बींठ को ना छूएं। किसी वजह से छूए जाने की स्थिति में साबुन से तुरंत अच्छी तरीके से हाथ धोएं और मुर्गियों को बाड़े में रखें। संक्रमित पक्षियों को मारकर उनका सुरक्षित निपटान करें। उधर दूसरी तरफ सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने भी बर्ड फ्लू से बचाव को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रियता से काम करें और किसी भी पक्षी की आकस्मिक मौत होने की सूचना मिले तो तुरंत पशुपालन विभाग के अधिकारियों को बताएं। बीमार पक्षी श्लेष्मा (म्यूकस) बींठ और पंखों के संक्रमण से यह मनुष्यों में फैल सकता है, हालांकि अभी तक भारत में पक्षियों से मनुष्यों में इस बिमारी के फैलने का कोई भी केस सामने नही आया है। इसके प्रमुख लक्षण सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं जिसमें सांस लेने में तकलीफ, तेज बुखार, जुकाम तथा नाक बहना शामिल हैं।

# मन की लग्न व इच्छा शक्ति उच्चाइयों पर ले जाती है : सिंघल

एन. रोहिल्ला। सोहना

**मन** की भावनाओं को कलम के माध्यम से कविता व गीत में परिवर्तन में बदलना आसान नहीं होता है। मन में लग्न व दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता है। ऐसा व्यक्ति अपनी मेहनत व लगन के बल पर समाज में सम्मान प्राप्त करता है। यह बात चरितार्थ की है एक गृहणी कमलेश सिंघल ने।

कमलेश सिंघल एक गृहणी हैं, लेकिन समाज में बदलते परिवेश, देश के प्रति कुछ करने की देशभक्ति और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति मन में उमड़ते हुए विचारों को घर की चार दीवारी से बाहर निकल कर व्यक्त नहीं कर सकती, लेकिन अपने मन की भावनाओं को घर के कामकाज से निपटने के बाद कलम के माध्यम से कागज के कोरे पन्नों पर जरूर उड़ेल लेती हैं। जो एक कविता व गीत बन जाते हैं। जिनमें देशभक्ति, बेरोजगारी, बेटी आदि की भावनाओं को दर्शाया है। कवयित्री कमलेश सिंघल को कविताएं लिखने की प्रेरणा अपने भाई से मिली है। जिनकी गिनती देश के अच्छे कवियों में शुमार है। जो तीन किताबें भी प्रकाशित कर चुके हैं।


कमलेश सिंघल।

कमलेश ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह कभी कवयित्री बन जाएंगी। किन्तु उसकी मेहनत व लगन ने मंजिल को आसान कर दिया है और मात्र छह माह में ही कवयित्री बनने का सपना साकार हो गया है। कमलेश सिंघल पढ़ाई में शुरू से ही होशियार थीं। जिन्होंने एमए हिंदी, बीएड, एचटेट, एमफिल, नेट तक की शिक्षा ली है। जिनका सपना प्रोफेसर बनने का था। किंतु जिसमें वे सफल न हो सकीं। शादी होने के बाद भी उनका शिक्षा लेने के प्रति विशेष लगाव था। जिसके लिए उनके पति व सोहना जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यकारी अभियंता पद पर नियुक्त प्रेम सिंघल ने काफी प्रेरित व सहयोग किया है। जबकि कविताएं लिखने के लिए कमलेश के भाई कवि किशोर कुमार कौशल ने काफी उत्साहित किया था।

### क्या कहती हैं कमलेश सिंघल

**कमलेश** सिंघल कहती हैं कि उन्हें गीत व कविताएं लिखने की प्रेरणा अपने भाई किशोर से मिली है। जिन्होंने काफी उत्साहित किया है। जिनके उत्साहवर्धन से सभी विषयों पर आसानी से लिखा जाता है। हिंदी हमारी अपनी भाषा, हिंदी में हम पले बढ़े। हिंदी दिवस हर रोज ही होता, क्यों इक दिन का इंतजार करें।

# सीडब्ल्यूसी ने झुलसी महिला के बच्चों को दिया सहारा

कविता। फरीदाबाद

पाली क्रेशर जोन में एक झुग्गी में झुलसी हुई हालत में पड़ी महिला को 18 दिन बाद इलाज के लिए एएसआई दिनेश ने बीके अस्पताल में छह जनवरी को भर्ती कराया था। महिला अपनी झुग्गी में दो मासूम बच्चों के साथ रह रही थी। उसके जलने के बाद उसके साथ रहने वाला व्यक्ति तीनों को मरने के लिए छोड़कर फरार हो गया था।

पुलिस ने सूचना मिलने पर उसे बीके पहुंचाया। जहां उसकी हालत देखते हुए 75 प्रतिशत से अधिक झुलसे होने पर उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। उसे समाजसेवी सतीश चोपड़ा और बीके अस्पताल

## दो माह की बच्ची और पांच साल के लड़कों को पहुंचाया एडोप्शन सेंटर

के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने दिल्ली पहुंचाया था। जहां उसे आईसीयू में रखा गया था। इलाज मिलने के बाद फिलहाल महिला की हालत में काफी सुधार आया है। जिसके कारण अब उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया है। इस बात की जानकारी वहां महिला की देखभाल कर रहे एक समाजसेवी संस्था के सदस्य आनंद ने दी। खबर को पायनियर की तरफ से नौ जनवरी को प्रकाशित किया था। जिस पर सीडब्ल्यूसी, पुलिस और समाजसेवी ने बच्चों के लिए बेहतर कार्य किया।

## खबर पढ़कर लिया एक्शन

पायनियर समाचार पत्र में नौ जनवरी (शनिवार) को छपी खबर पढ़कर सीडब्ल्यूसी की काउंसलर अर्पणा ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने संवाददाता से सम्पर्क करके सारी जानकारी ली और उसके बाद जिला बाल संरक्षक अधिकारी गरीमा ने बात की। देर रात तक उन्होंने इस सूचना पर काम किया और रविवार को दोनों बच्चों (दो महीने की बच्ची और पांच साल के बच्चे) को एएसआई दिनेश के साथ जाकर अपने कब्जे में ले लिया। उनकी कोरोना जांच और मेडिकल करा कर बच्चों को सेक्टर-31 स्थित एक एडोप्शन सेंटर में रखवा दिया है। अर्पणा ने बताया कि छह साल से कम उम्र के बच्चों को एडोप्शन सेंटर में ही रखा जाता है। उन्होंने बताया कि बच्ची को निमोनिया है और गले में एक गांठ है। जिसका निमोनिया का इलाज शुरू करा दिया है और उसके गले में गांठ का इलाज बाद में किया जाएगा। वहीं बच्चा फिलहाल ठीक है। उसकी मां के आने पर पूरे परिवार को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास वह करेंगी। महिला के स्वस्थ्य होकर लौटने के बाद उसके झुलसने के कारणों की भी जांच पड़ताल की जाएगी। यदि मामले में कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**महिला को अस्पताल पहुंचा कर दिखाई इंसानियत**

18 दिन बाद मिला झुलसी महिला को उपचार

कविता। फरीदाबाद



इंसानियत की मिसाल पाली क्रेशर जोन में बनी बस्ती में उस वक्त मिली, जब पुलिसकर्मी ने आगे बढ़कर ... इलाज में मदद की। उसके ... व उसके परिवार की ... भूल गए। झुग्गी बस्ती ... के बाद 18 दिनों से ... महिला का एसआई ... इलाज शुरू करवाया। ... समाजसेवियों ने उसे ... बचाया। उपचार के दौरान देखभाल की जिम्मेदारी भी समाजसेवियों ने ली। वहीं महिला के दोनों बच्चों की देखरेख करने की जिम्मेदारी पुलिस ने ली है।

यह है पूरा मामला

पाली क्रेशर जोन में बनी झुग्गी में एक महिला गत 18 दिसंबर को खाना बनाते वक्त बुरी तरह से झुलस गई। इस दौरान परिवार की देखरेख करने वाला कोई नहीं था। जिसके कारण पिछले 18 दिनों तक महिला झुग्गी में बिना किसी उपचार के ही पड़ी रही। महिला के दोनों बच्चे यहां-वहां से खाना मांग कर अपनी बीमार मां को खिलाते और अपना पेट भर रहे थे। महिला की जानकारी किसी ने यह सब जानकारी को पुलिस को दे दी।

सूचना मिलने पर एएसआई दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। एएसआई दिनेश कुमार ने इंसानियत का परिचय देते हुए महिला को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहां चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां से एम्बुलेंस के माध्यम से रात को कर्मचारी प्रीतम और समाजसेवी सतीश चोपड़ा ने जाकर उसे दिल्ली अस्पताल में भर्ती करवाया। झुलसी हुई महिला की देखभाल का जिम्मा सफदरजंग के सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट के अपने मित्र आनंद को सौंपी। महिला के शरीर का 75 प्रतिशत हिस्सा जला होने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती करके रखा गया है।

नहीं था कोई

समाजसेवी सतीश चोपड़ा ने बताया कि महिला की उम्र करीब 25 वर्ष है। महिला मूलरूप से चित्रकूट कर्वी ... की रहने वाली है। उसके साथ एक युवक रहता था, उसके दो बच्चे हैं। महिला के जलने के बाद उसे छोड़कर युवक फरार हो गया। जिसके कारण दोनों बच्चे यहां-वहां से खाना मांगकर महिला को खिला रहे थे और खुद भी अपना पेट भर रहे थे। फिलहाल दोनों बच्चे पुलिस की देखरेख में पड़ोसियों के पास रह रहे हैं।

पायनियर इम्पैक्ट

# टैक्सी चालक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

## लूट करने की नीयत से दिया था वारदात को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



टैक्सी चालक को गला रेत कर हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। हत्या के मामले में एक किशोर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल जाजरू कॉलोनी का रहने वाला है और दूसरा नाबालिग आरोपी इसी एरिया का रहने वाला है।

छह जनवरी को आरोपियों ने लूट की योजना बनाई और बल्लभगढ़ बर्तन की दुकान से चाकू खरीदा और शाम के समय सेक्टर 20 फरीदाबाद से ओला कार जाजरू जाने के लिए किराए पर की। ओला कार शाहपुरा गांव के नजदीक पहुंची तो आरोपियों ने कार रुकवा कर किराया पूछा और किराया देने के बहाने मौका मिलते ही पीछे से चालक की गर्दन पर चाकू से वार किया और चालक को पीछे खींच लिया।

पिछली सीट पर खींचकर उसकी छाती में कई बार वार कर उसकी हत्या कर चालक की जेब से उसका मोबाइल फोन लूट कर गाड़ी ले जाकर थोड़ी दूर छोड़ कर फरार हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ सदर बल्लभगढ़ में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि मृतक राजकुमार निवासी संजय कॉलोनी सेक्टर 23 का रहने वाला है। ओला में कार चलाने का काम करता है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई थी। घटनास्थल से प्राप्त किए गए साक्ष्यों के आधार पर और अपनी विशेष सूत्रों की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर आरोपी राहुल को जाजरू और नाबालिग आरोपी को नोएडा उसकी बहन के घर से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपियों से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## रसायन विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

फरीदाबाद। जीजीडीएसडी कॉलेज में केमिस्ट्री एसोसिएशन द्वारा विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की शुरुआत प्राचार्य डॉक्टर जीके सपरा और विभागाध्यक्ष डॉ अंजू के आशीर्वाद से हुई। कार्यशाला में फेक न्यूज के बढ़ते खतरे के बारे में जानकारी देते हुए फैक्ट चेकिंग के प्रयोग से समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

वर्कशॉप की मुख्य वक्ता रचना कसाना फैक्टशाला ट्रेनर एवं विभागाध्यक्ष जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग डीएवी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद ने पीपीटी की सहायता से पूरे विषय को बड़े ही रचनात्मक तरीके से समझाया और सभी विद्यार्थियों से वादा लिया कि वह फेक न्यूज़ के खिलाफ अपने ज्ञान का उपयोग करेंगे और एक सशक्त समाज का हिस्सा बनेंगे। इस एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। जिसमें ट्रेनर रचना ने विद्यार्थियों के कई सवालों के जवाब दिए।

# कर्मचारी एवं मजदूरों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



फरीदाबाद। कर्मचारियों एवं मजदूरों के संयुक्त आह्वान पर सेक्टर-12 स्थित उपायुक्त कार्यालय पर कर्मचारी एवं मजदूरों ने प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार रणविजय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें किसान विरोधी कृषि कानूनों व बिजली संशोधन बिल 2020 को वापस लेने, जनसेवा के विभागों को निजी घरानों को सौंपने, पक्का करने की स्थाई नीति बनाने व जनतंत्र अधिकारों पर किये जा रहे हमलों पर रोक लगाने की मांग की।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने ऐलान किया कि 20 जनवरी को दिल्ली के ढासा बॉर्डर, टिकरी बॉर्डर, पलवल बॉर्डर पर प्रदर्शन कर किसानों के आंदोलन का समर्थन करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले यह कर्मचारी टाउन पार्क स्थित ओपन थिएटर में एकत्रित हुए और सीआईटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विशाल विरोध सभा का आयोजन किया।

सभा का संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने किया। सभा को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार ने कोरोना की आड़ में कर्मचारियों एवं मजदूरों के ऊपर तीखे हमले किए हैं। शास्त्री ने कहा सरकार द्वारा डीए की किस्त और एलटीसी बंद करना, जबरन रिटायर करने का फरमान जारी करना, कानूनों में संशोधन कर

# सर्दी में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करना पुण्य का कार्य : नागर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शारदा देवी चेरिटेबल ट्रस्ट एवं होरिबा इंडिया सीएसआर इंटीएटिव के सौजन्य से गांव मवई स्थित गोशाला में विशाल कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने लगभग 1650 लोगों को कंबल वितरित किए।


उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि कड़कड़ाती सर्दी के मौसम में गरीबों को कंबल वितरण करना एक पुण्य का कार्य है और इस प्रकार के कार्य करने से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। नागर ने कहा कि हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति के त्योहार का विशेष महत्व होता है, इस दिन दीन-दुखियों को दान देने से पुण्य की

## पूर्व विधायक ने ट्रस्ट के सहयोग से गरीबों को बांटे कंबल

प्राप्ति होती है। उन्होंने शारदा देवी चेरिटेबल ट्रस्ट व होरिबा इंडिया सीएसआर इंटीएटिव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था हर वर्ष इस प्रकार के समारोह आयोजित करके हजारों गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कार्य करती है, जिसके लिए वह प्रशंसा के योग्य है। शारदा देवी चेरिटेबल ट्रस्ट एवं ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन हरियाणा के अध्यक्ष रघुवीर शर्मा ने कहा कि उनकी यह संस्था हर वर्ष गरीबों को कंबल आदि वितरित करने का कार्य करती है। सौरभ तनेजा, कमल सिंह चंदीला, गंगाराम नरवत, ओमपाल शर्मा, सीकरी साहब, अनुराग कुमार, श्याम पेडीवाल मौजूद थे।

# कोरोना : 34 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 45894

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। मंगलवार को 34 मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 45894 पर पहुंच गया। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि 78 मरीजों ने कोविड-19 की जंग जीत ली है। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो जिले में 1673 लोगों की रिपोर्ट आनी अभी शेष है।

**ये हैं आंकड़े**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांचें | : 470375 |
| अब तक पॉजिटिव | : 45894 |
| अब तक नेगेटिव | : 422808 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1673 |
| ऑक्सीजन पर है | : 13 |
| वेंटिलेटर पर है | : 7 |
| अब तक मौत | : 408 |
| अब तक ठीक | : 45265 |

### यहां से पॉजिटिव

जिले में 34 पॉजिटिव में सेक्टर-3 (1), सेक्टर-49 (1), फतेहपुर चंदीला (1), सेक्टर-29 (3), सेक्टर-7ई (1), सेक्टर-8 (2), सेक्टर-82 (1), सेक्टर-88 (3), एसजीएम नगर (1), सुभाष कॉलोनी (1), एनएच-5 (2), ईस्माईलपुर (1), विष्णु कालोनी (2), एनएच-तीन (1), सेक्टर-30 (1), सेक्टर-28 (1), तिगांव (1), जवाहर कॉलोनी (1), सेक्टर-17(1), सेक्टर-10 (1), महावीर कॉलोनी (1), भीम बस्ती (1), इंदरा कॉम्प्लेक्स (2) और अन्य एरियों से तीन मरीज शामिल है।

## मंत्री शर्मा ने लिया विकास कार्यों का जायजा

फरीदाबाद। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टर 2 में कराए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर दौरा किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस मौके पर सेक्टर वासियों से उनकी समस्याओं को जाना और जल्द ही सेक्टर 2 हाउसिंग बोर्ड में बनाए जाने वाली सड़कों और वहां के पार्क पर जल्द कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा सेक्टर दो स्थित सोसायटी के साथ लगते हुए अमेजिंग पार्क को डवलप करने के लिए सोसाइटी वालों को भी भरोसा दिलाया है और कहा कि जल्द ही अमेजिंग पार्क एक सुंदर

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस का किया आयोजन

फरीदाबाद। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने कहा की हम सबको स्वामी विवेकानंद के राष्ट्र पुरुषों से प्रेरणा लेकर देश हित में अपना कर्तव्य प्रस्तुत करना चाहिए। हमें पढ़ाई के साथ साथ देश भक्ति के संस्कारों को भी अति आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिया मार्गदर्शक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



दुनिया को भारतीय संस्कृति और जीवन पद्धति से परिचय कराने वाले महान आध्यात्मिक और सामाजिक नेताओं में से एक स्वामी विवेकानंद की जयंती आज है। युवाओं के प्रेरणा के प्रतिक नेता विवेकानंद की याद में ही हर वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्र युवा दिवस बनाया जाता है जिसके अंतर्गत आज ग्राम पंचायत हिरापुर में जन्वा फाउंडेशन एवम खेल एवम युवा कार्यक्रम विभाग जिला फरीदाबाद के सहयोग से दीपक आज़ाद की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर युवाओं को उनके जीवनी से जुड़ी कुछ बातों को बताया गया।

इस अवसर पर खेल एवम युवा कार्यक्रम विभाग से युवा समन्वयक अधिकारी श्रीमती सुनीता ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव के अवसर पर एक सप्ताह तक अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का कार्य किया जाता हैं। जन्वा फाउंडेशन के अध्यक्ष व खेल एवम युवा कार्यक्रम विभाग के राज्य स्तरीय सर्व श्रेष्ठ युवा हिमांशु भट्ट ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए युवा दिवस के इतिहास की जानकारी दी। इस अवसर पर राम प्रसाद, कशी, राजन, तेजी, अर्जुन, दिनेश, महेश, ललित, धीरज, अमित, सोनू, गोविन्द आदि मौजूद रहे।

# युवा दिवस पर साइकिल रैली निकाल कर किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मनचन्दा ने बताया कि आज युवा दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करने के साथ साथ जागरूकता रैली भी निकाली गई।

रैली को डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत और प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में प्राध्यापक जसनीत कौर, मोनिका, संजय मिश्रा, शिवम बाधवा, सुंदर लाल, सूबे सिंह और स्वास्थ्य विभाग से सुभाष गहलौत, प्रीति आदि भी शामिल रहीं। रैली में छात्राओं ने युवाओं से स्वस्थ्य रहने और एड्स जैसी भयानक बीमारी से सतर्क रहने की प्रेरणा और परामर्श दिया। इससे पूर्व प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, वे युवा के पथ प्रदर्शक और सर्वोच्च आदर्श के रूप में हमारे बीच हमेशा उपस्थित थे, है और रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानन्द आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि हैं। विशेषकर भारतीय युवकों के लिए स्वामी विवेकानन्द से बढ़कर दूसरा कोई नेता नहीं हो सकता। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में उन्होंने वर्तमान भारत को दृढ़ रूप से प्रभावित किया है। स्वामी जी का दर्शन एवं स्वामी जी के जीवन तथा कार्य के पश्चात निहित उनका आदर्श—यही भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत हो सकता है।

भारत की युवा पीढ़ी स्वामी विवेकानन्द से निःसृत होने वाले ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज के स्रोत से लाभ प्राप्त कर अपने आप को श्रेष्ठ बनाने की राह पर तीव्रता से आगे बढ़ रही है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हर बच्चे में आशा की किरण देखते थे जो कि राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकता है। उन्होंने युवाओं के सामर्थ्य के सही इस्तेमाल पर अत्यधिक बल देते थे।

शिक्षा एवं शांति के साथ स्वामी विवेकानंद में सम्पूर्ण विश्व के युवाओं को प्रभावित किया और युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपना कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलें और जो भी वो पाना चाहते हैं उसके लिए प्रयास करके उसे प्राप्त करें। स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा के महत्व को लेकर कहते थे कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा एक मूल साधन है। उन का कहना था कि पढ़ने के लिए, जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए, जरूरी है ध्यान, ध्यान से ही हम इन्द्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते है और उठो और जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तमु अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते।

# पहली इलेक्ट्रिक कार को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



उपायुक्त यशपाल ने कहा कि आने वाले समय में पर्यावरण प्रदूषण कम करने के लिए हमें इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की तरफ बढ़ना होगा। इसी की शुरुआत आज हम फरीदाबाद जिला प्रशासन की पहली इलेक्ट्रिक कार के साथ कर रहे हैं।

अक्षय ऊर्जा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा यह इलेक्ट्रिक कार अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय प्रयोग के लिए दी गई है। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय से इलेक्ट्रिक कार को हरी झंडी दिखा रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि अक्षय ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदेश के चार जिलों फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल व पंचकूला जिला को ये इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि जिला का पहला इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन भी लघु सचिवालय परिसर में शुरू किया गया है। इसे 3.2 किलोवाट के चार्जिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहनों की निःशुल्क चार्जिंग की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में 500 स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन लगाने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य प्रत्येक तीन किलोमीटर पर ई-चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वयं रक्षा परिक्षण का किया आयोजन



फरीदाबाद। सेक्टर-16 ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ, एनएसएस व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद के 158वें जन्मोत्सव पर एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वयं रक्षा परिक्षण का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य नम्रता शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक प्रगति में स्वामी विवेकानन्द ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को स्पष्ट संदेश दिया कि विवेकानन्द के आदर्शों व उनकी शिक्षाओं पर अमल करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रीय स्तरीय स्वयंसेवक परीक्षक, शशि बाला ने छात्राओं को स्वयं रक्षा परीक्षण की बारीकियां सिखाईं एवं परीक्षण भी कराया। परीक्षण में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया व स्वयं रक्षा के कुछ गुर भी सीखे। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्या अमिता कुमारी, प्रोफेसर रीतिका गुप्ता, अर्चना वर्मा, स्वामी विवेकानन्द युवा सेल की नोडल अधिकारी डॉ. भैरवी, एनएसएस पीओ डॉ. रचना सैनी, डॉ. वर्षा शर्मा, प्रिया सैनी, चंचल, पूनम शर्मा, प्रभाकार पाण्डेय, सविता नागर आदि मौजूद रहे।

## उपनिदेशक मोहित जैन गुरुग्राम विश्वविद्यालय स्थानांतरित



फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में स्थानांतरित हुए उप निदेशक (लेखापरीक्षा) मोहित जैन को विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। हरियाणा सरकार के वित्त विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार मोहित जैन को गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में स्थानांतरित किया गया है। वे मई 2017 को जेसी बोस विश्वविद्यालय में कार्यरत थे और उन्होंने विश्वविद्यालय में तीन वर्षों से अधिक की निरंतर सेवाएं प्रदान कीं। वित्त विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में उप निदेशक (लेखापरीक्षा) के रूप राजीव शर्मा को नियुक्ति प्रदान की गई है। इससे पहले, राजीव शर्मा नगर निगम, सोनीपत के उप निदेशक (लेखापरीक्षा) के पद पर कार्यरत थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय में मोहित जैन के कार्यकाल को सराहा। कहा कि 2017 में कार्यभार संभाले के बाद से उन्होंने विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक कामकाज में सुधार लाने में विश्वविद्यालय का मार्गदर्शन किया। मोहित जैन को उनके नये दायित्वों के लिए शुभकामनाएं कुलपति ने देते हुए कहा कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय, जो अपेक्षाकृत एक नया विश्वविद्यालय है, को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह, उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. मेहा शर्मा, उप कुलसचिव (क्रय) मुनीष गुप्ता, अधीक्षण अभियंता अजय तनेजा, मुख्य लेखा अधिकारी एसपी कौशिक, सहायक विधि अधिकारी रेणु डागर और विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पेड़ सजाकर दिया एचआईवी से बचाव का संदेश



फरीदाबाद। आओ मिलकर एचआईवी व सिफलिस की जांच करायें। क्योंकि युवा स्वस्थ तो देश स्वस्थ। यह बात युवा दिवस के मौके पर सीएमओ रणदीप सिंह पूनिया ने कही। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर युवा दिवस मनाया जाता है। मौके पर सिविल अस्पताल के पार्क में एक पेड़ को रेड रिबन से एचआईवी के लोगो बनाकर सजाया गया। इस बारे में डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने बताया कि इससे युवाओं को यह संदेश दिया गया, कि जिस तरह से पेड़ उन्नति की तरफ बढ़ता है। उसी तरह से देश के युवा पीढ़ी अपनी पॉजिटिव एनर्जी के साथ आगे बढ़े और नशे से दूर रहे। जोकि हमारे युवाओं को अंदर से खोखला कर रहा है। मौके पर सीएमओ डॉ. रणदीप सिंह पूनिया, डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत, डॉ. गजराज, डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. नवीन, डॉ. सुभाष गहलौत, कोआर्डिनेटर विजेन्द्र, राजकुमार, अशोक, विकास, रविन्द्र, विरेन्द्र, अनीता, प्रीति, कविता, मनीषा, मुकेश और सुमित आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने जानी सूर्या नगर की समस्याएं



फरीदाबाद। सूर्या नगर फेस 1 सेक्टर 91 में आयोजित सभा में मोदी है तो मुमकिन है के नारे सुनाए दिए। स्थानीय लोगों ने तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर का स्वागत कर अपनी मांगें बताईं। जिन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के लिए नागर ने आश्वासन दिया। विधायक यहां स्थानीय आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा की सरकार में चेहरा देखकर काम नहीं किए जाते। यहां सभी के काम किए जाते हैं। यही कारण है कि हम लोगों के दिलों में जगह बना रहे हैं। नागर ने कहा कि आज पूरी दुनिया वैश्विक मंदी और कोरोना महामारी से जूझ रही है, इसके बावजूद भारत की स्थिति सबसे अच्छी है। जो बुरे दिन हैं वो भी जल्द बीत जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष एस ए खान, मोती राम चांदवाड़ा, सुरेश गुप्ता, महासचिव दीप चंद्रा, संयुक्त सचिव आरती मंगला, विनोद राय, आरबी झा, कोषाध्यक्ष मोहन नेगी, सांस्कृतिक सचिव सोनिया श्रीवास्तव, सुनीता पांडे, आलोक जमौर, दीपेश कुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटी पुस्तकें



फरीदाबाद। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शहर के अलग अलग स्थनो पर जाकर युवा समाज सेवी जसवन्त पंवार ने गरीब, बेसहारा, बच्चों तक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वामी विवेकानन्द जी की 157 वी जयंती के अवसर पर कॉपी, किताब बांटी। जसवन्त पंवार ने बताया सिर्फ 25 साल की उम्र में विवेकानंद संन्यासी बन गए थे। संन्यास के बाद इनका नाम विवेकानंद रखा गया। गुरु रामकृष्ण परमहंस से विवेकानंद की मुलाकात 1881 कोलकाता के दक्षिणेश्वर काली मंदिर में हुई थी। परमहंस ने उन्हें मंत्र दिया कि सारी मानवता में निहित ईश्वर की सचेतन आराधना ही सेवा है। देश के विकास में युवा पीढ़ी का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश के युवाओं को सही मार्गदर्शन मिल सके, इसलिए हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।

## नाबालिग बच्चे को तलाश कर किया परिजनों के हवाले



फरीदाबाद। थाना एनआईटी पुलिस टीम को गश्त के दौरान एक लड़का लावारिस हालत में घूमता मिला। जिसका नाम पता पूछा तो अपना नाम पता बताया। पुलिस टीम ने लड़के बारे कंट्रोल रूम को सूचना दी और पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुपों में लड़के की फोटो डाली गई। जिस पर का पता चला कि लड़का एनएच-5 फरीदाबाद का रहने वाला है। जिसकी गुमशुदगी का मुकदमा थाना एनआईटी में दर्ज है। थाना एनआईटी को सूचना कर लड़के को उनके हवाले किया गया। थाना एनआईटी ने नाबालिक लड़के के घर वालों को सूचना देकर बुलाया गया। लड़के के पिता हार्दिक भाटिया निवासी एनएच-5 ने बताया उनका लड़का दसवीं कक्षा में पढ़ता है। उसके मिडटर्म के एग्जाम हुए थे जिस में लड़के के परिक्षा के नम्बर कम आये थे। घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जो लड़का झगड़े को देख घर से बिना बताये 08 जनवरी निकल गया था।

# नए कृषि कानून
## सर्वोच्च न्यायालय का दृष्टिकोण


**सर्वोच्च** न्यायालय ने एक बार फिर कार्यपालिका को याद दिलाया है कि वह मामलों में कानूनी हस्तक्षेप के लिए उस पर निर्भर रहने के बजाय कार्यपालिका के रूप में अपना कामकाज सटीक तरीके से करे। उसने एक प्रकार से सरकार की खिंचाई करते हुए कहा है कि उसने अतीत में दी गई सलाह पर पूरी तरह अमल नहीं किया और जिम्मेदारी उस पर टालने का प्रयास किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को याद दिलाया है कि वह नए कृषि कानूनों पर गतिरोध पर अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े तथा न्यायालय मूलत: नीतिगत मामले में अपनी भूमिका को अनदेखा नहीं कर सकता है। न्यायाधीशों ने पुन: जटिल मामलों के समाधान हेतु विचार-विमर्श की प्रक्रिया पर पुन: जोर दिया है। उसने सरकार से कहा कि वह कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाए अन्यथा यह काम अदालत कर देगी। उसने कहा है कि संवाद ही एकमात्र रास्ता है और पूछा है कि 'आपकी जिद क्या है?' तथा 'आप समस्या का हिस्सा हैं कि समाधान का?' सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी मध्यस्थता समिति गठित करने का महत्व स्पष्ट किया है। अदालत ने इस संस्तुति पर सरकार से गौर करने को कहा है। इस प्रकार देश की शीर्ष अदालत ने निश्चित रूप से लोकतांत्रिक विमर्श का महत्व उजागर किया है। उसने किसानों के प्रति केन्द्र की जिम्मेदारी मानते हुए कहा है कि किसान कानूनी जटिलताओं से मुक्ति चाहते हैं। अदालत ने अनेक याचिकाओं पर विचार किया जिनमें नए कृषि कानूनों तथा दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलनकारी किसानों को चुनौती दी गई थी। उसे मानवीय समस्याओं के प्रति गंभीर चिन्ता है और उसने किसानों की आत्महत्याओं तथा खराब मौसम में वृद्धों एवं महिलाओं की



आंदोलनकारियों में उपस्थिति पर सवाल उठाए हैं। स्पष्ट रूप से यह नागरिकों का एक आंदोलन है जो नियंत्रण के बाहर जा सकता है। न्यायालय ने कठोर कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी है। भारत के प्रधान न्यायाधीश एस.ए. बोब्डे ने कहा है कि 'हम आपके हाथों पर खून नहीं देखना चाहते हैं।' अदालत ने यह संकेत भी किया कि कानूनों का क्रियान्वयन रोके जाने के बावजूद आंदोलन जारी रह सकता है और इसे स्पेस मिलना जरूरी है। केन्द्र इसके लिए 'पुरानी सरकारों को दोषी' नहीं ठहरा सकता है। उसने ऐसे मामलों में विपक्षी षडयंत्र की बात करने की प्रवृत्ति पर भी चिन्ता जताई। अदालत के कठोर दृष्टिकोण को किसान संगठनों की विजय के तौर पर पेश किया जा सकता है, लेकिन वास्तव में यह सरकार की राजनीतिक विफलता है। यदि सरकार ने कानूनों को जांच के लिए उच्च सदन में स्थाई समिति को भेजा होता तो शायद ऐसी स्थिति न पैदा होती। केन्द्र व राज्यों के बीच जीएसटी जैसी सहमति इस मामले में भी सहायक सिद्ध होती क्योंकि कृषि संबंधी कानून संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में शामिल हैं। ये कानून देखने में अच्छे इरादों वाले तथा सुधारवादी लगते हैं जो दीर्घकालीन रूप से किसानों की सहायता करना चाहते हैं। लेकिन सरकार ने कानून बनाते समय इनकी प्रत्येक धारा का समुचित विश्लेषण नहीं किया। इसके कारण किसानों में विरोध पैदा हुआ है। किसान बाजार अर्थव्यवस्था के खिलाफ नहीं हैं, पर वे उसमें अपना समान स्थान चाहते हैं। विशेषज्ञों का तर्क है कि यह विरोध मुख्यत: पंजाब और हरियाणा के किसानों का है जिनको सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर काफी मात्रा में खरीद की गारंटी का सबसे ज्यादा लाभ मिला है। लेकिन खेती की बढ़ती लागत को देखते हुए अब एमएसपी स्वयं लाभकारी नहीं रह गई है। ऐसे में किसानों को कम दाम पर फसलें बेचनी पड़ती हैं और वे स्वाभाविक रूप से खुले बाजार में प्रतियोगी कीमतों से चिन्तित हैं। इन कानूनों का उद्देश्य छोटे व सीमान्त किसानों की स्थिति सुधारना बताया गया है, पर सीमित संसाधनों के कारण वे स्थानीय मंडियों में भी अपने उत्पाद ठीक से नहीं ले जा पाते हैं। समुचित भंडारण व प्रसंस्करण सुविधाओं के अभाव में वे बड़ी खाद्य पदार्थ कंपनियों पर निर्भर रहेंगे। किसानों को असमान समझौते से कानूनी सुरक्षा देने की आवश्यकता है।

# महात्मा गांधी की राजनीति

गांधीजी की स्वराज की अवधारणा उनके हिंदू विचारों से उपजी थी। लेकिन संभवत: उन्होंने वैश्विक इस्लामवाद के समक्ष हिंदू हितों की अनदेखी की।



**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)



वर्ष 2003 में जे.के.बजाज, प्रोफेसर एम.डी. श्रीनिवास व ए.पी.जोशी ने एक उल्लेखनीय रचना 'रिलीजस डेमोग्राफी आफ इंडिया' पेश की। इसमें 1981 व 1991 के जनसंख्या आंकड़ों से भारत में विभिन्न धार्मिक समुदायों के बदलते हिस्से का खुलासा किया गया था। विभाजन भारत के अंतर-सामुदायिक संबंधों में एक परिवर्तनकारी समय था। हालांकि, इस अध्ययन ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया उस समय समाप्त नहीं हुई थी। भारत में मुसलमानों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही थी। ऐसा खासकर सीमाओं या तटों से सटे क्षेत्रों में था। भारत के अनेक जिलों में मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर काफी अधिक पाई गई है। जम्मू कश्मीर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तर पूर्वी बिहार, पश्चिम बंगाल व असम तथा बांग्लादेश से सटे जिलों में मुस्लिम जनसंख्या अधिक है। 1912 में कर्नल यू.एन. मुखर्जी ने 1881 से 1911 की जनगणना के आधार पर कहा था कि हिंदू एक 'मृतप्राय' नस्ल है। हालांकि, बजाज के साथियों ने जनगणना आंकड़ों का ज्यादा व्यापक विश्लेषण किया है, पर उन्होंने नतीजा निकाला है कि औपनिवेशिक भारत की तुलना में स्वतंत्र भारत में जमीनी स्थितियों में परिवर्तन बहुत गंभीर हैं। इन परिवर्तनों के भविष्य में भारत में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

भारत के भविष्य या इसके समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में इस पुस्तक पर सत्तारूढ़ लोगों को गौर करना चाहिए। मई, 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की पराजय के बाद बनी संप्रग-1 सरकार ने मुस्लिमों का समर्थन करने वाली नीतियां बनाईं। उसने मुसलमानों में पिछड़ेपन का अध्ययन करने के लिए सच्चर कमेटी का गठन किया, अल्पसंख्यक मामलों का प्रमुख एक मुसलमान को बनाया तथा अल्पसंख्यकों के लिए लाखों रुपयों की स्कालरशिप घोषित की जिसका ज्यादातर हिस्सा मुसलमानों को मिला। इस प्रकार बजाज के पूर्वानुमान सही साबित हुए कि मुस्लिम जनसंख्या संरचना राज्य की नीतियों को बदल रही थी। लेकिन उन्होंने जिन शक्तियों के साथ अपना वैचारिक जुड़ाव प्रदर्शित किया था, उन्होंने भी उनकी रचना को ज्यादा महत्व नहीं दिया। उन्होंने शायद ही यह परिश्रमसाध्य ग्रंथ पढ़ा हो या उससे संदर्भ दिए हों। हालांकि, बजाज का सेंटर फार पालिसी स्टडीज़ अब भी काम कर रहा है और उसे केन्द्रीय दिल्ली में एक भवन भी मिल गया है जिसका अर्थ यह है कि वह अपनी परियोजनाओं का लाभ उठाने या फंडिंग पाने में सफल रहा है। लेकिन उनकी उल्लेखनीय रचना को उन लोगों ने महत्व नहीं दिया जिनसे इसकी उम्मीद सर्वाधिक थी।

2014 से भारत में एक अत्यधिक उल्लेखनीय प्रधानमंत्री बनने के बाद से हिंदू राष्ट्रवादी प्रसन्न हैं। लेकिन सरकार की अल्पसंख्यक या मुस्लिम समर्थक नीतियां केवल बड़ी व बेहतर हुई हैं। नई मंजिल, उस्ताद व गरीब नवाज़ जैसी नई योजनाओं की घोषणा मोदी सरकार ने की है। वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 2,082 करोड रुपया प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक तथा मेरिट आधारित स्कालरशिपों के माध्यम से बांटा गया है, जबकि यह 2013-14 में 1,729 करोड़ था। पहले अल्पसंख्यकों के लिए मल्टी सेक्टोरल कार्यक्रम कहे जाने वाले प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का विस्तार 308 जिलों तक किया गया, जबकि संप्रग सरकार में यह 90 जिलों तक था। पहले जिसे 'तुष्टीकरण' का आरोप बताया जाता है अब उसकी व्याख्या 'सशक्तीकरण' के रूप में की जाती है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए काम करने वाले कांग्रेस युग के सभी संस्थान अच्छी तरह काम कर रहे हैं। लेकिन इस सरकार ने कभी भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त की नियुक्ति नहीं की, जबकि यह संवैधानिक पद है।

बजाज व प्रोफेसर श्रीनिवास ने गांधीजी के विचारो पर 1,000 पेज की एक व्याख्या प्रस्तुत की है। 'मेकिंग आफ अ हिंदू पैट्रियट: बैकग्राउंड आफ गांधीज़ हिंद स्वराज' पुस्तक मुख्यत: गांधीजी के अपने पत्र व्यवहार व विचार-विमर्श पर केन्द्रित है। जैसा कि स्पष्ट है, इसका संबंध 1908 तक कालखंड से है जब हिंद स्वराज का प्रकाशन हुआ था। जनवरी, 1915 में भारत आने के पहले गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में 24 साल बिताए थे। हालांकि, इस स्तंभकार ने यह पुस्तक अभी नहीं देखी है, पर उसे कोई संदेह नहीं है कि यह बहुत अच्छी रचना है। क्या यह विषय केवल दो लेखकों का काम था? क्या यह सचमुच पहले धार्मिक जनसंख्या संरचनाओं पर किए काम के आधार पर भारत के भविष्य के लिए कोई योगदान करता है?

लेखकों का मूल विचार यह है कि गांधीजी का राजनीतिक दृष्टिकोण मुख्यत: उनकी घोषित हिंदू प्रतिबद्धताओं से बना था। गांधीजी के भाषणों व पत्र व्यवहारों को पढ़ने वालों की नजर में यह बात ठीक है। 'मैं एक हिंदू की तरह बोलता हूं' तथा 'हमारे हिंदू धर्मग्रंथ बताते हैं' जैसे वाक्य इस साहित्य में बार-बार आते हैं। उन्होंने सत्याग्रह, ब्रह्मचर्य, रामराज्य, उपवास, मौन, दरिद्र नारायण, हरिजन जैसी अवधारणाओं को मुख्यधारा में ला कर भारतीय सोच को औपनिवेशीकरण से मुक्त कराया। लेकिन हिंदूवाद के गहरे प्रभाव वाले ऐसे व्यक्ति ने तुर्की में सत्ता पर कब्जा कराने के लिए खिलाफत आंदोलन को बहाल करने के लिए इतना परिश्रम क्यों किया? गांधीजी ने हिंदू-मुस्लिम एकता को किसी राजनीतिक कार्रवाई की पूर्वशर्त बनाया था। उन्होंने 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजन में अल्लाह, रहीम और करीम जैसे शब्द डाल कर उसे विकृत किया। गांधीजी ने मलाबार के हत्यारे मोपलाओं को 'ईश्वर से डरने वाले लोग' कहा और 1926 की गोहाटी कांग्रेस में स्वामी श्रृद्धानंद के हत्यारे अब्दुल राशिद की निन्दा करने से इनकार करते हुए उसे 'भाई' कहा, जैसे उसने कोई गलती न की हो। बी.आर. अंबेडकर ने अपनी उल्लेखनीय पुस्तक 'पाकिस्तान आर द पार्टीशन आफ इंडिया' में आश्चर्य व्यक्त किया है कि क्या कोई समझदार व्यक्ति उस सीमा तक हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए जा सकता है जिस सीमा तक महात्मा गांधी गए। लेकिन हिंदू हितों को नुकसान पहुंचाने के बावजूद गांधीजी मुसलमानों को प्रभावित नहीं कर सके। उन्होंने स्वयं को गांधीजी के नेतृत्व से अलग किया और जल्द ही खिलाफत असहयोग आंदोलन विफल हो गया। इसके बजाय मुसलमानों ने हिंदुओं का विरोध किया जैसे कि वे ही मुस्तफा कमाल पाशा द्वारा खलीफत समाप्त कराने के जिम्मेदार हों। गांधीजी को स्वीकार करना पड़ा कि हर मुसलमान दबंग तथा हर हिंदू कायर था। गांधीजी ने हुसेन शहीद सुहरावर्दी का समर्थन किया, जबकि अगस्त 1946 के कोलकाता दंगों में उसका हाथ था। वह नई दिल्ली के बिड़ला हाउस में गांधीजी की प्रार्थना सभाओं में भाग ले सकता था। बाद में भारत के विदेश सचिव बने सुबीमल दत्त ने उसे वहां देखा था। क्या 'हिंदू देशभक्त' को ऐसा काम करना चाहिए था?

आश्चर्य है कि गांधीजी ने स्वयं को दक्षिण अफ्रीका में 'हिंदू देशभक्त' के रूप में क्यों पेश किया। दक्षिण अफ्रीका में हिंदू-मुस्लिम सवाल का कोई अस्तित्व नहीं था और न ही यह औपनिवेशिक नीति का अंग था। प्रवासी भारतीय वहां बहुत छोटे अल्पसंख्यक समूह थे, जबकि थोड़े से श्वेत शासक विशाल अश्वेत जनसंख्या पर शासन करते थे। गांधीजी के हिंदुत्व की परीक्षा भारत में खिलाफत आंदोलन के वर्षों में हुई जब मुस्लिम लीग पाकिस्तान के लिए अभियान चला रही थी। वे इस परीक्षण में दयनीय रूप से विफल सिद्ध हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा इस पुस्तक का विमोचन संभवत: 'आरएसएस के गांधीकरण' का संकेत है, हालांकि हिंदू हित इस संगठन के केन्द्र में हैं।

यदि गांधी सचमुच 'हिंदू देशभक्त' होते तो के.बी.हेगड़ेवार को 1925 में आरएसएस की स्थापना की जरूरत न होती। इसके साथ ही हिंद स्वराज या इंडियन होम रूल से आगे निकलने के बाद गांधीजी ऐसे व्यक्ति थे जो स्वयं को सभी प्रकार की आधुनिकता और औद्योगीकरण, जैसे रेलवे, मशीनों, अदालतों, संसद, आदि से अलग कर लेना चाहते थे। क्या 'न्यू इंडिया' का यही भावी रास्ता होगा।

# अमेरिकी लोकतंत्र को ट्रंप का झटका

"अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को जो बिडेन के पद संभालने तक लोकतंत्र को बिगाड़ने के और भी प्रयास कर सकते हैं।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



व्हाट्सऐप पर एक संदेश कुछ समय से चल रहा है : "अमेरिकियों ने हाल ही में पाया है उनके देश की तुलना में अन्य देशों में राष्ट्रपति बदलना ज्यादा आसान है।" अत:, किस तरह, लोकतंत्र को चलाने के मामले में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत की तुलना सबसे पुराने लोकतंत्र, अमेरिका से की जा सकती है?

पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान, निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की थी कि वो पराजित हो गए तब भी व्हाइट हाउस नहीं छोड़ेंगे। उनके प्रतिद्वंद्वी, निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन, ने कहा कि ट्रंप को सेना की मदद से बाहर निकाला जाएगा। लेकिन किसी ने भी कैपिटल हिल पर हमले की उम्मीद नहीं की थी जिसे अमेरिका में लोकतंत्र का मंदिर माना जाता है। ट्रंप ने पराजय स्वीकार करने से इनकार करने और चुनाव में घपलेबाजी होने का दावा करते हुए पिछले दो महीने गुजारे हैं। मगर सबसे बुरा था उनके द्वारा कैपिटल हिल दंगों को भड़काना। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ट्रंप ने पिछले बुधवार की सुबह की शुरुआत सत्ता में बने रहने के लिए किए गए अंतिम प्रयास के साथ की थी एक ट्वीट के साथ, जिसमें उपराष्ट्रपति माइक पेंस से हस्तक्षेप करने तथा जो बाइडेन का चुनाव उलट देने की बात कही थी। पेंस ने निर्वाचक मंडल को प्रमाणित करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस का सम्मिलत सत्र आयोजित करने के कुछ मिनट पहले यह घोषणा करते हुए सार्वजनिक रूप से एक पत्र जारी किया कि वो अवैधानिक रूप से कांग्रेस में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। ट्रंप ने लगभग 1 बजे दोपहर को अपने समर्थकों को संबोधित किया और घोषणा की : "हम हार नहीं मानेंगे, हम झुकेंगे नहीं", और घोषणा कर दी कि हम कैपिटल जा रहे हैं। ट्रंप ने अपने समर्थकों को उन्मादी बना दिया। हालांकि, वो दंगों में उनके साथ शामिल नहीं हुए थे जो कैपिटल हिल पर हुए और व्हाइट हाउस वापस जाकर टेलीविजन पर विध्वंस होता देखने लगे। बुधवार के अंत में, अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बिडेन की जीत पुष्टि किए जाने के बाद, ट्रंप ने घोषणा की : "यद्यपि मैं चुनाव परिणामों से असहमत हूं, इसके बावजूद 20 जनवरी को विधिसम्मत तरीके से सत्ता का हस्तांतरण किया जाएगा।"

ट्रंप के बर्ताव के पीछे बहुत से कारण हैं। सर्वप्रथम, वो बुरे तरीके से पराजित हुए हैं और पराजय स्वीकार करने से इनकार करते हैं। 2016 में भी, ट्रंप ने घोषणा की थी कि वो चुनाव परिणामों को तभी स्वीकार करेंगे यदि वो जीतते हैं अथवा वो कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे। दूसरे, अब वो राष्ट्रपति चुनाव हार चुके हैं, वो अभियोजन के खिलाफ सभी परिसंघीय संरक्षणों को खो देंगे। वो चाहते हैं कि उनके अनुयायी उनके समर्थन का आधार बनें यदि वो 2024 में पुन: दांव आजमाते हैं। वो उन 73 मिलियन लोगों पर भी निर्भर हो गए हैं जिन्होंने इस बार उनके पक्ष में मत दिए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि वो अगला चुनाव लड़ने की फिराक में हैं और शहीद की भूमिका निभाना चाहते हैं। चौथे, उन्हें उन रिपब्लिकनों के एक तबके को भी खुश रखना पड़ेगा जो पार्टी में उनका समर्थन करता है। अमेरिकी लोकतंत्र पर ऐसा अवमानना के योग्य हमला उसे सबसे बड़े लोकतंत्र भारत से तुलना करने को प्रेरित करता है जो पिछले 73 वर्षों में बहुत सी परीक्षाओं व पीड़ाओं से गुजर चुका है। भारत में 17 बार सत्ता का हस्तांतरण सुगमतापूर्वक हुआ है। मतदाता भी बीते दशकों में परिपक्व हो चुके हैं और आजादी के समय से उन्होंने स्वेच्छाचारी नेताओं को दंडित किया है। यहां तक कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जिन्होंने 1975 में आपातकाल घोषित किया था मगर व्यवस्था के भीतर रहकर ही काम किया था जिसको अमेरिकी की वर्तमान स्थिति के समानांतर नहीं रखा जा सकता।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत आपातकाल घोषित करने के पश्चात, इंदिरा ने आंतरिक अशांति के पीछे सीआईए की छिपी भूमिका होने का आरोप लगाया था। स्वर्गीय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, जो आजीवन कांग्रेसी रहे, ने अपनी पुस्तक 'दि ड्रामैटिक डिकेड' में आपातकाल के बारे में जिक्र किया है। उन्होंने उस अवधि की व्याख्या इस प्रकार की : "मूल अधिकारों तथा राजनीतिक गतिविधियों को निलंबित किया जाना, बड़े पैमाने पर राजनीतिक नेताओं व एक्टिविस्टों की गिरफ्तारियां, प्रेस पर प्रतिबंध एवं चुनाव न करवाकर विधायिका का कार्यकाल बढ़ा देना आदि आपातकाल के कुछ उदाहरण हैं जिनके कारण जनता के हितों पर बुरा असर पड़ा। कांग्रेस और इंदिरा गांधी को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।"

23 मार्च 1977 को आपातकाल आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया था। कांग्रेस 1977 के लोकसभा चुनावों में 352 सीटों से गिरकर 189 सीटों पर आ गई थी। जनता पार्टी सत्ता में आई। हालांकि, एक बार जब जनता का गुस्सा ठंडा पड़ गया तो 1980 में इंदिरा गांधी पुन: सत्ता में वापस आ गईं जब जनता पार्टी की सरकार गिर गई। तब से, उनके उत्तरवर्तियों ने स्वयं को संविधान की सीमाओं के भीतर बांधे रखा। यहां तक उन राज्यों में भी जहां तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे जयललिता अथवा राजद नेता लालू यादव जैसे बड़े कद वाले नेताओं ने स्वेच्छाचारी ढंग से शासन किया, मगर यह काम भी उन्होंने संविधान की सीमाओं के भीतर ही किया। अत:, उस हद तक, भारत भाग्यशाली रहा है कि लोकतंत्र निर्बाध रूप से कायम रहा है।

बुधवार को अमेरिकी लोकतंत्र को बड़ा धक्का पहुंचा और अभी भी ट्रंप 20 जनवरी को बिडेन के राष्ट्रपत पद संभालने के समय तक लोकतंत्र को ध्वस्त करने के और प्रयास भली कर सकते हैं। अमेरिकी संविधान निर्माताओं ने एक पदसीन राष्ट्रपति द्वारा ऐसे शर्मनाक व्यवहार की उम्मीद नहीं की होगी। बॉब वुडवर्ड के शब्दों में : "जब इतिहास लिखा जाएगा, दी गई चेतावनियों को सुनने में ट्रंप की विफलता संभवत: अमेरिकी राष्ट्रपतित्व की विफलता एवं अमेरिकी व्यवस्था द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति को नामित एिवं विर्चाचित करने में विफलता की कहानी होगी जो राष्ट्रपति के दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन कर सके।"

## आप की बात

### भारतवंशी की भूमिका

**भारत** अपने नागरिकों के दम पर, समस्त विश्व में लोहा मनवा सकता है। भारत की आबादी, वैसे ही विश्व में दूसरे स्थान पर है।जिसका सदुपयोग कर, हम अपनी संस्कृति, भाषा, विचार को अनेकों देशों तक पहुंचा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ सिर्फ एक देश को नहीं, बल्कि सभी देशवासियों को भी अपने स्तर पर, चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या व्यापार के आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ना है। हाल ही में प्रवासी भारतीय दिवस को मनाया गया, जिसमें भारत के लोग, विश्व के अनेक कोने में रहते हुए भी, अपने देश की उन्नति को लेकर तत्पर हैं।भारत के इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक अपने ज्ञान और शक्ति को दूसरे देश में लगाते हैं। जरूरत है सरकार ऐसी मुहिम या स्कीम लाए, जिससे कि वे अपने ज्ञान और अनुभव को देश में ही सदुपयोग कर सके।भारत में बढ़ता ब्रेन ड्रेन, किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता।ब्रेन ड्रेन को कम करने का, हरसंभव प्रयास किया जाए, तभी हम हर स्तर पर सशक्त भारत का निर्माण कर सकेंगे। विश्व बैंक के द्वारा किए गए सर्वे में भारत की 2.9 फीसद जीडीपी का योगदान, एनआरआई से होती है जो कि विश्व में अन्य देशों के मुकाबले पहले पायदान पर है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

### मोदी से ईर्ष्या का कारण

**कांग्रेसी** और वामपंथियों को मोदी से तकलीफ क्या है? तकलीफ इस बात की है कि मोदी ने उनके भिखारी, गरीब, कमजोर, पिछड़े भारत के नैरेटिव को छीन लिया। आज तक भाजपविरोधी दल भारत की गरीबी बेंचकर दुनिया भर से पैसा जुटाने की दुकान चला रहे थे। मोदी ने सबकी दुकाने बंद कर दी। वे चाहते है मोदी ने उनकी तरह गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा का रोना रोते रहना चाहिये। लेकिन मोदी ये समस्याएं दूर करने में लगा रहा है। मोदी स्वाभिमान, स्वरोजगार, स्वावलंबन, सशक्तिकरण की बात करते हैं, दबे कुचले डरे सहमे भारत की नहीं, बल्कि दंबग सशक्त मजबूत भारत की छवि रखते है। मोदी दुनिया भर की मंदी के बावजूद भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना देखते है। मोदी अमेरिका या राशिया या चीन के राष्ट्राध्यक्ष के सामने कंधे झुकाकर आहिस्ता कदमों से उनके पीछे पीछे नहीं चलते। मोदी मजबूती से सीना चौड़ा करके उनके साथ चलते है, आंखों में आंखें डालकर उनसे बात करते हैं। ये बात विपक्ष सह नहीं सकता क्योंकि विदेशी प्रधानमंत्रियों से इस तरह पेश आने की क्षमता उनके किसी नेता के पास नहीं है। विपक्षी दलों को इस मजबूत मोदी और मोदी के पीछे खड़े मजबूत भारत से नफरत है। – **अरविंद तापकिरे**, कांदीवली, मुंबई


### ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास

**अभी** कोरोना काल में हमने देखा कि किस तरह हमारी शिक्षा प्रभावित हुई है। और साथ साथ ग्रामीण इलाकों में तो हाल बहुत ही बुरा है। बहुत सारे लोगों को अपनी नोकरी छोड़नी पड़ी। और वो लोग कोई अन्य साधन भी नही पहुंच पाए और पूरे साल बेरोजगार की तरह काटा। हम आत्मनिर्भरता की बात करते है तो उसमें प्रौद्योगिकी का भी एक प्रमुख योगदान है। हाल ही में आए डिजिटल क्वालिटी ऑफ लाइफ इंडेक्स में भारत की स्थिती बहुत ही निराशाजनक रही है। इसके अलावा डिजिटल निरक्षरता ,सांख्यिकी बोध का अभाव और एक बड़ी आबादी का प्रौद्योगिकी से अपरिचित होना डिजिटल उत्पादों के पूर्ण उत्थान के कार्य को बाधित करता है। हालांकि इसके लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान भी चालू किया गया परंतु इससे कोई असर देखने को नही मिल रहा है। आज के समय में सबसे जरूरी ये हो गया है कि हम ग्रामीण इलाकों में तकनीकी सुविधा को और ज्यादा अच्छे तरीके से बढ़ाए। ग्रामीण इलाकों में प्रौद्योगिकी विकास बहुत ज्यादा जरूरी हो गया है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमारे** लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने के लिए हम तत्काल काम करेंगे क्योंकि यह राष्ट्रपति दोनों चीजों के लिए खतरा है।

– **नैंसी पेलोसी**
अमेरिकी निम्न सदन स्पीकर



**हम** तीन कृषि कानूनों के क्रियान्वयन को क्षणिक विराम देकर माहौल को अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

– **अरविंद बोबडे**
भारत के प्रधान न्यायाधीश



**कोई** भी कानून तब तक स्थगित नहीं किया जा सकता जब तक वह विधायी सामर्थ्य से परे अथवा मूल अधिकारों का उल्लंघन न करता हो।

– **के के वेणुगोपाल**
भारत के महान्यायवादी

# यूपी में तीन महीने में मिला चौबीस लाख को रोजगार

● **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते सितंबर में राज्य में युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर तय किया था एक बड़ा लक्ष्य**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बीते सितंबर में राज्य में युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर एक बड़ा लक्ष्य तय किया था। यह लक्ष्य था राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी देना और उन्हें स्वरोजगार का अवसर प्रदान करना। इसके लिए मिशन रोजगार अभियान की शुरुआत की। देखते-देखते इस 5 दिसंबर से शुरू हुए मिशन अभियान के चलते 7 जनवरी तक 24.30 लाख श्रमिकों और बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार और स्वरोजगार मुहैया कराया गया है।

यह पहला मौका है, जब किसी अभियान में इतनी बड़ी संख्या में श्रमिकों तथा युवा बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार तथा स्वरोजगार मिला है। यहीं नहीं मिशन रोजगार अभियान के तहत 35.35 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए। सरकार के इस अभियान के चलते जिन 24.30 लाख श्रमिकों और बेरोजगार अभ्यर्थियों को स्वरोजगार मुहैया हुआ है, उनके जीवन में बदलाव हुआ है। अभी यह अभियान चल रहा है और सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भी मुख्यमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। एक सरकारी अनुमान के अनुसार यूपी के सभी विभागों में कुल मिलाकर पांच लाख के करीब पद खाली हैं जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के तहत भरा जाना है। इन रिक्त पदों को भरने के लिए तमाम विभागों में अब तेजी से कार्य किया जा रहा है और अधिकारियों का प्रयास है कि सरकार की मंशा के मुताबिक़ जल्द से जल्द युवाओं को रिक्त पदों पर नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू हो।

राज्य की नौकरशाही मिशन रोजगार के तहत श्रमिक और बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार तथा स्वरोजगार मुहैया कराने को महत्व दे रही है। जिसके तहत अब तक 69,691 युवाओं की नियमित भर्ती की गई है। आउटसोर्सिंग के जरिये 2,259 तथा संविदा के तहत 36,868 बेरोजगारों को नौकरी दी गई। मिशन रोजगार अभियान के आंकड़ों के अनुसार 4,57,628 बेरोजगार युवाओं को स्वत: रोजगार करने के लिए मदद की गई। यहीं नहीं रोजगार करने के इच्छुक 59,728 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया। मिशन रोजगार के तहत ही अब तक निजी क्षेत्र में 17,57,489 युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया।

कुल मिलाकर बीती पांच दिसंबर से शुरू हुए मिशन रोजगार के तहत अब तक 24,30,793 श्रमिकों, बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार और स्वरोजगार मुहैया कराया गया।

# योगी मंत्रिमंडल में फेरबदल का खाका तैयार

## इस माह के अंत अथवा अगले महीने की शुरुआत में हो सकती है घोषणा

● **आधा दर्जन नये चेहरों की मंत्रिमंडल में इन्ट्री तो कुछ की होगी छुट्टी**

● **जातीय संतुलन बिठाने को यूपी को पहली बार मिल सकते है तीन उप मुख्यमंत्री**

**कमल दुबे।** लखनऊ

**चुनाव** मोड पर आ चुकी योगी सरकार के मंत्रिमंडल की सर्जरी एक बार फिर होने वाली है। मंत्रिमंडल को लेकर अभी तक की कवायद में जो तस्वीर उभर कर सामने आयी है उसमे दो से तीन मंत्रियों की सरकार से छुट्टी और कई नये चेहरों को मौका मिल सकता है। इसके अलावा देश के सबसे बड़े इस राज्य को तीसरा उप मुख्यमंत्री भी मिल सकता है।

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में जाने से पहले सरकार और संगठन में संतुलन बिठाने के मकसद से मंत्रिमंडल में फेरबदल की कवायद करीब करीब पूरी हो चुकी है। इस माह के अंत में अथवा अगले महीने की शुरुआत में योगी सरकार के चुनावी मंत्रिमंडल का नया चेहरा सामने आ सकता है। सूत्रों की मानें तो विधान परिषद चुनाव में 12 सीट पर 28 जनवरी को होने मतदान के बाद योगी मंत्रिमंडल में बदलाव किया जाना तय हैं। प्रदेश में 2022 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा चुनावी तैयारी में जुटी है। भाजपा संगठन तो चुनाव के हिसाब से चुस्त दुरसत किया जा चुका है और सीएम तथा सरकार के मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों की उपलब्धियां गिनानी शुरू कर दी हैं। सरकार और संगठन में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि मंत्रिमंडल फेरबदल में प्रदेश को एक और उप मुख्यमंत्री मिल सकता है। जातीय संतुलन बनाने के लिये प्रदेश के तीसरे उपमुख्यमंत्री की तलाश तेज हो गई है। भाजपा को एक और उप मुख्यमंत्री की तलाश है जो राज्य के जातीय समीकरण में फिट बैठे। जनवरी माह के अंत अथवा फरवरी के पहले हफ्ते बजट सत्र से पहले योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में एक फेरबदल हो सकता है। इसी दौरान एक और डिप्टी सीएम को शपथ भी दिलाई जाएगी। फिलहाल केशव प्रसाद मौर्य और डॉ. दिनेश शर्मा उपमुख्यमंत्री का पद संभाल रहे हैं।

प्रदेश के योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में जहां कुछ मंत्रियों के पर कतरे जा सकते हैं, वहीं संगठन में काम कर रहे कुछ लोगों को मंत्री पद का दायित्व सौंपा जा सकता है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह इसको लेकर अपना खाका तैयार कर चुके हैं। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के संभवत: अंतिम फेरबदल में कम से कम दो कैबिनेट मंत्री समेत छह मंत्रियों को सरकार में शामिल किया जाने पर विचार हो गया है। सूत्रों की मानें तो योगी आदित्यनाथ सरकार से कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है जबकि कुछ के दायित्वों कमी की जाएगी। इस दौरान कुछ अन्य मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। दो कैबिनेट मंत्री की जगह वैसे भी खाली है। कोरोना की चपेट में आकर कमल रानी वरुण तथा चेतन चौहान की मौत हो चुकी है। दोनों ही योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। सरकार के रणनीतिकारों का कहना है कि इस बार के विस्तार में योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में संगठन से लोगों को मौका मिलेगा। संगठन से विद्यासागर सोनकर और विजय बहादुर पाठक में से किसी एक को सरकार में भेजा जा सकता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान की पत्नी संगीता चौहान भी चुनाव जीतकर आई हैं। दूसरी ओर बुलंदशहर सीट से भाजपा विधायक वीरेंद्र सिरोही की पत्नी उषा सिरोही चुनाव जीती हैं। इनमें से भी किसी एक को सरकार में लाया जा सकता है। योगी मंत्रिपरिषद में इस समय कुल 54 मंत्री हैं जिनमें 23 कैबिनेट मंत्री हैं। नौ मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री का दर्जा मिला है। इसके अलावा 22 राज्य मंत्री हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार का पिछला मंत्रिमंडल विस्तार 19 अगस्त 2019 में किया था।

# वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2021 के लिए समिति गठित

● **प्रदेश सरकार ने वर्ष 2021-22 के लिए 30 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया हैः दारा सिंह**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वृक्षारोपण** जन आन्दोलन 2021 के लिए समिति का गठन कर दिया गया है। यह जानकारी वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने दी। वन मंत्री ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश में वृक्षारोपण करने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि जिस गति से से वन क्षेत्र को बढ़ाया है उसी गति से वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा की दिशा में भी काफी तीव्रता से काम किया गया है। वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने वन मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण के साथ ही पर्यटन की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। मंत्री दारा सिंह ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण के नियंत्रण एवं पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्ष की भांति वर्ष 2021-22 हेतु 30 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु 23 अन्य राजकीय विभागों द्वारा जन सहभागिता जिनमें नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, विकास खण्डों ,विद्यार्थियों, कृषकों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा एनएसएस के कार्यकर्ताओं का सहयोग प्राप्त कर किया जायेगा। वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 10.80 करोड़ पौधरोपण वन एवं वन्यजीव विभाग तथा 19.20 करोड़ पौधरोपण अन्य विभागों द्वारा किया जायेगा। वर्षाकाल 2021 में किये जाने वाले वृक्षारोपण को जन आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करने के लिए किये जाने वाले वृक्षारोपण का नाम वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2021 रखा गया। वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2021 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उसकी रणनीति एवं सफल क्रियान्वयन कराने हेतु संजय श्रीवास्तव मुख्य वन संरक्षक कैम्पा को मिशन निदेशक एवं दीपक कुमार संयुक्त वन प्रबन्ध को सह मिशन निदेशक, वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2021 नामित किया गया है। वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2021 के सफल क्रियान्वयन हेतु विष्णु सिंह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक आईटी को तकनीकी निदेशक नामित किया गया है।

# प्रयागराज में पुलिस चौकी फाफामऊ को उच्चीकृत कर बनाया जाएगा नया थाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनपद प्रयागराज में पुलिस चौकी फाफामऊ को उच्चीकृत कर नया थाना बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं एवं जन सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश के जनपद प्रयागराज थाना सोरांव के अन्तर्गत पुलिस चौकी फाफामऊ को उच्चीकृत कर नवीन थाना फाफामऊ की स्थापना किए जाने के लिए आवश्यक करवाई प्राथमिकता से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अवस्थी ने बताया कि इस नवीन थाने में जनशक्ति, पदों के सृजन आदि के संबंध में निर्देश पृथक से निर्गत किए जाएंगें। इससे अधिक से अधिक आबादी की पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त व सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

# पोल्ट्री फार्मों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जायेः लक्ष्मी नारायण चौधरी

● **बर्ड फ्लू को लेकर फैल रही भ्रान्तियों को दूर करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पशुधन,** दुग्ध विकास एवं मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा है कि जनता में बर्ड फ्लू के प्रति फैल रही भ्रान्तियों को दूर करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू से घबराने की नहीं बल्कि सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने पशुपालन विभाग को प्रदेश के सभी पोल्ट्री फार्मों का नियमित रूप से निरीक्षण करने व मृत पक्षी की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। पशुधन मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी मंगलवार को योजना भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के मण्डलीय अपर निदेशक एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में बर्ड फ्लू के सम्बन्ध में भी गहन समीक्षा की गई। उन्होंनें कहा कि ठंड से मरने वाले पक्षियों की स्पष्ट रिपोर्ट भेजी जाये ताकि कोई भी भ्रामक जानकारी न फैले। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू से निपटने के लिए भारत सरकार और प्रदेश स्तर पर जारी की गयी गाइडलाइन का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव पशुधन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य विकास भुवनेश कुमार ने जनपदीय अधिकारियों को बर्ड फ्लू के सम्बंध में नियमित निगरानीए निर्धारित संख्या में सैम्पलिंग भेजने, मृत पक्षी की सूचना पर तत्काल जांच कराने, पोल्ट्री फार्मों की शत प्रतिशत रिपोर्ट मुख्यालय भेजने और जनपदों पर बर्ड फ्लू से बचाव के उपाय के लिए क्या करें और क्या न करें के लिए मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के सख्त निर्देश दिये। प्रमुख सचिव ने आवंटित बजट के सापेक्ष जनपदवार व्यय की समीक्षा करते हुए कम व्यय वाले जनपदों को शीघ्र ही बजट का उपयोग विभिन्न योजनाओं में करने और व्यय उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ।

समीक्षा बैठक में पशुधन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ एसके मलिक, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डॉ आरपी सिंह, अपर निदेशक डॉ अरविन्द कुमार सिंह, डा एसके अग्रवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# यूथ कांग्रेस ने शुरू किया बेरोजगारी के खिलाफ नौकरी संवाद

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को यूथ कांग्रेस ने प्रदेश मुख्यालय पर नौकरी संवाद अभियान की शुरुआत की। नौकरी संवाद में प्रदेश भर से आए नौजवानों ने अपनी व्यथा बताई। युवा कांग्रेस नौकरी संवाद के जरिए पूरे प्रदेश में बेरोजगार नौजवानों के बीच जाकर ब्लाक स्तर पर नौकरी संवाद करके नौजवानों को जोड़ेगी। युवा कांग्रेस इस अभियान के तहत गांव गांव बेरोजगारों को जोड़ेगी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि जो उत्तर प्रदेश कभी अपनी युवा शक्ति की वजह से भारत का केन्द्र बिन्दु हुआ करता था आज कई दशक की निकम्मी सरकारों की वजह से बेरोजगारी और प्रवासी मजदूरों की राजधानी बन गयी है। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में जहां एक तरफ लाखों युवा अपनी नौकरियों में चयन का इंतजार कर रहे हैं वहीं करोड़ों युवा किसी भी तरह के रोजगार पाने से वंचित हैं।

# राज्यपाल ने खुर्जा में पॉटरी उद्योग का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को बुलन्दशहर की तहसील खुर्जा में एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत खुर्जा के नीलकंठ डेकोरेटर मिनहास पॉटरी तथा मार्क इण्डस्ट्रीज का स्थलीय निरीक्षण किया और उन्होंने पॉटरी उद्योग की निर्मित पॉटरी उत्पादों के संबंध में प्रबन्धकों से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पॉटरी उद्योगों में निर्मित किये जा रहे विभिन्न कलात्मक पॉटरी उत्पादों की प्रोसेसिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कारखाने के अन्दर कार्य कर रहे विभिन्न श्रमिकों से भी बात की तथा उनके द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों की प्रशंसा की।

# प्रदेश के साइबर थाने होंगे मजबूत, शासन ने मंजूर किए 32 करोड़ 80 लाख रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**साइबर** अपराधों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रभावी प्रयासों के तहत प्रदेश के सभी परिक्षेत्रीय साइबर थानों को पर्याप्त उपकरणों एवं संसाधनों की व्यवस्था शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन द्वारा नए साइबर थानों को और अधिक सुदृढ़ करने एवं डाटा सम्बन्धी कार्यो आदि के लिए और बेहतर परिणाम के लिए 32 करोड़ 80 लाख रुपए की धनराशि मंजूर किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस धनराशि से सभी साइबर थानों के साइबर लैब हेतु डाटाबेस मैनेजमेंट, फारेन्सिक टूल्स, डेटा एनेलिसिस साफ्टवेयर, डेटा एक्सट्रैक्शन साफ्टवेयर आदि क्रय किए जाएंगे।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक भवन स्थित सभाकक्ष में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जानकारी दी गयी कि साइबर अपराधों के आरोप में गत वर्ष 2020 में माह अगस्त से दिसम्बर तक की अवधि में कुल 893 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। बैठक में यह भी बताया गया कि शासन द्वारा साइबर अपराधों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा उसकी रोकथाम हेतु प्रभावी प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश के नवसृजित परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम पुलिस थानों में कुल 243 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इनमें से आगरा में 14, अलीगढ़ में 8, प्रयागराज में 13, चित्रकूट धाम में 2, बरेली में 11, मुरादाबाद में 24, गोरखपुर में 11, बस्ती में 6, देवीपाटन में 4, कानपुर में 13, झांसी में 9, अयोध्या में 11, लखनऊ में 40, गौतमबुद्धनगर, (मेरठ) में 27, सहारनपुर में 5, आजमगढ़ में 13, मिर्जापुर में 9 व वाराणसी में 23 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।

अवस्थी ने निर्देशित किया है कि साइबर थानों के लिए जरूरी स्टाफ की व्यवस्था पुलिस विभाग में उपलब्ध संसाधनों से तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए आम जनमानस में इसके सम्बन्ध में और अधिक जागरूकता बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राम कुमार ने जानकारी दी कि साइबर अपराधों की रोकथाम के अलावा जनजागरूकता बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में भी गम्भीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। यूपी 112 स्थित साइबर लैब से तीन व पांच दिवसीय प्रशिक्षण में अबतक कुल 1232 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। बैठक में गृह सचिव भगवान स्वरूप के अलावा पुलिस विभाग के साइबर शाखा से जुड़े अधिकारी व गृह विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए उद्यम सारथी पोर्टल व एप विकसित किया जाएगाः सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसीएस** एमएसएमई डा नवनीत सहगल की अध्यक्षता में उद्यमिता विकास संस्थान के संचालक मण्डल की 65 वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए उद्यम सारथी पोर्टल एवं एप विकसित करने का निर्णय लिया गया। यह पोर्टल ओडीओपी पोर्टल से लिंक होगा और इस एप के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार, प्रबंधन एवं कौशल से संबंधित विभिन्न प्रकार के 1000 कोर्सेस प्रारंभ किये जाएंगे जो पूरी तरह नि:शुल्क होंगे। आमजन इस पोर्टल के माध्यम से सरकार की उद्यम स्थापना से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेगा।

इसके अतिरिक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्कूल ऑफ एम्पलाईल्टी डी फार्मा एवं बी फार्मा के डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्सेस प्रारंभ किए जाय। साथ ही मैटेरियल टेस्टिंग लैब की स्थापना तथा संस्थान स्तर पर वोकेशनल बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया। मैटेरियल टेस्टिंग लैब के माध्यम से निर्माण क्षेत्र के प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। इसके अतिरिक्त संस्थान का एक अन्य क्षेत्रीय कार्यालय एनसीआर में स्थापित किये जाने पर भी स्वीकृति प्रदान की गई।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि संस्थान द्वारा प्रदेश में स्थापित कराये जा रहे कौशल एवं उद्यमिता विवि के तहत विभिन्न विधाओं में सर्टिफिकेट से डिग्री स्तर तक की रोजगार एवं स्वरोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इन सभी महत्वपूर्ण प्रयासों से युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

# गोरखपुर में प्लास्टिक सिटी की स्थापना के लिए तेज किया जाए कामः सीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में ट्रांस गंगा परियोजना, औरेय्या प्लास्टिक सिटी, सरस्वती हाईटेक सिटी सहित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। गोरखपुर में प्रस्तावित प्लास्टिक सिटी की स्थापना के लिए भी समयबद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के लिए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि ट्रांस गंगा परियोजना उन्नाव एवं सरस्वती हाईटेक सिटी प्रयागराज के फेज-वन का सम्पूर्ण कार्य 31 मार्च 2021 तक अवश्य कर लिया जाए। विकास कार्यों के साथ-साथ आवंटियों को कब्जा देने की कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने कहा कि अवशेष औद्योगिक भूखंडों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि अधिक से अधिक उद्यमी निवेश के लिए आ सकें। उन्होंने यूपीसीडा के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे एवं आगरा एक्सप्रेस-वे के समीप भी लैण्ड बैंक की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही करें ताकि भविष्य में मांग के अनुरूप उद्यमियों को आवश्यक भूखण्ड आवंटित किये जा सकें।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान में 25 जनपदों में स्थापित होंगे डीपीआरसी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत 15 मण्डलों के 25 जनपदों हाथरस, फिरोजाबाद, चित्रकूट, एटा, महोबा, सम्भल, अमरोहा, मेरठ, हापुड, शामली, चन्दौली, भदौही, सोनभद्र, कानपुर देहात, फर्रूखाबाद, कौशाम्बी, अम्बेडकर नगर, अमेठी, बलरामपुर, श्रावस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर एवं आजमगढ़ में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर (डीपीआरसी) संचालित किये जायेंगे। पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी निर्देश में पंचायतों के समेकित विकास में प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन की अहम भूमिका के दृष्टिगत मंण्डल के अन्तर्गत जनपदों में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। जिसमें मण्डलायुक्त समिति के अध्यक्ष, मण्डलीय संयुक्त विकास आयुक्त, जिलाधिकारी सम्बधित जनपद, मण्डल के सभी जनपदों के जिला पंचायत राज अधिकारी, आरआईआरडी-डीआईआरई अथवा अन्य किसी प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थान के आमंत्री सदस्य तथा मण्डलीय उप निदेशक पंचायत सम्बधित मण्डल के सदस्य सचिव होंगे। 25 जनपदों में डीपीआरसी का संचालन जनपद के सम्बधित मण्डलीय उप निदेशक पंचायत के माध्यम से मण्डलीय प्रशिक्षण एवं कियान्वयन समिति द्वारा किया जायेगा।

# प्राइमरी स्कूलों में जूते-मोजे के वितरण पर निदेशक ने मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्राइमरी** स्कूलों में जूते-मोजे के वितरण में हो रही देरी को लेकर निदेशक बेसिक शिक्षा डॉ सर्वेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी बीएसए को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा है। जबकि जूते व मोजे बांटने की अंतिम तारीख क्रमशः 25 व 18 जनवरी तय की गई है लेकिन अभी जिलों तक ये पहुंचे या नहीं, इसकी सूचना जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी नहीं दे रहे हैं। दरअसल हर साल राज्य सरकार अपने बजट से 1.50 करोड़ बच्चों को एक जोड़ी जूता व दो जोड़ी मोजा देती है। निदेशक ने बीएसए को भेजे पत्र में लिखा है कि जूते व मोजे के लिए नवम्बर में ही कंपनियों के साथ करार किया गया था। 22 दिसम्बर को जूते-मोजे की सप्लाई, वितरण, टेस्टिंग आदि के लिए निर्देश भेजे गए थे लेकिन अभी तक जूतों का वितरण शुरू नहीं हुआ है। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है।

# भाजपा आरक्षण को खत्म करके संविधान को कुचलना चाह रही

● **कांग्रेस गांव-गांव लगाएगी ओबीसी चौपाल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस महासचिव एवं प्रभारी उप्र प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर गांव गांव संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया। पूरे सूबे से इकठ्ठा हुए पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि हमारी नेता ने कहा है कि हमारे जन्मदिन पर उत्सव न मनाया जाए बल्कि जनता के बीच गांव गांव चौपाल लगाई जाए। जनता को उनके अधिकारियों के लिए जागरूक बनाइए जिससे उनका जीवन बेहतर बन सके। उन्होंने कहा कि आज आरक्षण को खत्म किया जा रहा है उसको बचानें के लिए आगे आना होगा। हम समाज में वैमनस्यता नहीं फैलाना चाहते अपितु संविधान प्रदत्त अपने अधिकारों में कोई लूट खसोट भी नहीं चाहते। हम अपने संवैधानिक अधिकारों को लेने के लिए आए हैं। भारतीय जनता पार्टी आरक्षण को खत्म करके संविधान को कुचलना चाह रही है।

पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि योगी-मोदी की सरकारों में पिछड़ों के साथ ऐतिहासिक अन्याय हो रहा है। उनके अधिकारों पर खुले आम डाके डाले जा रहे हैं। दलित, पिछड़ों की बहू बेटियां आज सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आधारभूत सिद्धांतों पर हुआ है। प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह की सरकारों द्वारा इस देश की बहुसंख्यक पिछड़े वर्गों के खुशहाली, संपन्नता, न्याय, शैक्षणिक विकास, सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष कैलाश चौहान, ओपी ठाकुर, संजय मौर्या, मनीराम कुशवाहा, अनुज गंगवार, इरफान कुरैशी सहित काफी संख्या में पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# युवा घेरा कार्यक्रम आयोजित कर सपा ने योगी सरकार पर बोला हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में जगह जगह समाजवादी युवा घेरा कार्यक्रम आयोजित करके प्रदेश की योगी सरकार पर हमला बोला। युवा घेरा कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालयों में, गांवों, शहरों में, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने घेरा बनाकर युवाओं से सम्बन्धित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाजवादी युवा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी युवा घेरा कार्यक्रम में सक्रियता से शरीक रहे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छात्रों नौजवानों के साथ समाजवादी पार्टी के सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ नेता भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। युवा घेरा कार्यक्रम में नौजवानों के लिए रोजगार के घटते अवसर, बढ़ती बेरोजगारी, मंहगी शिक्षा, छात्र संघों के चुनावों पर रोक, आनलाइन शिक्षा की दिक्कतें, छात्रों पर फर्जी अपराधिक मुकदमों के साथ बदहाल कानून व्यवस्था में बहन बेटियों के साथ बढ़ते दुष्कर्म काण्ड, शिक्षा क्षेत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप, छात्र संघों पर रोक आदि मुद्दों पर युवा छात्र नेताओं ने विचार व्यक्त किए। सपा प्रवक्ता ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा अमानवीय और संवेदन शून्य व्यवहार किए जाने से छात्र छात्राओं और नौजवानों में भारी रोष है। छात्र युवा आंदोलन को कुचलने के लिए भाजपा सरकार लाठीचार्ज, आंसू गैस के इस्तेमाल के साथ एनएसए जैसे गम्भीर अपराधिक केस भी लगाए जा रहे हैं। बहाने बनाकर छात्र संघों के चुनाव रोके जा रहे है। शिक्षा संस्थाओं में आरएसएस की विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाजपा सरकार ने युवाओं को बहकाने के लिए रोजगार के बड़े बड़े वादे किए। रोजगार के अवसर तो सृजित नहीं हुए जो काम पर लगे थे उनकी भी छंटनी हो गई। लाकडाउन पीरियड में बड़े पैमाने पर नौकरियों में छंटनी हुई।

# रालोद ने राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई विवेकानंद जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल द्वारा युवाओं के प्रेरणाश्रोत समाज सुधारक तथा प्रखर दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में प्रदेश कार्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत वर्ष के वास्तविक रक्षक थे उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीब, कमजोर, बेसहारा और पददलितों को ईश्वर का प्रतिरूप माना और उनकी सेवा को सच्चा धर्म मानते हुये अपना पूरा जीवन इन वर्गो की सेवा में लगा दिया। उन्होंने नर सेवा को ही नारायण सेवा मानते हुये गरीबों, शोषितों तथा वंचितों के प्रति मानवीय संवेदना को जाग्रत करने का काम किया।

उन्होंने भारत के अतीत में पूर्ण आस्था रखते हुये व भारतीय संस्कृति पर अभिमान करते हुये अपने दृष्टिकोण को सदैव जीवंत रखा। स्वामी जी भारत के अतीत व वर्तमान के बीच संयोजक के रूप में सदैव विद्यमान रहेंगे। युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि स्वामी के विचार युवाओं में ऊर्जा व उत्साह का संचार करते रहेंगे।

# महामारी के बाद देश में पर्यटन क्षेत्र को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा: नायडू

**भाषा।** पणजी

**उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू** ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी का दौर खत्म होने के बाद देश के पर्यटन क्षेत्र को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा क्योंकि अधिकतर भारतीय देश में ही यात्रा करना पसंद करेंगे। पणजी के निकट पोरवोरिम में होटल प्रबंधन संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि देश में दो करोड़ 60 लाख ऐसे पर्यटक हैं जो विदेश जाते हैं। नायडू ने कहा, मुझे उम्मीद है कि कोविड19 महामारी के खत्म होने के तुरंत बाद के काल में उनमें से अधिकतर देश में ही यात्रा करना पसंद करेंगे। इससे पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में विशाल अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि भारत में 200 से अधिक समुद्रतट हैं, यूनेस्को के 38 विश्व विरासत स्थल हैं, 668 सुरक्षित इलाके हैं जहां महत्वपवूर्ण पर्यटन गतिविधियां हो सकती हैं। नायडू ने कहा कि कोविड19 महामारी से निश्चित तौर पर वैश्विक पर्यटन को एक बड़ा झटका लगा है।

उन्होंने कहा, बहरहाल, मैं आश्वस्त हूं कि महामारी के कारण इस क्षेत्र में जो कमी आई है वह अस्थाई है और पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग एक बार फिर से पुराने स्तर पर लौटेगा। नायडू ने कहा कि महामारी के कारण लोग लंबे समय से अपने घरों में बंद हैं और स्थिति सामान्य होने के बाद वे निश्चित तौर पर यात्रा करने के लिए उत्सुक होंगे। उन्होंने कहा कि देश के उद्योग जगत को वापस पटरी पर लाने में निश्चित रूप से यह मददगार साबित होगा और होटल प्रबंध संस्थानों समेत सभी हितधारकों की पर्यटन और आतिथ्य उद्योग के पुनरुद्धार में भूमिका होगी।

उपराष्ट्रपति ने कहा, देश में एक मजबूत घरेलू पर्यटन बाजार है, जो निश्चित तौर पर उन देशों की तुलना में इस महामारी के प्रभाव को कम करने में मददगार होगा जो मुख्य रूप से केवल अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों पर निर्भर हैं। घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरा ध्यान दे रही है। नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार बार देश में ही यात्रा करने और इसे जानने की अपील लोगों से की है। प्रधानमंत्री ने 2019 में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अपने संबोधन में उन्होंने देश के लोगों से 2022 तक देश में कम से कम 15 स्थानों पर घूमने की सलाह दी थी। नायडू ने कहा कि देश में पर्यटन क्षेत्र को फिर से शुरू किया जा रहा है और ऐसे में पर्यटकों के बीच विश्वास बहाली महत्वपूर्ण है।

## वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में फंसे 286 यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया

**श्रीनगर।** भारतीय वायुसेना ने केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में फंसे 286 यात्रियों को मंगलवार को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। लद्दाख के कुल 286 यात्री फंसे हुए थे। भारतीय वायुसेना ने सी-130 और एएन-32 विमानों की मदद से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पहुंचाया। 21 यात्रियों को लेह से श्रीनगर लाया गया, 35 को श्रीनगर से करगिल, 19 को करगिल से श्रीनगर, 21 को जम्मू से करगिल, 70 को करगिल से जम्मू और 120 लोगों को लेह से जम्मू से जाया गया। करगिल कुरियर सेवा के मुख्य समन्वयक आमिर अली ने बताया कि श्रीनगर-करगिल सड़क मार्ग बंद होने के कारण एएन-32 करगिल कुरियर सेवा सप्ताह में तीन बार करगिल से जम्मू, दो बार करगिल से श्रीनगर जाती है। मौसम खराब होने के कारण सेवा रद्द करनी पड़ी थी और लद्दाख प्रशासन ने रक्षा मंत्रालय से सी-17, सी-130 और एएन-32 विमानों का उपयोग कर मदद का अनुरोध किया था।



जम्मू में भाजपा जम्मू के अध्यक्ष रवीन्द्र रैना पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी कार्यालय पर लोहड़ी पर्व मनाते हुए।

# पवार ने तीन कृषि कानूनों के अमल पर रोक लगाए जाने के आदेश का स्वागत किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी** के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को तीन नए कृषि कानूनों के अमल पर रोक लगाए जाने और सरकार एवं किसान संगठनों के बीच जारी गतिरोध को हल करने के वास्ते चार सदस्ईय समिति गठित किए जाने के उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत किया। तीन नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर एक महीने से भी अधिक समय से हजारों किसान दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं।

पवार ने ट्वीट कर कहा, तीन कृषि कानूनों के अमल पर रोक लगाया जाने और मुद्दे को हल करने के वास्ते चार सदस्ईय समिति गठित किए जाने का उच्चतम न्यायालय का आदेश स्वागत योग्य है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नए कृषि कानूनों को लेकर सरकार और दिल्ली की सीमाओं पर धरना दे रहे रहे किसानों की यूनियनों के बीच व्याप्त गतिरोध खत्म करने के इरादे से मंगलवार को इन कानूनों के अमल पर अगले आदेश तक रोक लगाने के साथ ही किसानों की समस्याओं पर विचार के लिए चार सदस्ईय समिति गठित कर दी।

पीठ ने इस समिति के लिए भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भूपिन्दर सिंह मान, शेतकारी संगठन के अध्यक्ष अनिल घन्वत, दक्षिण एशिया के अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ प्रमोद जोशी और कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी के नामों की घोषणा की।

## शुभेंदु अधिकारी के पिता शिशिर अधिकारी को डीएसडीए के अध्यक्ष पद से हटाया गया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद एवं भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के पिता शिशिर अधिकारी को दीघा शंकरपुर विकास प्राधिकरण (डीएसडीए) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी सामने आई है। अधिकारी के स्थान पर विधायक अखिल गिरि को नियुक्त किया गया है, जो तृणमूल कांग्रेस में उनके विरोधी माने जाते हैं। गिरि ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, उन्होंने डीएसडीए के अध्यक्ष के रूप में कुछ नहीं किया। इसलिए उन्हें हटा दिया गया। शिशिर अधिकारी इस वक्त पुर्वी मेदिनीपुर में टीएमसी के जिला अध्यक्ष हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि अधिकारी एजेंसी के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने में सक्षम नहीं थे। उन्होंने कहा, शिशिर दा एक अनुभवी नेता हैं। शायद वह अस्वस्थ हैं। लेकिन हमें उस समय पीड़ा हुई जब उन्होंने अपने बेटों शुभेंदु और सौमेंदु के खिलाफ कोई शब्द नहीं बोला, जो भाजपा में जाने के बाद लगातार टीएमसी पर हमला कर रहे हैं। अधिकारी ने इस पर कहा, वे जो चाहें कर सकते हैं। मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है। शुभेन्दु ने पिछले महीने भाजपा का दामन थाम लिया। बाद में कांति नगरपालिका के प्रशासक के पद से हटाए जाने के बाद अपने भाई सौमेंदु को भी पार्टी बदलने में मदद की।

# श्रीपद नाइक की हालत स्थिर लेकिन जरूरत हुई तो उन्हें दिल्ली ले जाया जाएगा: राजनाथ

**भाषा।** पणजी

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक को आगे उपचार के लिए नई दिल्ली ले जाया जाएगा। दुर्घटना में घायल हुए नाइक का गोवा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिंह ने कहा कि नई दिल्ली के एम्स की एक टीम गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) के डॉक्टरों के साथ समन्वय करेगी। दुर्घटना में घायल होने के बाद नाइक को जीएमसीएच में ही भर्ती कराया गया था। सिंह ने कहा कि नाइक की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। दुर्घटना में नाइक के साथ कार में सवार उनकी पत्नी विजया और एक सहायक की मौत हो गई। यह हादसा उत्तर कन्नड़ जिले में अकोला के निकट हुआ, जब मंत्री कर्नाटक में धर्मस्थल से गोवा लौट रहे थे।

नाइक का हालचाल जानने सिंह गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचे। सिंह ने जीएमसीएच के डीन डॉ. शिवानंद बांदेकर समेत वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ मुलाकात की और नाइक के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। आयुष मामले और रक्षा राज्य मंत्री नाइक (68) की कल रात जीएमसीएच में कई सर्जरी की गई।

सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया से बात की है, जो नाइक का इलाज कर रहे जीएमसीएच के डॉक्टरों की टीम के साथ समन्वय के लिए सहमत हो गए। सिंह ने कहा कि नाइक की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। एम्स और जीएमसीएच के डॉक्टरों की टीम उनके उपचार की निगरानी करेगी और जरूरत हुई तो उन्हें आगे इलाज के लिए नई दिल्ली ले जाया जाएगा। सिंह ने कहा, हो सकता है कि उन्हें दिल्ली ले जाने की जरूरत ना पड़े।

डॉ बांदेकर ने कहा कि फिलहाल नाइक को जीएमसीएच से दूसरे अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि नाइक को जब जीएमसीएच लाया गया तब उनकी स्थिति गंभीर थी लेकिन अब उपचार का असर हो रहा है और उनकी चेतना लौट रही है। रात में नाइक की चार सर्जरी की गई। बांदेकर ने कहा कि नाइक अगले 10-15 दिन अस्पताल में ही रहेंगे, जिसके बाद पूरी तरह ठीक होने में तीन से चार महीने लगेंगे।

## क्विक न्यूज

### 26 बच्चों को मुक्त कराया गया, सात तस्कर गिरफ्तार

**हैदराबाद।** पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से 26 बच्चों की कथित रूप से तस्करी करने और उन्हें बाल श्रम में धकेलने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिली थी कि 12 से 17 साल की उम्र के बच्चों को बंधक बनाकर उनसे बाल श्रम कराया जा रहा है। इस पर कार्वाई करते हुए पुलिस की टीम ने सोमवार को कई जगहों पर छापा मारकर 23 लड़कों और तीन लड़कियों को मुक्त कराया। रचकोंडा के पुलिस आयुक्त महेश एम. भागवत ने बताया कि मुक्त कराए गए बच्चे छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के हैं। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों की तस्करी आरोपियों ने की थी। इन सभी को उनके काम करने की जगहों पर रखा गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी, बच्चों के माता-पिता को कुछ पैसे देकर अलग-अलग राज्यों से उन्हें लेकर आए थे। तेलंगाना के आठ बच्चों की काउंसलिंग के बाद उन्हें माता-पिता को सौंप दिया गया है जबकि अन्य बच्चों को पुनर्वास केन्द्र में रखा गया है।

### बारूदी सुरंग में विस्फोट, दो जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। नारायणपुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 16 वीं बटालियन के दो जवान संतोष यादव और महेश अलामी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज सीएएफ के दल को ओरछा थाना क्षेत्र में गस्त में रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि दल जब ओरक्षा से दो किलोमीटर दूर धनोरा की ओर था तब उन्हें वहां प्रेशर बम होने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि जब बल के जवान प्रेशर बम को निकाल रहे थे तभी उसमें विस्फोट हो गया। इस घटना में दोनों जवानों को चोट पहुंची है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद घायल जवानों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

### तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में तीन नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले में सुरक्षा बलों के सामने बासागुड़ा-जगरगुण्डा एरिया कमेटी के तीन नक्सलियों - एक्शन टीम के डिप्टी कमांडर आलम बामों (24), सदस्य मोडियम सुंदर (27) और ग्राम रक्षा दल तथा सप्लाई टीम के सदस्य मड़कम मोटू (28) ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने माओवादियों की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार और प्रताड़ना से तंग आकर आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ सलवा जुडूम कार्यकर्ताओं की हत्या, पुलिस शिविर पर हमला करने, पुलिस दल पर हमला करने और वर्ष 2013 में बासागुड़ा के साप्ताहिक बाजार में पत्रकार साई रेड्डी की हत्या में शामिल रहने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 10-10 हजार रूपए नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया है।

### सीआईएसएफ के जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के हनुमान नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सीआईएसएफ के एक जवान ने खुद को गोली मार कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी मोहम्मद इमरान ने बताया कि हनुमान नगर स्थित सीआईएसएफ के 9वीं रिजर्व बटालियन कैंप के गेट पर तैनात जवान बी रंजीत ने अपनी सर्विस राइफल (एके 47) से मंगलवार की सुबह खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक जवान के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक जवान तमिलनाडु कर रहने वाला था और उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। रंजीत के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।



बेंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और गवर्नर वजूभाई वाला राजभवन में स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस के अवसर पर उनके चित्र को नमन करते हुए

# किसानों को नैतिक समर्थन देने के लिए जल्लीकट्टू कार्यक्रम में शामिल होंगे राहुल

**चेन्नई।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को पोंगल के दिन तमिलनाडु का दौरा करेंगे जहां वह जल्लीकट्टू से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के.एस. अलागिरी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जल्लीकट्टू तमिलनाडु के ग्रामीण इलाक़ों का एक परंपरागत खेल है जो पोंगल त्यौहार पर आयोजित किया जाता है। इसमें लोग बैलों को पकड़ने एवं उन्हें काबू करने की कोशिश करते हैं।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने संवाददाताओं को बताया कि राहुल गांधी मदुरै जिले के अवनीपुरम में जल्लीकट्टू कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे और कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों को अपना नैतिक समर्थन देंगे। अलागिरी ने कहा, बैल किसानों का प्रतीक हैं और उनकी जीविका का हिस्सा हैं। उनके मुताबिक, राहुल गांधी का दौरा किसानों और समृद्ध तमिल संस्कृति को सम्मान देने के लिए है।

अलागिरी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष इस दौरे पर किसी चुनाव प्रचार के कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इस साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु विधानसभा का चुनाव होना है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी और उनकी पार्टी अन्नाद्रमुक ने तीनों कृषि कानूनों को लेकर केंद्र सरकार का समर्थन किया तथा इसके अलावा राज्य के किसी दूसरे दल ने इनका समर्थन नहीं किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का यह भी कहना था कि राहुल गांधी का इस बार द्रमुक के नेता एमके स्टालिन या किसी अन्य नेता से मुलाकात का कार्यक्रम नहीं है। इस महीने के आखिर में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पश्चिमी तमिलनाडु का दौरा कर सकते हैं और उस दौरान उनके सहयोगी दलों के नेताओं से मुलाकात की संभावना है। अलागिरी ने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा।

## केरल सरकार लोन एप्स पर लगाम लगाने के लिए कानून बनाने पर कर रही विचार

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

● राज्य में अब तक कम से कम 63 मामले दर्ज किए गए हैं

**केरल के** उद्योग मंत्री ई. पी. जयराजन ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार लोन एप्स पर लगाम कसने के लिए एक कानून बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि इन ऐप्स के माध्यम से अनियमितताओं के, राज्य में अब तक कम से कम 63 मामले दर्ज किए गए हैं। जयराजन ने विधानसभा में इस मामले पर कांग्रेस विधायक के. सबरीनाथ द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर कहा कि लोन एप्स द्वारा की जा रही अनियमितताएं सरकार के संज्ञान में आई हैं। पुलिस ने बताया था कि ऐसे कम से कम 400 एप हैं, जो राज्य के बाहर से संचालित किए जाते हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के हवाले से जयराजन ने कहा कि 63 मामले दर्ज किए गए हैं और दो मामलों की आपराधिक शाखा जांच कर रही है। मंत्री ने बताया कि सरकार इन लोन एप पर लगाम कसने के लिए एक कानून लाने पर विचार कर रही है। सबरीनाथ ने मांग की कि राज्य सरकार इस पर एक व्यापक कानून लाए और ऋण देने वाले एप्स के कारण राज्य के युवाओं के समक्ष आ रहे सामाजिक मुद्दों से निपटा जा सके। इससे पहले, केरल के पुलिस प्रमुख ने हाल ही में अपराध शाखा को राज्य के कुछ हिस्सों में सामने आए ऑनलाइन लोन एप धोखाधड़ी मामलों की जांच करने के आदेश दिए थे।

# किसान आंदोलन को सही ढंग से नहीं संभाल पाई हरियाणा की भाजपा सरकार: बीरेन्द्र सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा में उनकी पार्टी की सरकार और पार्टी की पंजाब इकाई का नेतृत्व किसान आंदोलन को सही ढंग से संभाल नहीं पाया तथा इस मुद्दे पर केन्द्रीय नेतृत्व को मुश्किल में डाल दिया। वर्ष 2014 से 2019 के बीच राजग सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहे सिंह ने कहा कि इन कृषि कानूनों को लाने के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार की मंशा किसानों का समग्र कल्याण है।

सिंह ने कहा, इन तीन कृषि कानूनों को लाने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की मंशा किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और उनका समग्र कल्याण है। सिंह ने हरियाणा में अपनी पार्टी की सरकार और पंजाब में पार्टी नेतृत्व के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि अगर उन्होंने प्रदर्शन के शुरुआती दिनों में प्रभावी तरीके से किसानों की चिंताओं को दूर किया होता तो इस मुद्दे का समाधान काफी पहले ही निकल गया होता।

उन्होंने कहा, हरियाणा की भाजपा सरकार और पंजाब के पार्टी नेतृत्व ने उस समय इन तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों की चिंताओं को प्रभावी ढंग से दूर न करके पार्टी को परेशानी में डाल दिया, जब न तो इन्हें संसद की मंजूरी मिली थी और प्रदर्शन भी शुरू नही हुए थे। इस मुद्दे के जल्द ही समाधान की उम्मीद जताते हुए बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि अगर इस मुद्दे को जल्द हल नहीं किया गया तो हरियाणा की भाजपा-जजपा नीत सरकार के लिए आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा वह चुनावी राजनीति छोड़ सकते हैं, लेकिन राजनीति में सक्रिय रहेंगे और केवल किसानों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके नाना और महान किसान नेता सर छोटू राम के नाम पर बनाया गया एक थिंक टैंक इस दिशा में काम कर रहा है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हिसार लोकसभा सीट से अपने पुत्र ब्रजेन्द्र सिंह को टिकट मिलने के बाद सिंह ने राज्य सभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। लोकसभा चुनाव में ब्रजेन्द्र को जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने हराया।

## नड्डा ने विधानसभा चुनाव को लेकर असम के भाजपा नेताओं के साथ बैठक की

**गुवाहाटी।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर असम के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई बैठकें कीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बैठकों के दौरान पार्टी के संगठन को मजबूती देने और आगामी चुनाव से संबंधित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। दास ने कहा कि नड्डा ने सोमवार देर रात तक कोर कमेटी और चुनाव समिति के सदस्यों के अलावा पार्टी की राज्य इकाई के पदाधिकारियों के साथ तीन बैठकें कीं। मार्च-अप्रैल में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले नड्डा के दौरे से जमीनी कार्यकर्ताओं का भी उत्साहवर्धन होगा। मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, वरिष्ठ मंत्री हिमंत बिस्व सरमा और भाजपा के असम प्रभारी बैजयंत जे पांडा एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। नड्डा ने सोमवार को असम के सिलचर में पुलिस परेड मैदान में पार्टी का प्रचार अभियान शुरू करते हुए विजय संकल्प रैली को संबोधित किया था।



गुवाहाटी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व उनकी पत्नी मां कामाख्या देवी को माला चढ़ाते हुए।

# राजनीतिक वंशवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मनः मोदी

● इसे जड़ से उखाड़ना हैः पीएम

भाषा। नई दिल्ली


नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दूसरे राष्ट्रीय युवा संसद समारोह के अंतिम समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजनीतिक वंशवाद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन करार दिया और इसे जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अब केवल सरनेम के सहारे चुनाव जीतने वालों के दिन लदने लगे हैं। वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए दूसरे राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने राजनीति को सार्थक बदलाव का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि जब तक देश का सामान्य युवा राजनीति में नहीं आएगा, वंशवाद का जहर इसी तरह लोकतंत्र को कमजोर करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश को नई उंचाइयों पर ले जाने का काम तथा उसे आत्मनिर्भर बनाने का काम देश के युवाओं के कंधे पर है। पिछले छह वर्षों में देश की राजनीति में आए बदलावों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और बिना किसी का नाम लिए कहा कि भ्रष्टाचार जिनकी विरासत थी, उनका भ्रष्टाचार ही आज उन पर बोझ बन गया है। उन्होंने कहा, यह देश के सामान्य नागरिक की जागरूकता की ताकत है कि वो लाख कोशिशों के बाद भी इससे उबर नहीं पा रहे हैं। देश ईमानदारों को प्यार दे रहा है। मोदी ने कहा कि इसके बावजूद कुछ बदलाव अभी भी बाकी हैं और इन बदलावों को लाने के लिए देश के युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा, लोकतंत्र का एक सबसे बड़ा दुश्मन पनप रहा है और वह है राजनीतिक वंशवाद। राजनीतिक वंशवाद देश के सामने ऐसी ही चुनौती है, जिसे जड़ से उखाड़ना है। यह बात सही है कि अब केवल सरनेम के सहारे चुनाव जीतने वालों के दिन लदने लगे हैं। लेकिन राजनीति में वंशवाद का यह रोग अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में अभी भी ऐसे लोग हैं जिनका आचार, विचार और लक्ष्य सब कुछ अपने परिवार की राजनीति और राजनीति में अपने परिवार को बचाने का ही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक वंशवाद लोकतंत्र में एक नए रूप की तानाशाही के साथ ही देश पर अक्षमता का बोझ भी बढ़ा देता है। उन्होंने कहा, राजनीतिक वंशवाद, देश प्रथम के बजाय सिर्फ मैं और मेरा परिवार की भावना को मजबूत करता है। यह भारत में राजनीतिक और सामाजिक भ्रष्टाचार का भी एक बहुत बड़ा कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंशवाद की वजह से राजनीति में आगे बढ़े लोगों को लगता है कि उनके पहली की पीढ़ियों के भ्रष्टाचार का हिसाब नहीं हुआ तो उनका भी कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने कहा, वे तो अपने घर में ही इस प्रकार के विकृत उदाहरण भी देखते हैं। इसलिए ऐसे लोगों का कानून के प्रति ना सम्मान होता है ना ही उन्हें कानून का डर होता है। मोदी ने कहा कि इस स्थिति को बदलने का जिम्मा देश की युवा पीढ़ी पर है। उन्होंने कहा, लेना और पाना छोड़, कुछ कर गुजरने के इरादे से जब तक देश का सामान्य युवा राजनीति में नहीं आएगा, वंशवाद का यह जहर इसी तरह हमारे लोकतंत्र को कमजोर करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए युवाओं का राजनीति में आना जरूरी है। उन्होंने कहा, आपकी जिम्मेदारी है कि भारत के भविष्य का नेतृत्व करें। आपकी यह जिम्मेदारी देश की राजनीति को लेकर भी है। क्योंकि राजनीति देश में सार्थक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। हर क्षेत्र की तरह, राजनीति को भी युवाओं की बहुत ज्यादा जरूरत है। नई सोच, नई उर्जा, नए सपने और नई उमंग की देश की राजनीति को बहुत जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के मन में यह धारणा बन गई थी कि अगर कोई नौजवान राजनीति के क्षेत्र में जाता है तो वह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग यहां तक भी मानने लगे थे कि सब कुछ बदल सकता है, लेकिन सियासत नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि आज स्थिति में बदलाव आया है और ईमानदार लोगों को भी राजनीति में जगह मिल रही है। उन्होंने कहा, लेकिन आज आप देखिए कि देश की जनता इतनी जागरूक हो गई है कि वह राजनीति में ईमानदार लोगों के साथ खड़ी होती है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से अब जनप्रतिनिधि भी यह समझने लगे हैं कि अगले चुनाव में जाना है तो कामों का हिसाब पुख्ता होना चाहिए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और युवा तथा खेल मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय युवा महोत्सव हर साल 12 से 16 जनवरी तक मनाया जाता है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती है। इसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय युवा महोत्सव के साथ राष्ट्रीय युवा संसद समारोह भी आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्देश्य देश के युवाओं की प्रतिभा सामने लाने तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को दर्शाने का मंच प्रदान करना है।

## मथुरा में मस्जिद हटाने की याचिका की पोषणीयता पर दलीले सुनेगी अदालत

**मथुरा।** मथुरा की एक अदालत 18 जनवरी को इस विषय पर सुनवाई करेगी कि कृष्ण जन्मभूमि के निकट बनी 17वीं सदी की मस्जिद को हटाने संबंधी याचिका को खारिज करने के खिलाफ दायर अपील न्यायिक निर्णय योग्य है या नहीं। मथुरा की जिला एवं सत्र न्यायाधीश साधना रानी ठाकुर इस विषय पर 11 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए याचिका की पोषणीयता पर और दलीलें सुनने का फैसला किया था। प्रतिवादी उत्तर प्रदेश सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड और शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट ने और दलीलें सुनने का अनुरोध किया था। लखनऊ निवासी रंजना अग्निहोत्री व अन्य की तरफ से याचिका दायर की गई है। सरकारी अधिवक्ता संजय राय ने बताया कि अदालत ने दलीलें सुनने के लिए 18 जनवरी की तारीख तय की है।


फरीदाबाद में मंगलवार को लोहड़ी का त्योहार मनाती एक महिला संस्थान की छात्राएं।

## रामकृष्ण आश्रम के बेंगलुरु प्रमुख स्वामी हर्षानंद का निधन

भाषा। बेंगलुरु

**रामकृष्ण** आश्रम के बेंगलुरु इकाई के प्रमुख स्वामी हर्षानंद का मंगलवार को यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। आश्रम अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 91 वर्षीय स्वामी उम्र संबंधी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे थे और पिछले कुछ महीने से व्हीलचेयर पर थे।

आश्रम के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, इसके बाद भी वह आश्रम के काम-काज का ध्यान रखते थे। आज दोपहर में भोजन के बाद वह अपने कक्ष में गए और एक बजे उनका निधन हो गया। यूनिवर्सिटी विश्वेश्वरय्या कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से वह गोल्ड मेडल प्राप्त करनेवाले मैकेनिकल इंजीनियर थे। बाद में वह संत बन गए। आश्रम के अधिकारियों ने बताया कि वह स्वामी विवेकानंद की शिक्षा से बेहद प्रभावित थे और 1954 में रामकृष्ण मिशन से जुड़ गए तथा रामकृष्ण मिशन के बेंगुलुरु शाखा के छठे प्रमुख स्वामी विरजानंद के संरक्षण में आध्यात्म की दीक्षा लिए। अपने प्रशासनिक गुणों के लिए पहचाने जाने वाले स्वामी ने बेंगलुरु, मैसुरू, मंगलुरु और रामकृष्ण मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ और इलाहाबाद में काम किया। वह 1989 से रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष थे।

अधिकारी ने बताया, स्वामीजी को कई भाषाओं संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, हिंदी, बंगाली और अंग्रेजी का ज्ञान था। उन्होंने कन्नड़, संस्कृत और अंग्रेजी में कई किताबें लिखी, जिनमें ए कंसाइज इंसाइक्लोपीडिया ऑफ हिंदुइज्म शामिल है। वह अच्छे गायक और वक्ता भी थे। मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने संत के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें उत्कृष्ट वक्ता और विद्वान बताते हुए कहा कि उन्होंने रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के दर्शनों को बरकरार रखा।

## स्वामी विवेकानंद को मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और लोगों से उनके विचारों एवं आदर्शों का प्रसार करने की अपील की। मोदी ने ट्विटर के माध्यम से अपने ऐप (नमो) का एक लिंक साझा किया, जिसके माध्यम से लोग स्वामी विवेकानंद के विचार साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। विवेकानंद जयंती पर नमो ऐप पर एक रचनात्मक प्रयास किया गया है, जो आपको उनके विचार एवं अपने व्यक्तिगत संदेश साझा करने की अनुमति देता है। आइए, स्वामी विवेकानंद के बहुआयामी विचारों एवं आदर्शों का दूर-दूर तक प्रसार करें। विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक दार्शनिक स्वामी विवेकानंद का कोलकाता में 1863 में जन्म हुआ था और उन्हें वेदांत के विचारों को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। मोदी ने कई बार कहा है कि उनके जीवन में विवेकानंद के विचारों का गहरा प्रभाव है।

## आईएसआईएस में शामिल होने वाले डॉक्टर के खिलाफ एनआईए ने आरोपपत्र दाखिल किया

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को एक डॉक्टर के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया जो अपनी विचारधारा का प्रसार करने और भारत में अवैध गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह में शामिल हो गया था। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी।

बेंगलुरू के रहने वाले 28 वर्षीय अब्दुर रहमान के खिलाफ आरोपपत्र यहां एनआईए की विशेष अदालत में भारतीय दंड संहिता (भादंसं) और अवैध गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दाखिल किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा, सह आरोपी जहांजैब सामी वानी एवं अन्य के साथ मिलकर प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएसाइस्लामिक स्टेट खोरासान प्रांत (आईएसकेपी) की विचारधारा का प्रसार करने तथा भारत में विध्वंसक एवं देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए रहमान को आरोपित किया गया है। इससे पहले दो सितंबर को श्रीनगर के वानी एवं हिना बशीर बेग, हैदराबाद के अब्दुल्ला बासित और पुणे के सादिया अनवर शेख तथा नबील सिद्दीक खत्री के खिलाफ भादंसं एवं यूएपीए की धाराओं के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि मामला वानी और उसकी पत्नी बेग की, मार्च 2020 में दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तारी से जुड़ा हुआ है। सूचना मिली थी कि वे आईएसकेपी से जुड़े हुए हैं (जो आईएसआईएस का हिस्सा है) और देश में विध्वंसक तथा देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। एनआईए ने जांच शुरू की और रहमान को अगस्त 2020 में बेंगलुरू से गिरफ्तार किया गया। रहमान बेंगलुरू मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का छात्र था और उसी दौरान वह कट्टरपंथी बना। एनआईए के अधिकारी ने बताया कि वह अनवर अवलाकी सहित कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशकों के ऑनलाइन व्याख्यान सुनता था।


## कोविड-19 से होने वाले निमोनिया के ज्यादा नुकसानदायक होने का कारण पता चला

**नई दिल्ली।** अनुसंधानकर्ताओं ने अपनी तरह के पहले अध्ययन में कोविड-19 के गंभीर रोगियों के फेफड़ों की प्रतिरक्षक कोशिकाओं का क्रमबद्ध तरीके से विश्लेषण किया है और उनकी तुलना निमोनिया पीड़ितों से की है। इस तुलनात्मक विश्लेषण से पता चला है कि नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण अपेक्षाकृत अधिक तेजी से कैसे फैलता है। पत्रिका नेचर में प्रकाशित नए अध्ययन के अनुसार कोरोना वायरस फेफड़े के बड़े क्षेत्रों को तेजी से संक्रमित करने के बजाय अनेक छोटे क्षेत्रों में पैठ बना लेता है और प्रतिरक्षक कोशिकाओं पर कब्जा करके कुछ दिन या सप्ताह की अवधि में श्वसन तंत्र में फैल जाता है। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण काफी नुकसान पहुंचाता है क्योंकि यह धीरे-धीरे फेफड़ों में फैलता है और रोगी को बुखार बना रहता है। यह रक्तचाप कम करता है और गुर्दों, मस्तिष्क, हृदय तथा रोगी के अन्य अंगों को भी नुकसान पहुंचाता है।

# भारत में कोरोना के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 2.16 लाख रह गई है

● एक दिन में संक्रमण के 12,584 नए मामले, 167 लोगों की मौत

भाषा। नई दिल्ली



**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर मंगलवार को 2,16,558 रह गई जो संक्रमित हुए कुल लोगों का महज 2.07 प्रतिशत है।

देश में एक दिन में संक्रमण के 12,584 नए मामले सामने आ रहे हैं, जो पिछले सात महीने में सबसे कम हैं, वहीं इस अवधि में कुल मामलों में 5,968 की कमी आई है। देश में मंगलवार तक कोविड-19 से मुक्त हुए लोगों की संख्या 1,01,11,294 पहुंचने के साथ ही बीमारी से ठीक होने की दर बढ़कर 96.49 प्रतिशत हो गई है। देश में कोरोना वायरस संक्रमण से एक दिन में 167 लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के अनुसार, 25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या वर्तमान में 5000 से भी कम है।

मंत्रालय ने रेखांकित किया कि संपूर्ण सरकार और सम्पूर्ण समाज के विचार पर आधारित केन्द्र के सतत, अग्रसक्रिय और समन्वत प्रयास के कारण रोजाना आने वाले नए मामलों में लगातार कमी हो रही है। इससे रोज होने वाली मौतों में भी धीरे-धीरे कमी आई है। जांच की सुविधाओं का विस्तार होने के कारण संक्रमण का दर भी कम हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रेखांकित किया, भारत में प्रति सप्ताह संक्रमण का दर 2.06 प्रतिशत है और देश में 22 ऐसे राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश हैं जहां संक्रमण का दर राष्ट्रीय औसत से कम है। मंत्रालय ने कहा, संक्रमण मुक्त लोगों और उपचाराधीन मरीजों के बीच का अंतर बढ़ रहा है और फिलहाल यह 98,94,736 है।

पिछले 24 घंटे में 18,385 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। उसका कहना है कि हाल ही में संक्रमण मुक्त हुए मरीजों में से 80.50 प्रतिशत लोग 10 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश के हैं। महाराष्ट्र में एक दिन में सबसे ज्यादा 4,286 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं, वहीं केरन में 3,922 और छत्तीसगढ़ में ।,255 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। वहीं संक्रमण के नए मामलों में से 70.08 प्रतिशत सात राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। केरल में एक दिन में सबसे ज्यादा 3,110 नए मामले आए हैं, जबकि महाराष्ट्र में 2,438 और छत्तीसगढ़ में 853 लोग संक्रमित हुए हैं।

# युवाओं की सक्रिय भागीदारी से भारत में लोकतंत्र का भविष्य उज्जवलः बिरला

भाषा। नई दिल्ली



नई दिल्ली में मंगलवार को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में महाराष्ट्र के दूसरे राष्ट्रीय युवा संसद के मान्य कार्यक्रम समारोह के दौरान महाराष्ट्र के प्रथम आरती मिश्रा को पुरस्कार देते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, खेल मंत्री किरेन रिजिजू और मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल।

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत में लोकतंत्र का भविष्य उज्ज्वल है क्योंकि युवा-शक्ति सकारात्मक बदलाव के लिए नवाचारों के साथ आगे आ रही है और व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी कर रही है।

राष्ट्रीय युवा संसद के सत्र को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने कहा, हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम देश के पुनरूत्थान एवं संविधान और संसद को सशक्त करने के लिए युवा ऊर्जा और युवा शक्ति का अधिकतम उपयोग करें। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, देश में सकारात्मक बदलावों के लिए नवाचारों के साथ युवा आगे आ रहे हैं। यह हमारे देश के लोकतांत्रिक भविष्य के लिए उत्साहजनक संकेत है। उन्होंने प्रतिभागियों का आह्वान किया कि वे संसदीय प्रक्रियाओं और मूल्यों को देश में अधिकतम लोगों तक पहुंचाने के सक्रिय प्रयास करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश की समस्याओं और कठिनाइयों के समाधान का मार्ग लोकतंत्र के माध्यम से निकलेगा। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, बिरला ने कहा कि युवा यहां से जो शक्ति और ऊर्जा का स्रोत लेकर जाएंगे, वह देश के अलग-अलग क्षेत्रों में लोकतंत्र को मजबूत करेगा। उन्होंने युवाओं में आत्मशक्ति और आत्मविश्वास को मजबूत करने के स्वामी विवेकानंद के संदेश का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं में स्वामी जी के सपनों को साकार करने की क्षमता है। इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि हमारे संविधान का सबसे महत्वपूर्ण भाग प्रस्तावना है और इसका पहला वाक्य हम भारत के लोग हैं। उन्होंने कहा कि यह वाक्य भारतीय समाज के प्रत्एक व्यक्ति को एक राष्ट्रीय भावना से बांध कर रखता है। देश के नागरिक, संसदीय एवं संवैधानिक प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण है तथा नागरिकों में सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है युवा वर्ग।

युवाओं का सशक्तिकरण राष्ट्र का सशक्तिकरण है। निशंक ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव के बारे में कहा कि इस कार्यक्रम द्वारा व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र के सशक्तिकरण का अभियान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। युवा कार्य और खेल मंत्री किरन रिजीजू ने कहा कि इस वर्ष पहली बार राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन प्रौद्योगिकी के उपयोग से ऑनलाइन-ऑफलाइन हाई-ब्रिड मोड में किया गया है तथा इसमें रिकॉर्ड भागीदारी हुई है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में 7 लाख युवाओं ने 24 विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। रिजीजू ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रीय युवा संसद 2021 प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# पेज 1 का शेष

## कृषि कानूनों...

सूचित किया गया कि उसके समक्ष एक आवेदन दाखिल किया गया है जिसमे आन्दोलरत किसानों को एक प्रतिबंधित संगठन के समर्थन का आरोप लगाया गया है, पीठ ने अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल से इस बारे में जानकारी मांगी। वेणुगोपाल ने कहा कि किसानों के इस आन्दोलन में 'खालिस्तानियों' ने पैठ बना ली है। इस पर पीठ ने उनसे कहा कि इस संबंध में हलफनामा दाखिल किया जाये। वेणुगोपाल ने कहा कि वह बुधवार तक ऐसा कर देंगे। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही दिल्ली पुलिस के माध्यम से केंद्र द्वारा दायर एक आवेदन पर भी नोटिस जारी किया। इस आवेदन में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजन में व्यवधान डालने के लिये किसानों के प्रस्तावित ट्रैक्टर या ट्राली मार्च या किसी अन्य तरह के विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। इस आवेदन में केन्द्र ने कहा है कि उसे सुरक्षा एजेन्सियों से जांनकारी मिली है कि विरोध करने वाले लोग छोटे छोटे समूहों में गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर मार्च आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। न्यायालय ने तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों के विरोध प्रदर्शन से निबटने के तरीके पर सोमवार को केन्द्र को आड़े हाथ लिया था और किसानों के साथ हुयी उसकी बातचीत के तरीके पर गहरी निराशा व्यक्त की थी। तीन कृषि कानूनों को लेकर केन्द्र और किसान यूनियनों के बीच आठ दौर की बातचीत के बावजूद कोई रास्ता नहीं निकला है क्योंकि केन्द्र ने इन कानूनों को समाप्त करने की संभावना से इंकार कर दिया है जबकि किसान नेताओं का कहना है कि वे अंतिम सांस तक इसके लिये संघर्ष करने को तैयार हैं और 'कानून वापसी' के साथ ही उनकी 'घर वापसी' होगी।

## कमेटी के...

मिलना सुनिश्चित होगा।' डॉ. जोशी कृषि शोध के क्षेत्र में एक अग्रणी नाम हैं। वे हैदराबाद स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेंट तथा नई दिल्ली स्थित नेशनल सेंटर फॉर एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के निदेशक रह चुके हैं। इसके अलावा वे इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट के साउथ एशिया कोआर्डिनेटर भी रह चुके हैं। जोशी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य को वैध समर्थन का जमकर विरोध किया था तथा अनुबंध खेती को सभी हितधारकों के लिए समान लाभकारी बताया है। जोशी ने पिछले दिनों अपने लेखों में किसानों के आंदोलन पर खेद जताया था तथा इस बात का उल्लेख किया था कि केंद्र ने आंदोलनकारियों की वाजिब चिंताओं को शामिल करने का हरसंभव प्रयास किया है। पैनल में शामिल दो शामिल किसान नेता बीकेयू के भूपिंदर सिंह मान तथा महाराष्ट्र स्थित शेतकरी संगठन के अनिल घनवट ने दिसंबर में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की थी तथा आंदोलनकारियों को संतुष्ट करने के लिए कुछ संशोधन करने के बाद कानूनों पर अमल करने का अनुरोध किया था। मान भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जो अखिल भारतीय किसान कोआर्डिनेशन कमेटी (एआईकेसीसी) का हिस्सा है। वे 1990-96 तक राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। विभिन्न राज्यस्तरीय किसान संगठनों को एक मंच पर लाने के लिए उन्होंने एआईकेसीसी के गठन में भी मदद की थी। पिछले 14 दिसंबर को एआईकेसीसी के बैनर तले किसानों के एक धड़े ने एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें कुछ संशोधनों के साथ तीनों कानूनों पर अमल करने की मांग की गई थी। महाराष्ट्र स्थित शेतकरी संगठन के अध्यक्ष अनिल घनवट पूरे किसान आंदोलन के दौरान सरकार का समर्थन करते रहे हैं। 20 अगस्त 2020 को शेतकरी संगठन के सदस्यों ने महाराष्ट्र के कई जिलों में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार कार्यालयों को सौंपा था जिसमें कृषि कानूनों का स्वागत किया गया था। संगठन ने कानूनों के प्रति अपना समर्थन प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर पटाखे भी फोड़े थे।

## किसानों ने...

सदस्यीय समिति का गठन किया। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'उच्चतम न्यायालय की तरफ से गठित समिति के सदस्य विश्वसनीय नहीं हैं क्योंकि वे लिखते रहे हैं कि कृषि कानून किसानों के हित में है। हम अपना आंदोलन जारी रखेंगे।' किसान नेता ने कहा कि संगठनों ने कभी मांग नहीं की कि उच्चतम न्यायालय कानून पर जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए समिति का गठन करे और आरोप लगाया कि इसके पीछे केंद्र सरकार का हाथ है। उन्होंने कहा, 'हम सिद्धांत तौर पर समिति के खिलाफ हैं। प्रदर्शन से ध्यान भटकाने के लिए यह सरकार का तरीका है।' किसान नेताओं ने कहा कि उच्चतम न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर कृषि कानूनों को वापस ले सकता है। एक अन्य किसान नेता दर्शन सिंह ने कहा कि वे किसी समिति के समक्ष पेश नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि संसद को मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए और इसका समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा, "हम कोई बाहरी समिति नहीं चाहते हैं।" बहरहाल, किसान नेताओं ने कहा कि वे 15 जनवरी को सरकार के साथ होने वाली बैठक में शामिल होंगे। उच्चतम न्यायालय की तरफ से बनाई गई चार सदस्यों की समिति में बीकेयू के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह मान, शेतकारी संगठन (महाराष्ट्र) के अध्यक्ष अनिल घनावत, अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति शोध संस्थान दक्षिण एशिया के निदेशक प्रमोद कुमार जोशी और कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी शामिल हैं।

## कोविड-19...

गया है और अब उसके भारतीय साझेदार डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज द्वारा उसके तीसरे चरण का परीक्षण किया जा रहा है। स्वास्थ्य सचिव का कहना था कि बायोलोजिकल ई के मामले में उसके टीके के पहले चरण का क्लीनिकल परीक्षण दिंसबर में शुरू हुआ और दूसरा चरण मार्च में शुरू होने की संभावना है, इसी तरह जेन्नोवा के आरएनए आधारित कोविड-19 टीका भी पहले चरण के परीक्षण में है और उसका दूसरा चरण मार्च में हो सकता है।

## टीके की...

हिसाब से (करीब 27 करोड़)। स्वास्थ्य कर्मियों और कोरोना योद्धाओं को टीका लगाने पर आने वाला खर्च केन्द्र सरकार वहन करेगी। सरकार के अनुसार करनाल, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई में सरकारी मेडिकल स्टोर विभाग को वैक्सीन रोलआउट के लिए चार मुख्य भंडारण केंद्र बनाए हैं। भूषण ने कहा कि प्रत्येक राज्य में एक क्षेत्रीय टीकाकरण स्टोर भी बनाया जाएगा। कुछ राज्यों में इन स्टोर की संख्या एक से ज्यादा भी हो सकती है।

## मप्र की...

मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर मानपुर एवं पहावाली गांवों में हुई। उन्होंने बताया कि जहरीली शराब पीने से मानपुर और पहावाली गांव के 11 लोगों की मौत हो गई तथा आठ लोग गंभीर रुप से बीमार हो गए। इस बाद अस्पताल में एक और बीमार व्यक्ति की मौत हो गई। बीमार लोगों को बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को अवैध शराब का सेवन करने वाले गांव के लोगों की हालत बिगड़ने लगी और 11 लोगों की मौत हो गई और बाकी बीमार लोगों को उपचार के लिए ग्वालियर के अस्पताल में भेजा गया। सुजानिया ने बताया कि सभी मृतकों का मुरैना के जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि इनकी मौत जहरीली शराब के सेवन से हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती लोगों के बयान लेने पुलिस वहां पहुंच गई है। उनके बयान लेने के बाद ही साफ हो पाएगा कि गांव में संदिग्ध जहरीली शराब कहां से आई थी। एसपी ने बताया कि पुलिस गांव में भी पूछताछ कर रही है। इस मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नस्लीय टिप्पणियों को रोका जाना चाहिए: गंभीर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में क्रिकेटरों पर नस्लवादी टिप्पणियां करने घटनाएं बहुत होती है और इसे रोका जाना चाहिए। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, नस्लवाद बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और यह ऐसी चीज है जो किसी भी खेल में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि किसी भी खेल में , और मेरा मानना है कि इसके खिलाफ सख्त कानून बनाने की जरूरत है। जब यह किसी खिलाड़ी के साथ होता है, तो केवल वही इसे महसूस करता है। आप दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया जैसी जगहों पर बॉक्सिंग डे टेस्ट जैसा अहम मुकाबला खेलते समय ऐसे अपशब्दों का सामना करते है। सिराज की शिकायत के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने भी भारतीय खिलाड़ियों के साथ खड़े होकर उनका समर्थन किया।

### निश्चल ने जीता 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन ट्रायल्स का दूसरा चरण

**नई दिल्ली।** हरियाणा की निशानेबाज निश्चल ने मंगलवार को यहां डा. कर्णीसिंह शूटिंग रेंज पर महिलाओं के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन ट्रायल्स के दूसरे चरण में जीत दर्ज की। निश्चल पहले चरण में तीसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने दूसरे चरण के फाइनल्स में 459.1 अंक बनाकर पहले चरण की विजेता तेजस्विनी सावंत को हराया। तेजस्विनी इस चरण में 458.1 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही।

### हैडिन ने रहाणे की शानदार कप्तानी की तारीफ की

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर ब्रैड हैडिन ने तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में ऋषभ पंत को बल्लेबाजी के लिए पहले भेजने की रणनीति के शानदार करार देते हुए भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे की तारीफ की। हैडिन ने सेन रेडियो पर कहा, भारतीय टीम का जैसा खेली उससे वे मैच को सिर्फ ड्रा कर सकते थे लेकिन पंत को लेकर रहाणे की रणनीति शानदार रही।

### इसनर ने कहा, कोविड–19 के कारण आस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा नहीं लूंगा

**डेलरे बीच।** अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी जॉन इसनर ने कहा है कि वह कोविड-19 महामारी के कारण आस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे। इसनर ने डेलरे बीच ओपन में साथी अमेरिकी खिलाड़ी सबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार के बाद सोमवार रात अपने फैसले के बारे में बताया।

### वेस्टहैम ने एफए कप में स्टॉकपोर्ट को हराया

**स्टॉकपोर्ट।** वेस्टहैम ने अंतिम मिनटों में दागे गोल की बदौलत एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पांचवे टीयर टीम स्टॉकपोर्ट को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल 83वें मिनट में क्रेग डॉसन ने किया। डॉसन ने जेरोड बोवेन के क्रॉस को हेडर से गोल में पहुंचाया।

# बढ़ती जा रही चोटिलों की सूची

## भारतीय टीम के सामने समस्या फिट 11 को जुटाने की

## बुमराह ब्रिसबेन टेस्ट से बाहर हुए, अग्रवाल को नेट पर चोट लगी, अश्विन की पीठ में जकड़न

**भाषा।** नई दिल्ली

सिडनी क्रिकेट मैदान पर टीवी कैमरों की जर जब भी भारतीय ड्रेसिंग रूम की तरफ गई, रविचंद्रन अश्विन या तो बालकनी में खड़े दिखे या रेलिंग पर टिके हुए नजर आए लेकिन एक बार भी वह बैठे नहीं। दर्शकों को लगा कि आस्ट्रेलियाई आक्रमण के सामने चेतेश्वर पुजारा और ऋषभ पंत की बल्लेबाजी को देखते हुए सीनियर खिलाड़ी होने के नाते वह तनाव में होंगे लेकिन असलियत उनकी पत्नी प्रीति के ट्वीट से पता चली। अश्विन की कमर में भीषण दर्द था और वह पिछली रात इसकी वजह से सो भी नहीं सके थे। ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट से पहले भारतीय ड्रेसिंग रूम मिनी अस्पताल लगने लगा है। कोच रवि शास्त्री और कप्तान अजिंक्य रहाणे के सामने समस्या फिट 11 खिलाड़ियों को एकत्र करने की है क्योंकि चोटिल खिलाड़ियों की सूची में मयंक अग्रवाल और जसप्रीत बुमराह का नाम भी शामिल हो गया है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला से पहले और इसके दौरान चोटिल हुए खिलाड़ियों की स्थिति इस प्रकार है। **ईशांत शर्मा** : इस सीनियर तेज गेंदबाज को सितंबर में आईपीएल के पहले ही मैच में बाजू में चोट लगी। इसके बाद वह आस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में जगह नहीं बना सके। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी घरेलू टूर्नामेंट के लिए उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में चयन तय। **भुवेश्वर कुमार** : सीमित ओवरों के विशेषज्ञ और टेस्ट टीम के रिजर्व तेज गेंदबाज भुवनेश्वर को आईपीएल मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगी। रिहैबिलिटेशन के कारण आस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहे। मुश्ताक अली ट्रॉफी के जरिए वापसी की। इंग्लैंड के खिलाफ चयन तय। **वरूण चक्रवर्ती** : आईपीएल की खोज कोलकाता नाइट राइडर्स के वरूण चक्रवर्ती भारतीय टी20 टीम में चुने गए लेकिन पूर्व राष्ट्रीय चयन समिति के प्रमुख



सुनील जोशी को उनके कंधे की चोट के बारे में पता नहीं था जिसकी वजह से वह दौरे से बाहर हो गए। रोहित शर्मा : आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट रही चर्चा का विषय। मुंबई इंडियंस के कप्तान ने दर्द के बावजूद फाइनल खेला और खिताब जीता। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों के प्रारूप से बाहर लेकिन तीसरे टेस्ट से टीम में वापसी की। सिडनी में दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया। **मोहम्मद शमी** : एडीलेड टेस्ट में पैट कमिंस की शॉर्ट गेंद को खेलने के प्रयास में बाजू में फ्रेक्चर। बाकी तीनों टेस्ट से बाहर और इंग्लैंडके खिलाफ पहले दो टेस्ट खेलना भी तय नहीं **उमेश यादव** : आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में फील्डिंग के दौरान चोटिल। बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ कर सकते हैं वापसी। **केएल राहुल** : सीमित ओवरों के चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बल्लेबाजी के दौरान कलाई की चोट के शिकार। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले फिट होने की कवायद में भारत लौटे। **रविंद्र जडेजा** : भारत के शीर्ष हरफनमौला को सिडनी टेस्ट में मिशेल स्टार्क की शॉर्ट गेंद का सामना करते हुए बाएं अंगूठे में चोट लगी। स्कैन से पता चला कि अंगूठे में फ्रेक्चर हो गया है। कुछ महीने बाहर रहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला भी नहीं खेल सकेंगे **ऋषभ पंत** : सिडनी टेस्ट में पैट कमिंस की गेंद बाईं कोहनी पर लगी। दूसरी पारी में विकेटकीपिंग नहीं कर सके। फ्रेक्चर नहीं हुआ और दर्दनिवारक दवाएं लेकर खेले। ब्रिसबेन में चौथा टेस्ट खेलेंगे। **हनुमा विहारी** : सिडनी टेस्ट के नायक विहारी को हैमस्ट्रिंग में ग्रेड टू चोट। वह चौथा टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला नहीं खेल सकेंगे। **रविचंद्रन अश्विन** : श्रृंखला में 134 से ज्यादा ओवर फेंक चुके अश्विन की कमर में दर्द है और वह अपने जूतों की लैस नहीं बांध पा रहे और ना ही सो पा रहे हैं। ध्यान और फिजियोथेरेपी की मदद ले रहे हैं और उम्मीद है कि ब्रिसबेन टेस्ट खेलेंगे। **मयंक अग्रवाल** : पहले दो टेस्ट में नाकाम रहने के बाद सिडनी टेस्ट से बाहर। नेट अभ्यास के दौरान दस्तानों पर गेंद लगी। स्कैन रिपोर्ट का इंतजार। वह विहारी की जगह लेने वाले हैं और चोट गंभीर नहीं होने पर खेलेंगे। **जसप्रीत** : सिडनी टेस्ट के तीसरे दिन पेट की मांसपेशी में खिंचाव। अपना स्पैल डालने भी नहीं आ सके और ब्रिसबेन टेस्ट से बाहर होंगे।

### ब्रिसबेन टेस्ट के लिए पुकोवस्की की फिटनेस पर फैसला अभी टला

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि भारत के खिलाफ चौथे और आखिरी टेस्ट में विल पुकोवस्की की उपलब्धता को लेकर फैसला लेने में विलंब होगा ताकि इस सलामी बल्लेबाज को अपनी फिटनेस साबित करने का पूरा मौका मिल सके। पुकोवस्की के कंधे की हड्डी आंशिक रूप से खिसक गई है। सीए ने कहा कि पुकोवस्की के कंधे में चोट है और उनके कंधे का जोड़ आंशिक रूप से खिसक गया है।

### पेन ने सिडनी टेस्ट में खराब बर्ताव के लिए माफी मांगी



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुए सिडनी टेस्ट के दौरान मैदान पर अपने बर्ताव के लिए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि उनकी कप्तानी अच्छी नहीं थी और रविचंद्रन अश्विन से छींटाकशी करके वे बेवकूफ जैसे नजर आए। पेन को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब उन्होंने अश्विन के साथ छींटाकशी की जो चोटिल हनुमा विहारी के साथ मिलकर भारत को हार बचाने की कवायद में जुटे थे। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि मैच के दौरान कई बार उनका ध्यान भटका, वह गुस्से थे और उत्तेजित भी हुए। मैंने कल मैच के बाद तुरंत उससे (अश्विन से) बात की, मैंने उससे कहा, देखो अंत में ऐसा लगा जैसे मैं बेवकूफ हूं, क्या मैंने ऐसा नहीं किया? आप मुंह खोलते हो और फिर कैच टपका देते हो। उन्होंने मीडिया से बात करने का फैसला किया क्योंकि उन्हें कल की कुछ बातें स्पष्ट करनी थी। मैं इस टीम की अगुआई करने के अपने तरीके पर गर्व करता हूं इसलिए कल जैसे चीजें घटी उसके लिए माफी मांगना चाहता हूं।

### भारत को गाबा में हराएंगे: लाबुशेन

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के शीर्ष बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का मानना है कि भारत ने सिडनी टेस्ट के चौथे दिन जिस तरह टिककर बल्लेबाजी की उस स्थिति में उनके खिलाड़ी अधिक कुछ नहीं बदल सकते थे। उन्होंने हालांकि कहा कि मेजबान टीम ब्रिसबेन में भारत को हराकर श्रृंखला जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मैच का नतीजा चाहे कुछ भी रहे, अगर हम जीत दर्ज करते या यह ड्रॉ था, हमें गाबा में जाना है और जीतना है। इसलिए हमारे लिए कुछ नहीं बदला है, यह बस अपना फोकस बदलने का मामला है और सुनिश्चित करना कि गाबा में हम उन्हें हराएं। आस्ट्रेलिया को पांचवें दिन की पिच से थोड़ी अधिक मदद की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने क्रीज पर डटे रहकर मैच ड्रॉ कराने का श्रेय भारतीय बल्लेबाजों को दिया।

### होटल में मूलभूत सुविधाएं भी नहीं, बीसीसीआई का दखल

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और आखिरी टेस्ट के लिए ब्रिसबेन पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम को मंगलवार को ऐसे होटल में ठहराया गया जिसमें मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थी और इसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों को दखल देना पड़ा। समझा जाता है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, सचिव जय शाह और सीईओ हेमांग अमीन ने शिकायतें मिलने के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अधिकारियों से संपर्क किया। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि भारतीय टीम को वहां कोई परेशानी नहीं होगी। बोर्ड के एक सीनियर सूत्र ने बताया , होटल में रूम सर्विस या हाउसकीपिंग ही नहीं है। जिम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का नहीं है और स्वीमिंग पूल में नहीं जा सकते। उनसे चेक इन के समय इन सभी सुविधाओं का वादा किया गया था। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट 15 जनवरी से ब्रिसबेन में खेला जाएगा।

# पहले पॉजीटिव फिर नेगेटिव आया साइना और प्रणय का परीक्षण



## थाईलैंड ओपन में खेलने की मिली मंजूरी

**भाषा।** बैंकॉक

भारतीय शटलर साइना नेहवाल और एचएस प्रणय को मंगलवार को पहले कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाया गया लेकिन इसके कुछ घंटों बाद ही उनका अगला परीक्षण नेगेटिव आ गया जिससे इन दोनों का थाईलैंड ओपन में खेलने का रास्ता भी साफ हो गया। पहले इस टूर्नामेंट से उन्हें बाहर कर दिया गया था। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) और भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की। बीएआई ने बयान में कहा, साइना नेहवाल और एचएस प्रणय का कोविड-19 के लिए किया गया चौथे दौर का परीक्षण नेगेटिव आया है और इन दोनों शटलर को योनेक्स थाईलैंड ओपन में भाग लेने की स्वीकृति मिल गई है। भारतीय संघ ने कहा कि उसने यह मामला बीडबल्यूएफ के सामने रखा जिसके बाद इन खिलाड़ियों का खेलना सुनिश्चित हो पाया। राष्ट्रीय संघ ने कहा, बीएआई ने यह मसला बीडब्ल्यूएफ के शीर्ष अधिकारियों के सामने रखा कि अगर परीक्षण नेगेटिव आए हैं तो संबंधित खिलाड़ियों के मैचों का कार्यक्रम फिर से तय किया जाना चाहिए और किसी खिलाड़ी को वाकओवर नहीं मिलना चाहिए। इससे पहले दिन में साइना का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजीटिव आने के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था जबकि प्रणय का मामला अधर में लटक गया था क्योंकि उनका एक परीक्षण पॉजीटिव आने के बाद अगला परिणाम नेगेटिव आ गया था। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन पारूपल्ली कश्यप को भी अपनी पत्नी और साथी खिलाड़ी साइना के साथ करीबी संपर्क के कारण टूर्नामेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा था। लेकिन साइना और प्रणय को मंजूरी मिलने से भारतीयों के लिए दिन का अंत अच्छा रहा। साइना और कश्यप के मैच बुधवार को होंगे। कश्यप का खेलना हालांकि शाम को किए गए उनके परीक्षण के परिणाम पर निर्भर करेगा।

### कोहली को पछाड़कर स्मिथ दूसरे स्थान पर, पुजारा आठवें स्थान पर

#### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे स्थान पर आ गए। वही मध्यक्रम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा दो पायदान चढकर आठवें स्थान पर आ गए है। कोहली के ताजा रैंकिंग में 870 अंक है। वह पितृत्व अवकाश के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद स्वदेश लौट गए। उनकी पत्नी अनुष्का ने सोमवार को बेटी को जन्म दिया। स्मिथ 900 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि शीर्ष पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन है जिनके 919 अंक है। स्मिथ ने सिडनी टेस्ट में 131 और 81 रन बनाए थे। विलियमसन ने पाकिस्तान के खिलाफ क्राइस्टचर्च टेस्ट में 238 रन की पारी खेली थी। वह आईसीसी रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग अंक पाने वाले कीवी क्रिकेटर भी बन गए है। तीसरे टेस्ट में दो अर्धशतक बनाकर भारत को ड्रॉ कराने में मदद करने वाले पुजारा आठवें स्थान पर है जबकि कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे एक पायदान खिसककर सातवे स्थान पर है। ऋषभ पंत 19 पायदान की छलांग लगाकर 26वें स्थान पर पहुंच गए। हनुमा विहारी 52वें , शुभमन गिल 69वें और आर अश्विन 89वे स्थान पर है। गेंदबाजों में आफ स्पिनर अश्विन दो पायदान गिरकर नौवे स्थान पर है जबकि जसप्रीत बुमराह एक पायदान नीचे दसवें स्थान पर है।

# रामकुमार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर से बाहर

## अंकिता अंतिम दौर में

**भाषा।** मेलबर्न



भारत की शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने महिला एकल में दुनिया की 118वें नंबर की खिलाड़ी कैटरीन जावातस्का के खिलाफ तीन सेट में जीत के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर के अंतिम दौर में जगह बनाई लेकिन पुरुष एकल में रामकुमार रामनाथन को हार का सामना करना पड़ा। दुबई में चल रहे महिला एकल क्वालीफायर में 180वीं रैंकिंग वाली अंकिता ने दूसरे दौर के मुकाबले में युक्रेन की खिलाड़ी को दो घंटे और 20 मिनट में 6–2 2–6 6–3 से हराया। अंकिता ने कहा , मैंने पहले सेट में अच्छी शुरूआत की और दूसरे सेट के पहले दो गेम भी अच्छे रहे। तीसरा गेम अहम था क्योंकि उसने वह गेम जीता। मुझे खुशी है कि मैंने उसे दबाव नहीं बनाने दिया। मैंने अपने बेसिक्स पर फोकस रखा और आक्रामक खेल दिखाया। अब उनका सामना सर्बिया की ओल्गा डानिलोविच से होगा जो रैंकिंग में 183वें स्थान पर है। दोनों के बीच यह पहला मुकाबला होगा। अंकिता छठी बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं और इतिहास रचने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। भारत की ओर से किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में अब तक सिर्फ निरूपमा वैद्यनाथन और सानिया मिर्जा ही चुनौती पेश कर पाई हैं। निरूपमा ने 1998 में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई थी जबकि साइना ने 2012 से एकल वर्ग में हिस्सा लेना बंद कर दिया था। दोहा में चल रहे पुरुष एकल में रामकुमार को दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तुंग लिन वू के खिलाफ 69 मिनट में 3–6 2–6 से हार झेलनी पड़ी।

### सबालेंका अबुधाबी ओपन के फाइनल में पहुंची

**अबुधाबी।** बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अबुधाबी ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में मारिया सक्कारी शिकस्त देकर लगातार 14वीं जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने आठ ऐस लगाकर सक्कारी को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया।

# उत्तर प्रदेश की लगातार दूसरी हार

## मुश्ताक अली ट्राफी : पंजाब की कर्नाटक पर बड़ी जीत



**बेंगलुरू।** मृणाल देवधर और शिवम चौधरी के अर्धशतकों की मदद से रेलवे ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मंगलवार को यहां उत्तर प्रदेश को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी जबकि पंजाब ने कर्नाटक पर नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश के बल्लेबाजों ने फिर निराश किया और पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर उसकी टीम नौ विकेट पर 133 रन ही बना पाई। युवा सलामी बल्लेबाज कर्ण शर्मा ने 30 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 55 रन बनाए। उनके बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर भुवनेश्वर कुमार (नाबाद 24) का था। अनुभवी सुरेश रैना छह रन ही बना पाए। रेलवे ने देवधर (52 गेंदों पर 57, आठ चौके) और चौधरी (39 गेंदों पर नाबाद 56, छह चौके, एक छक्का) के बीच दूसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की मदद से 17.4 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश की यह लगातार दूसरी हार है और उसके नाकआउट में पहुंचने की संभावना क्षीण पड़ गई है। रेलवे की यह लगातार दूसरी जीत है। उधर पंजाब ने सिद्धार्थ कौल (26 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी और प्रभसिमरन सिंह (52 गेंदों पर नाबाद 89) रन की धमाकेदार पारी से 32 गेंद शेष रहते ही कर्नाटक को पराजित किया। कर्नाटक की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से रोहन कदम ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। पंजाब ने केवल 14.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। प्रभसिमरन ने अपनी पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए तथा अभिषेक शर्मा (30) के साथ पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। पंजाब इस जीत से ग्रुप ए में आठ अंक लेकर शीर्ष पर है।

### तीन श्रम नियमों को माह के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा: श्रम सचिव

**नई दिल्ली।** औद्योगिक संबंध, पेशागत सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाज की स्थिति तथा सामाजिक सुरक्षा संहिताओं के तहत नियमों को माह के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इससे एक अप्रैल से पहले ही चारों श्रम सुधारो को लागू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। श्रम मंत्रालय ने इस साल एक अप्रैल से चार श्रम संहिताओं को एक बार में लागू करने की योजना बनाई हुई है। मंत्रालय चार केंद्रीय श्रम कानूनों को चार व्यापक संहिताओं... मजदूरी, औद्योगिक संबंधों, सामाजिक सुरक्षा तथा पेशागत सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाज की स्थिति (ओएसएच) में समाहित करने के अंतिम चरण में है। श्रम सचिव अपूर्व चंद्र ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हम माह के अंत तक औद्योगिक संबंधों, सामाजिक सुरक्षा और ओएसएच संहिताओं के तहत नियमों को तैयार कर लेंगे। चारों संहिता इसके अंतर्गत नियम अधिसूचित होने के बाद लागू हो सकते हैं।

### पीएफसी 10,000 करोड़ रुपए जुटाएगी

**नई दिल्ली।** पॉवर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) दो किस्तों में दस हजार करोड़ रुपए जुटाएगी। यह बिजली क्षेत्र के लिए कर्ज देने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी के दस्तावेज के मुताबिक पांच हजार करोड़ रुपए की पहली किस्त आवेदन के लिए 15 जनवरी को खुलेगी और 29 जनवरी को बंद होगी। पीएफसी ने इससे पहले खुदरा निवेशकों को कर मुक्त सुविधा वाले अवसंरचना बांड जारी किए थे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mannu Yadav S/o. Rajiv Yadav, R/o. 83, Opposite E-Sachivalya Panchyat Khand, Babupur, Gurgaon, Haryana-122006 have changed my name from Mannu Yadav to Abdul Mannan on 11.11.2020 for all purposes.

PD(8878)A

CHANGE OF RELIGION

I, Mannu Yadav S/o. Rajiv Yadav, R/o. 83, Opposite E-Sachivalya Panchyat Khand, Babupur, Gurgaon, Haryana-122006 have changed my name my religion from Hinduism (Hindu) to Islam (Muslim) w.e.f. 11.11.2020.

PD(8879)A

### कृषि क्षेत्र को अतिरिक्त धन, प्रोत्साहन देना चाहिए, विशेषज्ञों ने कहा

**नई दिल्ली।** सरकार को कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आगामी बजट में स्वदेशी कृषि अनुसंधान, तिलहन उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण और जैविक खेती के लिए अतिरिक्त धनराशि और प्रोत्साहन देना चाहिए। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने कहा कि प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण (डीबीटी) योजना का इस्तेमाल किसानों को सब्सिडी देने की जगह अधिक समर्थन देने के लिए होना चाहिए। डीसीएम श्रीराम के चेयरमैन और वरिष्ठ प्रबंध निदेशक अजय श्रीराम ने कहा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग ने किसान के लिए बेहतर कीमत पाने और बिचौलियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# औद्योगिक उत्पादन नवंबर में 1.9 प्रतिशत घटा




## दो महीने बढ़ने के बाद हुई फिर गिरावट

**भाषा।** नई दिल्ली

विनिर्माण और खनिज क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के चलते नवंबर माह में औद्योगिक उत्पादन में एक साल पहले के मुकाबले 1.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। दो महीने बाद औद्योगिक उत्पादन फिर संकुचित हुआहै। आधिकारिक आंकड़ों में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 77.63 प्रतिशत के भारांश वाले विनिर्माण क्षेत्र में नवंबर माह में 1.7 प्रतिशत गिरावट रही। खनन क्षेत्र का उत्पादन 7.3 प्रतिशत घटा है। समीक्षागत माह में बिजली उत्पादन 3.5 प्रतिशत बढ़ा। नवंबर 2019 में औद्योगिक उत्पादन में 2.1 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी। कोविड- 19 महामारी फैलने और उसके रोकथाम के लिए जारी लॉकडाउन के बाद मार्च-2019 में औद्योगिक उत्पादन में 18.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। उसके बाद से अगस्त 2020 तक इसमें गिरावट जारी रही। इस साल सितंबर में औद्योगिक वृद्धि 0.48 प्रतिशत के साथ गिरावट के दौर से उबरी। अक्टूबर में वृद्धि का संशोधित आंकड़ा 4.2 प्रतिशत (रिपीट 4.2 प्रतिशत) रहा। प्रारंभिक आंकड़ों में अक्टूबरमें औद्योगिक वृद्धि 3.6 प्रतिशत वृद्धि बताई गई थी। सरकार ने 25 मार्च 2020 को कोविड- 19 महामारी को फैलने से रोकने के लिए देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया था। इसके बाद प्रतिबंधों में धीरे धीरे ढील दिए जाने के बाद से आर्थिक गतिविधियों में सुधार दिखने लगा और इसके साथ ही विभिन्न संकेतकों को लेकर आंकड़ों की रिपोर्टिंग में भी सुधार आया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने एक वक्तव्य में यह कहा है। मंत्रालय ने इसके साथ ही यह भी कहा है कि महामारी के बाद के महीनों के आईआईपी आंकड़ों की उससे पहले के आंकड़ों के साथ तुलना करना उपयुक्त नहीं होगा। विनिर्माण क्षेत्र में हालांकि, नवंबर 2019 में तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

### रुपया हानि से उबरा, 15 पैसे बढ़कर 73.25 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में सुधार के रुख और डॉलर सूचकांक के कमजोर रहने से विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया 15 पैसे बढ़कर 73.25 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.42 रुपए प्रति डालर पर कमजोर खुला लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 15 पैसे की तेजी दर्शाता बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान यह 73.24 रुपए के दिन के उच्चतम स्तर और 73.44 रुपए के निम्नतम स्तर को छू गया। इससे पहले सोमवार को रुपया 73.40 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत गिरकर 90.38 अंक रह गया।

### खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में घटकर 4.59 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** खाने का सामान सस्ता हाने से खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में तेजी से घटकर 4.59 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़े के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने नवंबर मे 6.93 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार खाद्य मुद्रस्फीति दिसंबर 2020 मे घटकर 3.41 प्रतिशत रह गई जो एक महीने पहले 9.5 प्रतिशत थी।

### इस साल 5 प्रतिशत अधिक भरे गए आयकर रिटर्न

**नई दिल्ली।** इस साल आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या करीब 5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 6 करोड़ तक पहुंच गई। ज्यादा संख्या में कंपनियों और इकाइयों द्वारा भरे गए रिटर्न के कारण आयकर रिटर्न की संख्या बढ़ी है। आयकर विभाग के अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष 2019- 20 के लिए 10 जनवरी 2021 तक 5.95 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। व्यक्तिगत तौर पर आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 10 जनवरी तक थी । जबकि कंपनियों के लिए यह 15 फरवरी है। आकलन वर्ष 2020-21 के लिए 10 जनवरी, 2021 तक 5.95 करोड़ आईटीआर भरे गए। वहीं पिछले आकलन वर्ष के लिए 10 सितंबर, 2019 तक 5.67 करोड़ आईटीआर भरे गए थे। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कुल रिटर्न पिछले वर्ष के मुकाबले 33.5 लाख अधिक दाखिल किए गए। पिछले साल आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2019 तक 5.61 करोड़ आईटीआर भरे गए थे। आयकर विभाग ने करदाताओं और कर पेशेवरों का आभार जताया है और कहा कि आकलन वर्ष 2020-21 के लिए आईटीआर के जो आंकड़े दिए गए हैं, ।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Sandeep Kumar Gupta became the owner of Flat Bearing No. 203, (area measuring 115 sq. mtrs). in Sumeru Apartments, Kaushambi, Ghaziabad, (U.P.) by virtue of Mutation Letter dated 01.04.2019 in the record of GDA, after demise of his father late Mr. S. C. Gupta who was lessee of the said property vide lease of land and sale of superstructure dated 11.03.2003, Registration No. 4888, All persons including all other legal heirs are hereby informed that Mr. Sandeep Kumar Gupta want Sell the said property to someone who is taking home loan from ICICI Bank Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the said mutation letter / said property and its ownership / Sale and Mortgage, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, A.K. Grover S/o Shri Ishar Das R/o 19, Shri Fort Road, New Delhi-110049 has applied for conversion of the Flat No.598,on Third Floor (Duplex), Pocket 2,Sector 19,Dwarka,New Delhi from lease hold to free hold in DDA. The Original Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip & NOC for electricity and water connection of the above flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No.430/2014 LR No.32150/2021 dated 12.01.2021. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9811083026 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,interest,objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

**Public Notice for claim/objection by the legal heirs if any against the purchase of property**

Notice is hereby given to the general public at large that the property bearing no. G-27/6A Rajouri Garden, New Delhi-110027 (hereinafter referred to as the 'property') is being transferred in name of Mrs. Raminder Kaur Kohli W/o Shri. Charanjeet Singh Kohli and Mr. Harmeet Sachdeva S/o Shri. Gurbaksh Singh Sachdeva (hereinafter collectively referred to as 'my client') from the rightful owners of the aforesaid property.

In case of any person having any right, title, interest, claim of whatsoever nature by way of sale, gift, lease, heirship, possession or by any other nature in respect of the aforesaid property, the same should be known in writing to me at the address mentioned herein below with documentary proof within 14 days from the date of publication of the present notice, failing which such claim or claims if any, of such person or persons shall be construed to be waived and/or abandoned and the transfer shall be completed.

Jatin Ghuliani,
Advocate,
Address: 522 Dr. Mukherjee Nagar
New Delhi-110009

INDO COTSPIN LTD
REGD. OFFICE : Delhi mile stone, 78 K.M, G.T. Road, N.H. 1, Post Box No. 3, Post Office Samalkha,Village Jhattipur, Panipat-132103, (Haryana), India

NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to Regulation 29 of the Securities Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, A meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Stuarday, 25th January, 2021 at the registered office of the company, inter alia to consider and approve and take on record unaudited financial results of the Company for the quarter ended on 31st December, 2020.

CIN:-L17111HR1995PLC032541
EMAIL:rajpalaggarwal2000@yahoo.com
info@indocotspin.com
www.indocotspin.com
Phone: 09896034879

FOR INDO COTSPIN LTD
Date : 12.01.2021 Sd/-
Place : Panipat Director

### सैट ने सेबी के फैसले पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने यूटीआई एएमसी मामले में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, एलआईसी पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के सेबी के फैसले पर रोक लगा दी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अगस्त 2020 में तीन सरकारी वित्तीय संस्थानों पर तय समयसीमा के भीतर यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) में अपनी हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत से कम करने में विफल रहने पर जुर्माना लगाया था।

# बाजार लगातार तीसरे दिन नई रिकार्ड ऊंचाई पर

## आरआईएल, एचडीएफसी बैंक चमके

**भाषा।** मुंबई







शेयर बाजारों में तेजी मंगलवार को भी जारी रही और दोनों सूचकांक लगातार तीसरे दिन रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह के बीच अनुकूल घरेलू गतिविधियों से बाजार में यह तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में यह गिरावट से उबरते हुए एक समय 49,569.14 अंक के रिकार्ड स्तर तक चला गया। अंत में 247.79 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49,517.11 अंक के अब तक के सर्वोच्च स्तर पर बंद हुआ। बाजार में अच्छी हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में लिवाली के जोर से यह तेजी आई। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 78.70 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,563.45 अंक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 14,590.65 अंक के रिकार्ड स्तर तक गया। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) रहा। इसमें 3.65 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी लाभ में रहीं।

# ट्रंप के खिलाफ महाभियोग को लेकर प्रतिनिधि सभा में मतदान आज

● इस महाभियोग प्रस्ताव में निर्वतमान राष्ट्रपति पर अपने कदमों के जरिए छह जनवरी को राजद्रोह के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है, इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल बिल्डिंग (संसद परिसर) की घेराबंदी के लिए तब उकसाया, जब वहां इलेक्टोरल कॉलेज के मतों की गिनती चल रही थी

भाषा। वाशिंगटन

**कैपिटल बिल्डिंग** (अमेरिकी संसद भवन) पर पिछले सप्ताह हुए हिंसक हमले के मद्देनजर अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर डेमोक्रेटिक नेताओं के नियंत्रण वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में बुधवार को मतदान होगा।

सांसदों जैमी रस्किन, डेविड सिसिलिने और टेड लियू ने महाभियोग का प्रस्ताव तैयार किया है जिसे प्रतिनिधि सभा के 211 सदस्यों ने सह-प्रायोजित किया। इसे सोमवार को पेश किया गया था। सदन में बहुमत के नेता स्टेनी होयर ने सोमवार को अपने पार्टी सहकर्मियों के साथ कान्फ्रेंस कॉल के दौरान कहा कि महाभियोग को लेकर मतदान बुधवार को होगा।इस महाभियोग प्रस्ताव में निर्वतमान राष्ट्रपति पर अपने कदमों के जरिए छह जनवरी को राजद्रोह के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल बिल्डिंग (संसद परिसर) की घेराबंदी के लिए तब उकसाया, जब वहां इलेक्टोरल कॉलेज के मतों की गिनती चल रही थी और लोगों के धावा बोलने की वजह से यह प्रक्रिया बाधित हुई। इस घटना में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई।डेमोक्रेटिक सांसदों के पास ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त मत है, लेकिन सीनेट में रिपब्लिकन नेताओं के पास 50 के मुकाबले 51 का मामूली अंतर से बहुमत है। सीनेट में महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए दो तिहाई सदस्यों के मतों की आवश्यकता होती है।सीनेट में बहुमत के नेता मिच मैकोनल ने कहा है कि अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन में महाभियोग पर मतदान 20 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले नहीं हो सकता। सांसद इल्हान उमर ने बाद में ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के दो आरोप (आर्टिकल) पेश किए। इनमें ट्रंप पर जार्जिया में 2020 राष्ट्रपति पद चुनाव के परिणाम बदलने की कोशिश के लिए सत्ता के दुरुपयोग और तख्तापलट की साजिश रचने के लिए हिंसा को भड़काने के आरोप लगाए गए हैं।उमर ने कहा, मैंने महाभियोग को लेकर अभी अपना प्रस्ताव पेश किया। प्रतिनिधि सभा अब 25वें संशोधन के तहत ट्रंप को हटाने के संबंध में उपराष्ट्रपति (माइक) पेंस और कैबिनेट से अपील करने पर मतदान करेगी। यदि पेंस कार्यवाही नहीं करते हैं और सदन इस सप्ताह महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान करेगा। रिपब्लिकन सीनेटर स्टीव डेन्स ने महाभियोग चलाने की अपील को खारिज किया और रिपब्लिकन नेता मैट गाएट्स ने भी इसे अनावश्यक एवं विभाजनकारी बताया।

## ट्रम्प ने बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह के लिए वाशिंगटन डीसी में आपातकालीन घोषणा जारी की




भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के 20 जनवरी को शपथ ग्रहण समारोह से पहले और उस दौरान हिंसा होने की आशंका को लेकर स्थानीय एवं संघीय अधिकारियों की बढ़ती चिंताओं के बीच देश की राजधानी वाशिंगटन डीसी के लिए एक आपातकालीन घोषणा जारी की।

सोमवार को जारी एक बयान में, व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति के इस कदम से गृह मंत्रालय (डीएचएस) और संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (फेमा) को राहत प्रयासों का समन्वय करने की अनुमति मिल गई है, ताकि स्थानीय लोगों के समक्ष आपातकाल के कारण आने वाली कठिनाइयों को कम किया जा सके।वाशिंगटन डीसी में आपातकालीन घोषणा सोमवार से प्रभावी हो गई, जो 24 जनवरी तक लागू रहेगी। ट्रम्प ने यह घोषणा ऐसे समय में जारी की है, जब पिछले सप्ताह ट्रम्प समर्थक भीड़ ने कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर हमला कर दिया था। इस हमले से राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पदों के लिए में क्रमश: जो बाइडन एवं कमला हैरिस के निर्वाचन को सत्यापित करने की प्रक्रिया बाधित हुई। इस दौरान हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी।व्हाइट हाउस के अनुसार, आपातकालीन घोषणा आवश्यक आपातकालीन उपायों के लिए उचित सहायता भी प्रदान करती है। इसके तहत लोगों की जान बचाने और संपत्ति और सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए उपाए किए जाएंगे। इसके तहत विशेष रूप से, फेमा को आपातकाल के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है।व्हाइट हाउस ने कहा कि आपातकालीन सुरक्षा उपाय, प्रत्यक्ष संघीय सहायता तक सीमित हैं, जिसके लिए 100 प्रतिशत धन संघीय कोष से प्रदान किया जाएगा। डीएचएस के थॉमस जे फारगियोन और फेमा के प्रशासक पीट गेनोर प्रभावित क्षेत्र में अभियान संचालन के लिए संघीय समन्वय अधिकारी हैं।

एफबीआई ने कैपिटल बिल्डिंग में पिछले सप्ताह हुई हिंसा के बाद अब आगाह किया है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यभार संभालने के कुछ दिन पहले उसे वाशिंगटन सहित सभी 50 राज्यों की राजधानियों में हथियारबंद प्रदर्शन आयोजित करने की खबरें मिली है। यूएस नेशनल ग्र्‍ाडस ब्यूरो ने भी अगले सप्ताह दंगों की आशंका को लेकर आगाह किया है।



नापयीताव में म्यामार के सेनाध्यक्ष आंग हेलिंग व चीन के विदेश मंत्री वांग यी एक मुलाकात के दौरान

## दुनिया में अभूतपूर्व उथल-पुथल के दौर में समय और हवा का रुख चीन के पक्ष में: चिनफिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के लिए अगले 30 साल के लिहाज से अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि दुनिया में अभूतपूर्व उथल-पुथल के इस दौर में समय और हवा का रुख चीन के पक्ष में है।शी 2012 में सत्ता में आने के बाद से माओ त्से तुंग के बाद चीन के सबसे शक्तिशाली नेता हैं। माओ ने 1921 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की थी जो 1949 से सत्ता में है। 67 वर्षीय चीनी नेता ने कम्युनिस्ट पार्टी के कैडरों को सोमवार को संबोधित करते हुए कहा कि उनका मानना है कि कोविड-19 महामारी, आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों, पश्चिमी देशों के साथ बिगड़ते रिश्तों और मंद होती अर्थव्यवस्था समेत अनेक चुनौतियों के बावजूद समय और हवा का रुख चीन के पक्ष में है।

## मलेशिया में कोरोना वायरस आपातकाल, संकट में घिरे प्रधानमंत्री को मिल सकती है राहत

एपी। कुआलालंपुर

● मुहयिद्दीन ने कहा है कि महामारी से राहत मिलने पर, जब चुनाव कराना सुरक्षित होगा तब वह आम चुनाव कराएंगे

**मलेशिया के** राजा ने मंगलवार को कोरोना वायरस के लिए आपातकाल पर मुहर लगा दी है, जिससे कम से कम अगस्त महीने तक संसद निलंबित रहेगी और इससे संकटग्रस्त प्रधानमंत्री मुहयिद्दीन यासीन को पद से हटाने के लिए आम चुनाव करवाने के सभी प्रयासों पर रोक लगा जाएगी और उन्हें राहत मिल जाएगी।मुहयिद्दीन ने टेलीविजन पर भाषण में नागरिकों को आश्वासन दिया कि यह आपातकाल सैन्य तख्तापलट नहीं है और इसमें कर्फ्यू नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक अगस्त तक जारी रहने वाले आपातकाल के दौरान भी कमान असैन्य सरकार के हाथों में होगी। आपातकाल अगस्त या उससे पहले तक जारी रहेगा इस बारे में फैसला हालात को देखकर लिया जाएगा।आपातकाल की घोषणा एकाएक ही की गई है। एक दिन पहले ही मुहयिद्दीन ने घोषणा की थी कि मलेशिया का सबसे बड़ा शहर कुआलालंपुर, प्रशासनिक राजधानी पुत्रजया और पांच अत्यंत जोखिम वाले शहरों में लगभग लॉकडाउन जैसी स्थिति होगी जो बुधवार से शुरू होकर दो हफ्तों तक जारी रहेगी।यह सब घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़े दल यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ने मुहयिद्दीन से समर्थन वापस लेने की धमकी दी है ताकि समय से पहले आम चुनाव कराए जा सकें। मुहयिद्दीन ने कहा है कि महामारी से राहत मिलने पर, जब चुनाव कराना सुरक्षित होगा तब वह आम चुनाव कराएंगे। इससे पहले मलेशिया में 1969 में आपातकाल की घोषणा हुई थी जब नस्ली दंगों में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। मलेशिया नरेश द्वारा आपातकाल की घोषणा को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है। इससे पहले नरेश सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह ने अक्टूबर में मुहयिद्दीन के आपातकाल घोषित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।

## क्यूबा आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में

भाषा। वाशिंगटन

**डोनाल्ड ट्रंप** के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के फैसले को पलटते हुए क्यूबा को आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में फिर से शामिल किया है। यह फैसला अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता की कमान संभालने से कुछ दिन पहले लिया गया है।

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने सोमवार को कहा कि अमेरिका की सरकार ने हमेशा ही कास्त्रो शासन की उन संसाधनों तक पहुंच रोकने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिनका इस्तेमाल वह घर पर अपने लोगों को दबाने में करता है। इसके अलावा अमेरिका ने वेनेजुएला और शेष पश्चिमी गोलार्द्ध में उसका हस्तक्षेप रोकने की कोशिश की है।पोम्पिओ ने कहा, विदेश मंत्रालय ने आतंकवादियों को पनाह मुहैया कराकर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के कृत्यों का बार-बार समर्थन करने के कारण क्यूबा को आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में शामिल किया है। उन्होंने कहा, इस कदम के जरिए, हम क्यूबा सरकार को एक बार फिर जवाबदेह बनाएंगे और एक स्पष्ट संदेश देंगे कि कास्त्रो शासन को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को अपना समर्थन और अमेरिकी न्याय व्यवस्था को नष्ट करना बंद कर देना चाहिए। पूर्ववर्ती ओबामा प्रशासन ने क्यूबा को इस सूची से हटा दिया था। क्यूबा को इस सूची में शामिल किए जाने के बाद उसके साथ कारोबार करने वाले देशों और लोगों को दंडित किया जा सकेगा। इस सूची में शामिल देशों को अमेरिकी विदेशी सहायता नहीं मिलती और रक्षा आयात एवं निर्यात संबंधी प्रतिबंध समेत कई प्रतिबंध लगाए जाते हैं।



बैंकाक में आयोजित एक नृत्य कार्यक्रम के दौरान कोरोना वायरस के खतरे को लेकर चेहरे पर मास्क पहने कलाकार

## इंडोनेशिया में भूस्खलन में 26 लोग लापता, 13 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत के एक गांव में भूस्खलन की दो घटनाओं के बाद 26 लोग लापता हो गए। बचावकर्मी लापता लोगो की तलाश कर रहे है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।पश्चिम जावा के सुमेदांग जिले के एक गांव सिहानजुआंग में रविवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा नियंत्रण एजेंसी के प्रवक्ता रादित्य जाटी ने कहा कि बारिश के मौसम के कारण घटना स्थल के आसपास खोज और बचाव अभियान बाधित हुआ है।गौरतलब है कि हाल के दिनों में भारी बारिश और उच्च ज्वार-भाटा के कारण इंडोनेशिया के अधिकांश हिस्सों में भूस्खलन की दर्जनो घटनाएं हुई है और भयंकर बाढ़ आई है।

## अमेरिका के कार्यवाहक गृह सुरक्षा प्रमुख ने कैपिटल हिंसा को लेकर इस्तीफा दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग के कार्यवाहक प्रमुख चैड वोल्फ ने निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों द्वारा पिछले हफ्ते कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) मे की गई हिसा को लेकर इस्तीफा दे दिया है।इससे पहले एफबीआई ने चेतावनी दी है कि 20 जनवरी को नए राष्ट्रपति जो बाइडन के शपथ-ग्रहण समारोह से पहले देशभर मे हथियारबंद प्रदर्शनो की साजिश रची जा रही है। वोल्फ ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह 20 जनवरी को ट्रंप प्रशासन का कार्यकाल समाप्त होने तक पद पर रहेंगे।वोल्फ ने सोमवार को गृह सुरक्षा विभाग के कर्मचारियो को ईमेल लिखकर कहा, मैं यह कदम उठाते हुए दुःखी हूं क्योंकि मेरा इरादा इस प्रशासन का कार्यकाल समाप्त होने तक विभाग की सेवा करने का था।

## ट्विटर की शीर्ष अधिवक्ता भारतवंशी विजया गड्डे की अहम भूमिका थी ट्रंप का ट्विटर अकाउंट बंद करने के पीछे

**न्यूयार्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्विटर अकाउंट स्थाई रूप से निलंबित करने के अभूतपूर्व फैसले के पीछे इस माइक्रोब्लॉगिंग साइट की शीर्ष अधिवक्ता भारतवंशी विजया गड्डे की भूमिका प्रमुख थी। यह फैसला अमेरिकी संसद भवन मे निवर्तमान राष्ट्रपति के समर्थकों के हमले की घटना के बाद लिया गया था।हैदराबाद में जन्मी 45 वर्षीय गड्डे ट्विटर के कानून, लोक नीति एवं विश्वास तथा सुरक्षा की प्रमुख है।शुक्रवार को गड्डे ने ट्वीट किया कि ट्रंप के अकाउंट को और हिसा के जोखिम को देखते हुए ट्विटर से स्थाई रूप से निलंबित किया जाता है। जब ट्रंप का अकाउंट निलंबित किया गया उस वक्त उनके 8.87 करोड़ फॉलोवर थे तथा वह खुद 51 लोगों को फॉलो करते थे। गड्डे की ट्विटर प्रोफाइल के मुताबिक 2011 में इस कंपनी से जुड़ने से पहले वह अमेरिकी कंपनी जूनिपर नेटवर्क्स मे वरिष्ठ विधिक निदेशक थी। वह न्यूयार्क यूनिवर्सिटी लॉ स्कूल के न्यासी बोर्ड मे भी रह चुकी है। उनका बचपन टेक्सास और न्यूजर्सी मे बीता है।

## वेस्ट वर्जीनिया से रिपब्लिकन सांसद ने कहा राष्ट्रपति ट्रंप ने हमें डीसी बुलाया था

**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** डेमोक्रेट नेता जो बाइडन की राष्ट्रपति चुनाव मे जीत को पलटने के समर्थन मे अमेरिकी संसद भवन कैपिटल तक मार्च करने वाले वेस्ट वर्जीनिया से रिपब्लिकन सांसद माइक एजीगर ने एक रेडियो साक्षात्कार मे सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमे डीसी बुलाया था। सांसद ने कहा कि ट्रंप के वफादारो की भीड़ प्रेरणादाई और देशभक्त थी। वेस्ट वर्जीनिया मेट्रो न्यूज से बात करते हुए एजीगर ने कहा, मेरा खयाल है कि राष्ट्रपति ने मिशन का लक्ष्य स्पष्ट कर दिया है। एजीगर कम से कम नौ राज्यो के उन 12 से अधिक सांसदो मे से एक है जो पिछले बुधवार को अमेरिकी संसद भवन पर हमला करने वाली भीड़ का हिस्सा थे और जो चुनाव मे धोखाधड़ी के निराधार आरोपो का समर्थन करते है।केवल एक ही सांसद कैपिटल के भीतर जा सके थे, जिनपर अपराध का आरोप लगा और उन्होने इस्तीफा दे दिया। अन्य सांसदो ने कहा कि उन्होने प्रदर्शन मे शांतिपूर्ण ढंग से हिस्सा लिया था। एजीगर ने कहा, हमारे राष्ट्रपति ने हमे डीसी (वाशिंगटन डीसी) बुलाया था।एफबीआई ने चेतावनी दी है कि नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के 20 जनवरी को पदभार संभालने से पहले 50 राज्यो की राजधानियों और वाशिंगटन मे हथियारबंद लोग प्रदर्शन कर सकते है जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## अफगानिस्तान के प्रभावशाली शिया नेता करीम खलीली पाकिस्तान के दौरे पर

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के प्रभावशाली शिया नेता करीम खलीली पाकिस्तान के दौरे पर है, जहां इस महीने की शुरुआत मे शिया समुदाय के 11 कोयला खनिको की हत्या कर दी गई थी। मारे गए लोगो मे नौ अफगानी अप्रवासी थे। दक्षिण पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत मे इस्लामिक स्टेट समूह के आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर मारे गए खनिक अल्पसंख्यक हजारा समुदाय से थे। पाकिस्तान मे समुदाय की दुर्दशा के खिलाफ एक सप्ताह तक प्रदर्शन के बाद शनिवार को उन्हें दफना दिया गया।

## इमरान खान ने दुबई के शाही परिवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित पक्षी का शिकार करने की अनुमति दी



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** सरकार ने दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मख्तूम और शाही परिवार के छह अन्य सदस्यों को 2020-21 के शिकार के मौसम के दौरान अंतराष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित पक्षी हुबारा बस्टर्ड का शिकार करने की विशेष अनुमति दी है।डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इससे पहले अरब के शाही परिवार को ऐसी अनुमति देने का विरोध कर चुके प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस बार व्यक्तिगत रूप से अनुमति पत्र जारी किए हैं।सूत्रों के हवाले से दी गई खबर के अनुसार, विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल विभाग के उपप्रमुख ने प्रधानमंत्री की मंजूरी के बाद ए दस्तावेज जारी किए। अनुमति पत्र (परमिट) इस्लामाबाद स्थित संयुक्त अरब अमीरात के दूतावास को भेज दिए गए हैं।दुबई के शासक राशि अल-मख्तूम के अलावा जिन लोगों को परमिट जारी किए गए हैं उनमें वलीअहद (युवराज), उपशासक, वित्त और उद्योग मंत्री, पुलिस के उपप्रमुख, सेना के एक अधिकारी, शाही परिवार के दो सदस्य और एक उद्योगपति शामिल हैं।विपक्ष में रहते हुए खान ने अरब के धनी परिवारों द्वारा संरक्षित पक्षियों के शिकार का हमेशा विरोध किया था। ए परिवार हर साल संरक्षित या लुप्तप्राय पक्षियों का शिकार करने पाकिस्तान आते हैं।सऊदी के शाहजादा सुल्तान बिन अब्दुल अजीज सउद ने कहा था कि 2014 में उन्होंने 21 दिनों में अभयारण्यों और संरक्षित क्षेत्रों में।,977 पक्षियों का शिकार किया जबकि उनके साथ आए लोगों ने 123 पक्षियों का शिकार किया। उस दौरान कुल 2,100 पक्षियों का शिकार किया गया। इसकी काफी आलोचना हुई थी, लेकिन शिकार अभी भी जारी है।

## पोलियो टीकाकरण टीम पर हमले में एक पुलिस कर्मी की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में मंगलवार को पोलियो टीकाककरण टीम पर आतंकवादियों के हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले के लतंबर इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने टीम पर हमला किया। पुलिसकर्मी टीम को सुरक्षा प्रदान कर रहे थे। इस दौरान इलाके में गश्त कर रहे एक पुलिसकर्मी की गोलीबारी के दौरान मौत हो गई। किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।दुनियाभर में पाकिस्तान और अफगानिस्तान ऐसे देश हैं, जहां पोलियो महामारी अभी भी मौजूद है। इससे पहले भी टीकाकरण के प्रयासों में आतंकवादी बाधा पहुंचाते रहे है। उनका आरोप है कि टीकाकरण अभियानों से पश्चिमी जासूसों को मदद मिलती है। दरअसल साल 2011 में अमेरिकी कमांडो ने पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी और अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था। बाद में खुलासा हुआ था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने लादेन को पकड़ने के लिए फर्जी हेपेटाइटिस टीकाकरण अभियान चलाया था। इस खुलासे के बाद के वर्षों में पाकिस्तान में टीकाकरण अभियानों पर हमले बढ़ गए थे। पाकिस्तान में पोलियो रोधी सप्ताह के दूसरे दिन यह हमला हुआ है। देश में 4 करोड़ बच्चों को पोलियो का टीका लगाने के लिए सोमवार को पांच दिवसीय राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया गया था।

## एफबीआई ने देशभर में हथियारबंद प्रदर्शनों को लेकर किया आगाह

भाषा। वाशिंगटन

**एफबीआई ने** कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में पिछले सप्ताह हुई हिंसा के बाद अब आगाह किया है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यभार संभालने के कुछ दिन पहले उसे वाशिंगटन और सभी 50 राज्यों की राजधानियों के संसद भवनों पर हथियारबंद प्रदर्शन आयोजित करने की सूचना मिली है।अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों और चरम दक्षिणपंथी ऑनलाइन नेटवर्कों ने कई तारीखों पर हथियारबंद प्रदर्शन का आह्वान किया है। इनमें 17 जनवरी को देश के कई शहरों में हथियारबंद प्रदर्शन और बाइडन के उद्घाटन दिवस के दिन वाशिंगटन डीसी में मार्च करने की योजना शामिल है।सीएनएन और अन्य मीडिया समूहों को मिली संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) की बुलेटिन के अनुसार, 16 जनवरी से कम से कम 20 जनवरी तक 50 राज्यों के संसद भवनों पर हथियारबंद प्रदर्शन की साजिश है और यूएस कैपिटल पर 17 जनवरी से 20 जनवरी तक... बाइडन 20 जनवरी को अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति और भारतीय-अफ्रीकी कमला हैरिस उप राष्ट्रपति पद की पर शपथ ग्रहण करेंगी। बाइडन ने सोमवार को पत्रकारों से कहा था कि वह यूएस कैपिटल के बाहर शपथ लेने से नहीं डरते। बाइडन और हैरिस दोनों के अब भी इमारत के बाहर ही शपथ ग्रहण करने की उम्मीद है।गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हार स्वीकार नहीं की है और वह लगातार तीन नवम्बर को हुए चुनाव में धोखाधड़ी के बेबुनियाद दावे करते रहे हैं। उनके इन दावों के बीच ही, कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थकों ने धावा बोला था और हिंसा की थी, जिसमें कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी।एफबीआई ने पिछले सप्ताह हुए दंगों से पहले कम से कम एक बुलेटिन जारी किया था। अन्य अधिकारी ने बताया कि 29 दिसम्बर को सांसदों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हथियारबंद प्रदर्शन को लेकर आगाह किया गया था।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 13 जनवरी, 2021




## कीर्ति कुलहरि ने 'उरी...' को किया याद

**अभिनेत्री** कीर्ति कुलहरी ने उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक, फिल्म का स्मरण किया है जो उन्होंने आज से दो साल पहले की थी। उन्होंने बताया, 'फ्लाइट लेफ्टिनेंट सीरत कौर दर्शकों तथा मेरे लिए भी एक स्मरणीय चरित्र था। मेरा परिवार रक्षा सेवा में ही रहा है। मेरे पिता अवकाश प्राप्त नौसैनिक अधिकारी थे और मेरी बहन और जीजा आज भी लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में आज भी सेवाएं दे रहे हैं। अत: फिल्म मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हो गई थी।




कीर्ति ने बताया, 'मैंने रोल से जुड़ी कई बातें सीखीं, मैंने इसीलिये दौड़ना भी प्रारंभ किया। पिस्टल, मशीन गन तथा रायफल से फायर करना भी सीखा। इसी के लिए मैं एक वास्तविक एमआई 17 जहाज के कॉकपिट के भीतर बैठी भी। फिल्म से जुड़े हर व्यक्ति को मेरे कोटिष: धन्यवाद!'

## अरमान को है समाज से शिकायत



**गायक** तथा अभिनेता अरमान मलिक का कहना है कि 'हम ऐसे समाज में रहते हैं जहां हम किसी भी विषय के बारे में अपनी भावनाओं को सही ढंग से व्यक्त करने में हिचकते हैं क्योंकि लोग इनसे हमें जज करने लग जाएंगे। लोग आपको बुरा-भला कहनें लगेंगे और आपका जीवन दुरूह बना देंगे। एक व्यक्ति के रूप में क्या हम ऐसे ही आगे बढ़ना चाहते थे? चूंकि हममें से कुछ अपनी भावनाएं सही ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते तो ये विचार ही भीतर अटक कर तनाव, चिंता के रूप में हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती पेश करते हैं।'

## बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई को आगे आए सोनू सूद



**अभिनेता** सोनू सूद ने एक उन छात्रों की मदद करने का निर्णय किया है जो स्मार्ट फोन के अभाव में ऑनलाइन कक्षाएं न कर पाने के चलते शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस बारे में उनसे पूछे जाने पर उनका कहना था, 'लॉकडाउन के दौरान मैंने ये महसूस किया कि कई बच्चे स्मार्ट फोन न होने के कारण कक्षा न कर पाने के चलते शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो जा रहे थे। मैं एक ऐसा प्लेटफॉर्म लॉन्च कर रहा हूं जिसपर वो लोग जिनके पास फोन नहीं है, उन्हें भी विकल्प मिल सकेगा। किसी को भी शिक्षा से वंचित न रहना पड़ें।'

## टॉम हॉलैंड ने अल्प समय में 30 पाउंड वजन घटाया, बढ़ाया भी

**हॉलिवुड** स्टार टॉम हॉलैंड ने आने वाली अपनी फिल्म 'चेरी' के लिए अपना वजन 30 पांउड कम कर लिया है। इसके बाद उन्होंने अपना भार पहले जैसा वापस पाने में भी सफलता प्राप्त की। फिल्म के एक निर्देषक जो रूसो ने बताया, 'टॉम ने वास्तव में अपनी भूमिका के लिए अपना भार कम कर लिया था। उसने 30 पाउंड कम किया और इसे बाद में वापस भी पा लिया। हम यहां व्यक्तिगत स्तर पर फिल्म के संबंध में आए हैं और उसके पास ये सब करने के लिए उतना समय भी नहीं था।' इस अपराध कथा वाली फिल्म का निर्देशन भी एंथनी रूसो कर रहे हैं। फिल्म में 24 वर्षीय अभिनेता टॉम हॉलैंड सेना के एक मेडिकल अधिकारी की भूमिका कर रहे हैं जो पीटीएसडी डिसॉर्डर नामक एक बीमारी से पीड़ित होते हैं। हॉलैंड इससे पहले एवेंजर्स फिल्म में जिसका निर्देशन भी जो तथा एंथनी रूसो ने ही किया था, में हॉलैंड स्पाइडर मैन का चरित्र निभा चुके हैं।



# 'बचपन से ही कोई रचनात्मक काम ही करना चाहती थी'

**दो साल बाद अभिनय में वापसी करने और एंड टीवी चैनल पर चल रहे शो येशु में मैरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सोनाली निकम ने बात की पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना से, और जाना इसमें उनकी भूमिका, इस शो से जुड़ने के पीछे की कहानी और अभिनय क्षेत्र में आने के उनके कारण आदि के बारे में। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-**



**■ आप दो साल तक अभिनय से दूर रहीं। इसके पीछे क्या कारण थे?**

'एक विवाह ऐसा भी' शो के बाद मैंने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लि ब्रेक लेने का निर्णय लिया। मैंने इस बीच भी कई शोज़ के लिए भूमिकाओं के प्रस्ताव मिले लेकिन कोई भी सार्थक भूमिका न होने के कारण मैंने वो नहीं लिये। लेकिन हाल ही में ज़ी टीवी पर 'कुरबान हुआ' में मैंने कैमयो के रूप में दूसरी लीड भूमिका की थी।

**■ येशु में आपकी क्या भूमिका होगी?**

मैं इसमें येशु की मां मैरी की भूमिका कर रही हूं जो अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। वो अपने बेटे को सही दिशा दिखाने और उसपर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। उन्हें प्रार्थनाओं में निश्छल मां और शांति दूत के रूप में प्रस्तुत किया जाता रहा है। मैरी एक साहसी महिला हैं और ईश्वर में उनकी अगाध आस्था है। अपने पूरे जीवन भर उन्होंने सत्य का साथ नहीं छोड़ा और वो सच को जीने में ही विश्वास रखती हैं। अपने बचपन से लेकर मां बनने तक मैरी हर पल का आनंद लेती रही हैं और मां और पत्नी की भूमिका में भी उन्होंने अपने हर दायित्व का निर्वाह किया है।

**■ आपने इस रोल के लिए सहमति क्या सोचकर दी थी?**

मैंने इसलिये इसे करना स्वीकार किया था क्योंकि इससे पहले टीवी पर इस कहानी को प्रस्तुत नहीं किया गया था। मुझे ईश्वरीय अनुकंपा रही कि ये रोल मुझे करने को मिला। मैरी का रोल मुझे मिलना मेरे लिए बड़ी बात है इसके साथ ही कहना चाहूंगी कि मैंने इसे इसलिये किया था क्योंकि ये मेरे द्वारा अब तक की गई सभी भूमिकाओं से अलग थी। इस चरित्र के कई आयाम हैं। वो अपने माता-पिता की कर्तव्यपरायण बेटी थीं। अपनी चचेरी बहन के लिए आदर्श साथी और मित्र तथा पति जोसेफ के लिए एक निष्ठावान तथा प्यारी पत्नी और अंतत: येशु के लिए अच्छा मार्गदर्शन देने वाली मां। ये रोल अपने साथ कई प्रकार के दायित्व भी लाया है।

**■ येशु की कहानी किस प्रकार की है?**

इसकी कहानी अच्छाई और बुराई के बीच के संघर्ष पर आधारित है इसके अलावा इसमें येशु की मदद को हर बार प्रस्तुत रहने वाली मां की कहानी को भी प्रखरता से प्रस्तुत किया गया है। ये रोल मुझे एक प्रकार से उपहारस्वरूप मिला है और मैं इसकी व्यग्रता से प्रतीक्षा कर रही हूं।

**■ इस प्रोजेक्ट से आपके जुड़ने के पीछे क्या कारण थे?**

मैंने ये रोल समुचित ऑडिशन के बाद ही पाया है। मुझे इसके निर्माताओं का फोन आया था। उन्होंने मेरे काम को पहले देखा हुआ था और उन्हें लग रहा था कि इस रोल के लिए मैं सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति हूं। इसके बाद उन्होंने मुझे ऑडिशन आदि के लिए बुलाया और उसे रिकॉर्ड्र भी किया, क्योंकि ये सब लॉकडाउन में हो रहा था। मैंने दो या तीन ऑडिशन दिये इसके अलावा उनकी संतुष्टि के लिए कुछ शूटिंग भी की। इसके बाद हुए वार्तालाप के बाद हर पहलू को अंतिम रूप दे दिया गया।

**■ मैरी का चरित्र करना वैसे कितना कठिन हो सकता है?**

मुझे इस चरित्र के लिए काफी तैयारी करनी पड़ी थी। हमें अपनी रचनात्मक तथा शोध टीम के साथ कई बार सत्र आयोजित करने पड़े थे। हमें चैनल तथा निर्माताओं का भी समर्थन प्राप्त था। उनकी मदद से ही हमें येशु के जीवन की कई बातों तथा लोगों द्वारा उनके साथ किये गए व्यवहार के बारे में पता चल पाया। मैरी के चरित्र की तैयारियों के लिए हमें इससे बहुत सहायता मिली। मैं पहले भी ध्यान लगाती रही हूं। लेकिन रोल मिलने के बाद मैं ये और अधिक करने लगी थी। ये चरित्र अच्छा और प्यारा तो है ही अत: मुझे इसे सही ढंग से निभाने के लिए आंतरिक शांति की महती आवश्यकता थी।

**■ आपका एक अन्य चरित्र जस्सी इतना लोकप्रिय क्यों हो गया, आप इस बारे में क्या सोचती हैं?**

इसके दो कारण थे। पहला तो इसकी रोचक कहानी है और दूसरा कारण था आधे अधूरे नाम के धारावाहिक में जस्सी स्वयं ही इसकी लोकप्रियता का एक कारण बन चुकी थी। उसके जैसा चरित्र हमें यदा-कदा ही देखने को मिलता है। हम उन बातों के बारे में कुछ भी बात नहीं करते जो सीरीज़ में दिखाई गई हैं। संभवत: जस्सी की लोकप्रियता के यही कारण रहे होंगे। ये मेरा सौभाग्य ही माना जाएगा कि मुझे इतने सटीक और विविधतापूर्ण रोल मिलते हैं।

**■ अभिनय के क्षेत्र में आपका आना कैसे संभव हुआ?**

स्नातक करने के बाद मैं सोच ही रही थी कि क्या करना है तभी एक पारिवारिक मित्र से विज्ञापन संबंधी एक प्रस्ताव मिला। इसके बाद जब मैं इस इंडस्ट्री आदि के बारे में जानकारी करने के लिए उनसे मिली तो फिर मुझे वहां काम करने की रुचि जागृत हो गई। मैं वैसे भी 9 से 5 बजे तक कंप्यूटर के सामने बैठ कर काम नहीं कर सकती थी। मैं ऐसा काम ढूंढ रही थी जिसके माध्यम से मैं स्वयं को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त कर सकूं। अभिनय ने मुझे ये अवसर उपलब्ध करा दिया।

**■ क्या आपकी किसी भूमिका ने आप पर गहरा प्रभाव डाला है?**

मैं कह सकती हूं कि जस्सी ही ऐसी भूमिका थी। इसमें पेशेवर तथा व्यक्तिगत दोनों संतुष्टि थीं। वैसे इस जीवन को लेकर मेरे भीतर कई प्रश्न कौंधते रहते थे। लेकिन ये शो करने के बाद मैंने अनुभव किया कि जीवन में कुछ भी सही-गलत नहीं होता। ये केवल आपकी दृष्टि और तात्कालिक परिस्थिति पर निर्भर करता है। हम इसके बारे में कुछ भी निर्णयात्मक रूप से नहीं कह सकते। उस भूमिका ने मुझे काफी कुछ सिखाया था। इसके बाद ही लोग मुझे एक परिपक्व अभिनेत्री के रूप में जानने लगे थे।

## इफ्फी ने फेस्टिवल क्लाइडोस्कोप के तहत 12 विदेशी फिल्मों के नाम किए जारी

**भाषा। नई दिल्ली**

**आगामी** भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के लिए मंगलवार को 12 विदेशी फिल्मों के नामों की घोषणा हुई है। ये फिल्में 51वें इफ्फी महोत्सव के कलाइडोस्कोप वर्ग में दिखाई जाएंगी। इनमें से तीन फिल्में नाइट ऑफ द किंग्स, लव अफेयर्स और द बिग हिट फ्रांस की हैं। प्रत्एक साल इस वर्ग में दुनिया की बेहतरीन चुनिंदा फिल्मों को दिखाया जाता है। फ्रांस की फिल्मों के अलावा उरुग्वे की फिल्म विंडो बॉय वुड ओल्सो लाइक टू हैव ए सबमरिन, कोलंबिया की फिल्म फॉरगोटेन वी विल बी, इराक की फिल्म हरीफा स्ट्रीट, ब्राजील और जर्मनी की फिल्म वी स्टील हैव द डीप ब्लैक नाइट और लिथुआनिया की फिल्म पार्थेनॉन शामिल हैं। वहीं अन्य फिल्मों में ग्रीस की फिल्म एप्पल्स है। यह फिल्म 93वें ऑस्कर समरोह में ग्रीस की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म की प्रविष्टि भी है। इसके अलावा स्विट्जरलैंड की फिल्म माय लिट्ल सिस्टर, इजराइल की द डेथ ऑफ सिनेमा एंड माई फादर टू और पोलैंड की फिल्म वैली ऑफ गॉड्स शामिल है। गोवा में प्रत्एक साल इस महोत्सव का आयोजन 20-28 नवंबर के बीच होता है लेकिन पिछले साल इसे कोरोना वायरस महामारी की वजह से से स्थगित कर दिया गया था और अब इसका आयोजन 16 जनवरी से 24 जनवरी के बीच होगा। विभिन्न श्रेणियों में यहां 224 फिल्में कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर ऑनलाइन और तय संख्या में दर्शकों की मौजूदगी में दिखाई जाएंगी।

## विजय सेतुपति के साथ काम करेंगी कैटरीना कैफ



**मुंबई।** बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार विजय सेतुपति के साथ काम करती नजर आयेंगी। बॉलीवुड में चर्चा है कि कैटरीना कैफने एक फिल्म साइन की है और वह इस फिल्म में साउथ स्टार विजय सेतुपति के ऑपोजिट नजर आएंगी। कैटरीना कैफ निर्देशक श्रीराम राघवन की अगली फिल्म में काम करेंगी और इस फिल्म में विजय सेतुपति लीड रोल में नजर आएंगे। कैटरीना कैफ इस समय अपनी फिल्म 'सूर्यवंशी' के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं। कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन के कारण यह फिल्म रिलीज नहीं हो पाई थी। निर्देशक रोहित शेट्टी की इस फिल्म में कैटरीना के साथ अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसके अलावा कैटरीना कैफ हॉरर कॉमिडी 'फोन भूत' में सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ काम कर रही हैं। वहींए विजय सेतुपति सुपरहिट तमिल फिल्म 'मानागरम' के हिंदी रीमेक के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का निर्देशन संतोष सिवन करेंगे और विजय सेतुपति हास्य भूमिका निभाएंगे।

## जान्हवी कपूर ने गुड लक जेरी की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म गुड लक जेरी की शूटिंग शुरू कर दी है। जान्हवी कपूर बैक टू बैक कई फिल्मों में नजर वाली हैं। इस बीच उनकी फिल्म गुड लक जेरी का फर्स्ट लुक सामने आया चुका है। फिल्म की शूटिंग पंजाब में शुरू हो गई है। जान्हवी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। जिसमें जान्हवी ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रही हैं, उन्होंने नीले कलर का सलवार सूट पहना हुआ और ऑरेंज कलर के दूपट्टा डाला हुआ है और इस फोटो में वो मुस्कुराती दिख रही हैं। जान्हवी ने फोटो को शेयर कर कैप्शन लिखा, 'गुडलकजेरी'। फिल्म की शूटिंग शूरू होने की जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर अकांउट पर दी। तरण ने अपने ट्विटर पर फिल्म के फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा कि जान्हवी कपूर ने आनंद एल राय प्रोडक्शन की फिल्म गुड लक जेरी की शूटिंग पंजाब में शुरू कर दी है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग मार्च 2021 तक जारी रहेगी। फिल्म सिद्धार्थ सेनगुप्ता द्वारा निर्देशित है। फिल्म में जान्हवी कपूर के अलावा दीपक डोबरियाल, मीता वशिष्ठ और नीरज सूद नजर आएंगे।

## दुबई लकी ड्रॉ में दो प्रवासी भारतीयों ने जीता 250 ग्राम सोना

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दो प्रवासी भारतीयों ने दुबई शॉपिंग फेस्टिवल में 250 ग्राम सोना जीता है। गल्फ न्यूज ने मंगलवार को खबर दी कि भारतीय विजेताओं की पहचान क्रिस्टीना एएस और इरफान खान के रूप में हुई है। इस अखबार से क्रिस्टीना ने कहा, अप्रत्याशित साल के आखिर में यह आश्चर्यजनक पुरस्कार जीतना बहुत बड़ी राहत है। मैं अपने परिवार के साथ इस ड्रॉ में उतरी थी और मैं इतना खुश हूं कि मैं जीतने वालों में एक हूं। खान ने कहा, मेरी जिंदगी में यह पहली बार है कि मैंने कुछ जीता है। दुबई बहुत उदार शहर है, जो हमेशा लॉटरियां और प्रतियोगिताएं आयोजित करता रहा है और यहां तीन साल रहने के बाद तब मैं चकित हो गया, जब मैं जीत गया। मैं अभिभूत हूं। दुबई शॉपिंग फेस्टिवल में हर रोज चार लकी विजेताओं को 250 ग्राम सोने के पुरस्कार के लिए चुना जाता है। इसके लिए व्यक्ति को 180 दुबई गोल्ड एंड ज्वेलरी ग्रुप की दुकानों में किसी से गहने खरीदने होते हैं।

## धरती से हर साल लुप्त हो रहे 1 से 2 प्रतिशत कीट

**एपी। वाशिंगटन**



फाइल फोटो

**दुनिया** के 502 से ज्यादा वैज्ञानिकों का मानना है कि धरती से कीट बहुत तेजी से लुप्त हो रहे हैं और यह चिंता का विषय है। कनेक्टिकट विश्वविद्यालय के कीट विशेषज्ञ डेविड वागनर का कहना है कि जलवायु परिवर्तन, कीटनाशकों, खर-पतवार नाशक, रौशनी के प्रदूषण, घुसपैठिया प्रजातियों, कृषि और भूमि के उपयोग में बदलाव के कारण धरती से संभवत: हर साल एक से दो प्रतिशत कीट लुप्त हो रहे हैं। वागनर नेशनल एकाडमिज ऑफ साइंस की सोमवार की कार्यवाही में 12 अध्ययनों के विशेष पैकेज के मुख्य लेखक हैं। इसे दुनिया भर के 56 वैज्ञानिकों ने लिखा है। इस समस्या को कई बार कीटों के लिए प्रलय कहा जाता है और यह किसी पहेली की तरह है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उनके पास इस पहेली को हल करने के लिए अभी तक पर्याप्त सूचना और साक्ष्य नहीं है, ऐसे में उन्हें इसे दुनिया के सामने पेश करने और इस संबंध में कुछ भी करने में दिक्कत आ रही है। वागनर ने कहा कि वैज्ञानिकों को यह पता लगाने की जरूरत है कि कीटों के लुप्त होने की दर क्या अन्य किसी भी प्रजाति के मुकाबले ज्यादा है? उन्होंने कहा, इनके बारे में चिंता करने के कुछ विशेष कारण हैं, क्योंकि उन्हें कीटनाशकों, खर-पतवार नाशक और रौशनी के प्रदूषण के जरिए निशाना बनाया जा रहा है।

## राजाजी अभयारण्य में बाघ बाड़े से गायब

**भाषा। ऋषिकेश**



**बाघ** पुनर्वास परियोजना के तहत हाल में कार्बेट बाघ अभयारण्य (सीटीआर) से राजाजी बाघ अभयारण्य (आरटीआर) स्थानांतरित किया गया पांच वर्षीय बाघ कहीं अन्यत्र चला गया है, जिससे वन विभाग में हड़कंप मचने के साथ ही राजाजी पार्क के बाहरी क्षेत्र में बसी आबादी में दहशत फैल गई है। बाघ को स्थानांतरित कर आरटीआर की मोतीचूर रेंज के बाड़े में रखा गया था। उसके बाड़े में मौजूद न होने की जानकारी सोमवार शाम को मिली। वन कर्मी रेडियो कॉलर से निगरानी के आधार पर उसकी मौजूदगी का पता लगा रहे थे, लेकिन रेडियो कॉलर बाड़े में ही पड़ा मिला, जबकि बाघ वहां नहीं है। उत्तराखंड के प्रमुख मुख्य वन संरक्षक राजीव भरतरी ने इस घटनाक्रम को परियोजना के लिए धक्का बताया और स्वीकार किया कि मौजूदा हालात में इस बाघ की निगरानी बहुत कठिन हो गई है। भरतरी ने भाषा को बताया कि इस चुनौती से निपटने के लिए बाघ पुनर्वास की राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशानिर्देशों के आधार पर समीक्षा की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। आरटीआर सूत्रों ने बताया कि बाड़े से भागे बाघ को ढूंढने में पूरी ताकत लगा दी गई है। इस घटना से आरटीआर के बाहरी क्षेत्र में बसी आबादी के लोग भी दहशत में आ गए हैं।



अमृतसर में मंगलवार को लोहड़ी के अवसर पर पतंग उड़ातीं युवतियां — पायनियर